

पंजाब के बरनाला में किसानों को महापंचायत ले जा रही एक बस हादसे का शिकार हो गई। हादसे में 3 महिला किसानों की मौत हो गई, जबकि 30 से ज्यादा किसान घायल हो गए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 19 अंक: 05 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group




## आदर्श विचार



"सफलता उसी व्यक्ति को मिलती हैं, जिसका स्वयं की इन्द्रियों पर बस हो।- भगवत गीता"

## मन की बात



"बाहरी प्रकृति केवल आंतरिक प्रकृति बड़ी है।"

-स्वामी विवेकानंद

# ग्रामीण गरीबी घटकर 5 प्रतिशत से भी कम हुई : प्रधानमंत्री मोदी

● जिन्हें किसी ने नहीं पूछा, उन्हें मोदी ने पूजा है: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**खरे उतरे**

**2014 से वह ग्रामीण भारत की सेवा में जुटे हैं और आज ग्रामीण भारत में ग्रामीण गरीबी 5 प्रतिशत से नीचे आ गयी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने देश के विकास की अनदेखी करने और गरीबी हटाओ के केवल नारे लगाने को लेकर पिछली सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2014 से वह ग्रामीण भारत की सेवा में जुटे हैं और उसी का परिणाम है कि आज ग्रामीण भारत में ग्रामीण गरीबी 5 प्रतिशत से नीचे आ गयी है। प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में शनिवार को ग्रामीण भारत महोत्सव-2025 के उद्घाटन के बाद कहा कि ग्रामीण भारत महोत्सव के साथ वर्ष की शानदार शुरूआत भारत की विकास यात्रा को दशार्ती है और एक विशिष्ट पहचान बनाती है। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और अन्य योगदानकताओं को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने एसबीआई की ताजा शोध रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि कल ही स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट आई है, जिसके अनुसार 2012 में भारत में ग्रामीण गरीबी करीब 26 प्रतिशत थी। जबकि 2024 में ग्रामीण गरीबी घटकर 5 प्रतिशत से भी कम हो गई है। कांग्रेस के गरीबी हटाओ के नारे पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि सालों से गरीबी हटाओ के नारे सुनाई देते रहे लेकिन अब वास्तव में गरीबी कम हो गई है। मोदी ने कहा कि पहले की सरकारों ने एससी-एसटी-ओबीसी की आवश्यकताओं की ओर ध्यान नहीं दिया।



### किसानों को तीन लाख करोड़ रुपये की आर्थिक मदद दी

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के जरिए देश को किसानों को तीन लाख करोड़ रुपये की आर्थिक मदद दी जा रही है। बीते 10 वर्षों में कृषि ऋण साढ़े तीन गुना बढ़ गए हैं। अब पशुपालकों और मछली पालकों को भी किसान क्रेडिट कार्ड दिए जा रहे हैं। हमने बीते 10 वर्षों में फसलों पर दी जाने वाली को बढ़ाया है। हमने स्वामित्व योजना जैसे अभियान चलाए हैं, जिनके जरिए गांव के लोगों को संपत्ति के दस्तावेज दिए जा रहे हैं। आज गांव के युवाओं को मुद्रा योजना, स्टार्टएप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया जैसी योजनाओं के जरिए मदद की जा रही है। किसानों को फसलों का सही दाम मिले, इसके लिए साल 2021 में अलग मंत्रालय का गठन किया गया।

### हमने सब्सिडी बढ़ाकर डीएपी का दाम स्थिर रखा: पीएम

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि दो-तीन दिन पहले ही कैबिनेट ने 'पीएम फसल बीमा योजना' को एक वर्ष अधिक तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है। दुनिया में डीएपी का दाम बढ़ रहा है, आसमान छू रहा है, लेकिन हमने निर्णय किया कि हम किसान के सिर पर बोझ नहीं आने देंगे और हमने सब्सिडी बढ़ाकर डीएपी का दाम स्थिर रखा है। हमारी सरकार की नीयत, नीति और निर्णय ग्रामीण भारत को नई ऊर्जा से भर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि के अलावा भी हमारे गांव में अलग-अलग तरह के पारंपरिक कला और कौशल से जुड़े हुए कितने ही लोग काम करते हैं। रूरल इकोनॉमी और लोकल इकोनॉमी में इनका बड़ा योगदान रहा है, लेकिन पहले इनकी भी उपेक्षा हुई।



भारतीय-अमेरिकी उद्यमी और इंफोसिस के पूर्व सीईओ विशाल सिक्का ने भारत के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की परिवर्तनकारी क्षमता पर चर्चा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने इस मुलाकात को एक ज्ञानवर्धक बातचीत बताया और कहा कि भारत एआई में अग्रणी बनने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सेना का ट्रक खाई में गिरा... चार जवानों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में बड़ा हादसा हुआ है। सेना का एक वाहन खाई में गिर गया। हादसे में चार सैनिकों की मौत हो गई। जबकि दो अन्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर राहत एवं बचाव कार्य चल रहा है। जानकारी के अनुसार, जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में शनिवार दोपहर यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि फिसलन के कारण सेना का एक ट्रक पहाड़ी से नीचे खाई में गिर गया। इस हादसे में चार जवानों की मौत हो गई। जबकि दो घायल हो गए। इनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

## दिल्ली विस चुनाव: भाजपा ने जारी की 29 उम्मीदवारों की पहली सूची



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को 29 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। महत्वपूर्ण नई दिल्ली विधान सभा सीट से अरविंद केजरीवाल के खिलाफ भाजपा ने प्रवेश साहिब सिंह वर्मा और कालकाजी सीट से मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ रमेश बिधूड़ी को चुनावी मैदान में उतारा गया है। इसके अलावा आप से बगावत कर के भाजपा में शामिल होने वाले कैलाश गहलोत को बिजवासन सीट से टिकट दिया गया है। 29 उम्मीदवारों की सूची में भाजपा ने आदर्श नगर सीट से राज कुमार भाटिया, बादली सीट से दीपक चौधरी, नई दिल्ली सीट से प्रवेश वर्मा, कालकाजी सीट से रमेश बिधूड़ी, बिजवासन सीट से कैलाश गहलोत, मालवीय नगर सीट से सतीश उपाध्याय, गांधीनगर सीट से अरविन्दर सिंह लवली, रोहिणी सीट से विजेंद्र गुप्ता, करोल बाग सीट से दुष्यंत गौतम, राजौरी गार्डन सीट से मनजिंदर सिंह सिरसा, जनकपुरी सीट से आशीष सूद को टिकट दिया है। इसके अलावा रिठाला से कुलवंत राणा, नांगलोई जाट से मनोज शौकीन, मंगोलपुरी (अजा) से राजकुमार चौहान, शालीमार बाग से रेखा गुप्ता, मॉडल टाउन से अशोक गोयल, पटेल नगर से राजकुमार आनंद, जंगपुरा से सरदार तरविंदर सिंह मारवाह, आरके पुरम से अनिल शर्मा, महरौली से गजेंद्र यादव, छतरपुर से करतार सिंह तंवर, अंबेडकर नगर से खुशीराम चुनार, बदरपुर से नारायण दत्त शर्मा, पटपड़गंज सीट से रवींद्र सिंह नेगी, विश्वास नगर से ओम प्रकाश शर्मा, कृष्णा नगर से अनिल गोयल, सीमापुरी (अजा) से कुमारी रिंकू, रोहतास नगर से जितेंद्र महाजन और घोंडा से अजय महावर को टिकट मिला है।

**ताल ठोकेंगे**

**नई दिल्ली विधान सभा सीट से केजरीवाल के खिलाफ भाजपा ने प्रवेश साहिब सिंह वर्मा से ताल ठोकेंगे**

## 10 साल में दिल्ली में 68 हजार करोड़ रुपये के आधारभूत संरचना के काम किये: शाह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के शहरी विकास को नीतिगत आधार देने का काम किया है। मोदी सरकार ने 10 साल में दिल्ली में 68 हजार करोड़ रुपये के आधारभूत संरचना के काम किये हैं। शाह नई दिल्ली में कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास 'सुषमा भवन' और एडवांस पशु केयर सेंटर का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। छात्रावास का नाम पूर्व विदेश मंत्री एवं भाजपा नेत्री सुषमा स्वराज के नाम पर रखा गाय है।

## हरियाणा में पर्यटन को बढ़ावा देने पर होगा विशेष फोकस: डॉ अरविंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** बैठक में सहकारिता और पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा में पर्यटन को बढ़ावा देने पर विशेष फोकस किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में अगले 6 माह में पर्यटन विभाग द्वारा नई - नई योजनाओं को क्रियान्वित करते हुए हरियाणा टूरिज्म को बढ़ावा दिया जायेगा और पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए अनेक प्रकार की सुविधाएँ बढ़ाई जाएँगी।

## हरियाणा को बनाएंगे स्टार्टअप्स का हब: सीएम



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा को स्टार्टअप्स के लिए एक अग्रणी हब के रूप में स्थापित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। हरियाणा स्टार्टअप्स का एक प्रमुख केंद्र बने, इसके लिए राज्य सरकार द्वारा समर्पित प्रयास किए जा रहे हैं और सरकार का ध्येय है कि मेक इन इंडिया और स्टार्टअप इंडिया के तहत देशभर में हरियाणा की एक अनूठी पहचान बने, जो न केवल आर्थिक विकास का माध्यम बने, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसरों के द्वार भी खोले।

मुख्यमंत्री हरियाणा के स्टार्टअप उद्यमियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सहकारिता और पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा भी उपस्थित रहे।

**अग्रणी हब**

***वित्त वर्ष 2025-26 के राज्य बजट में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए बनाई जाएगी नई योजनाएं: मुख्यमंत्री**

नायब सिंह सैनी ने कहा कि आगामी समय में हरियाणा में स्टार्टअप्स की संख्या 3 गुणा बढ़नी चाहिए। इसके लिए आज हर सफल स्टार्टअप उद्यमी को यह संकल्प लेना चाहिए कि वह आगे 3 नए स्टार्टअप को बढ़ावा देने में सहयोग करेंगे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि वित्त वर्ष 2025- 26 के राज्य बजट में सरकार स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए नई योजनाएं बनाने पर विचार कर रही है।

## खनौरी बॉर्डर पर हुई किसान महापंचायत

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद : खनौरी** बार्डर पर चल रही किसान महापंचायत में आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को स्ट्रेचर से लाया गया है। डल्लेवाल शारीरिक रूप से काफी कमजोर हो चुके हैं। वह खुद बैठ भी नहीं सकते। उनकी लगातार कमजोर हो रही हालात को देखते हुए, मंच पर स्ट्रेचर से संबोधित करवाया जाएगा। खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि अब तक सात लाख किसान आत्महत्या कर चुके हैं। हम किसानों के नेता हैं, लेकिन किसी ने इन किसानों की मौत या आगे और आत्महत्याएं रोकने के लिए कुछ नहीं किया। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि डल्लेवाल की जान बहुत महत्वपूर्ण है। उस दिन मैंने भी कहा था कि डल्लेवाल की जान तो महत्वपूर्ण है, लेकिन उन सात लाख किसानों के बच्चों का क्या होगा जो अब हमारे बीच नहीं हैं? हालांकि डल्लेवाल बोलने में भी असमर्थ हैं, लेकिन महापंचायत में वह अपनी मांगों को लेकर किसानों को संबोधित जरूर करेंगे। केंद्र सरकार द्वारा की गई वादाखिलाफी से आहत होकर डल्लेवाल आमरण अनशन कर रहे हैं।



## नई सरकार बनने पर पानी के सभी गलत बिल करेंगे माफ: केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी के संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को ऐलान किया कि दिल्ली में जिन लोगों के पानी के बिल गलत आए हैं, उन्हें परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के बाद जब फिर से आम आदमी पार्टी (आआपा) की सरकार बनेगी तो सारे गलत बिल माफ कर दिए जाएंगे। केजरीवाल ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली में हमारी सरकार हर महीने प्रत्येक परिवार को 20 हजार लीटर मुफ्त पानी देती है। करीब 12 लाख से ज्यादा परिवारों के पानी के बिल जीरो आते हैं। मेरे जेल जाने के बाद पीछे से लोगों के हजारों-लाखों रुपये के पानी के बिल आने लगे। लोग इन बिलों से परेशान हैं। आज मैं सार्वजनिक और औपचारिक तौर पर ऐलान करता हूं कि जिनके बिल गलत प्रतीत होते हैं, वो इंतजार करें। हमारी सरकार बनेगी तो चुनाव बाद हम उनके बिल माफ कर देंगे। यह मेरा उन लोगों से वादा है, यह मेरी गारंटी है। उन्हें चिंतित और परेशान होने की जरूरत नहीं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि आज पंजाब कांग्रेस के लोगों ने जो प्रदर्शन किया, उससे कोई फर्क नहीं पड़ता। पंजाब की सभी महिलाएं हमारे साथ हैं। केजरीवाल के दिल्ली आवास पर प्रदर्शन करने पहुंचीं पंजाब की महिलाओं के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि वो महिलाएं कांग्रेस और भाजपा की समर्थक हैं। उन्होंने दावा किया कि पंजाब की महिलाएं आआपा के साथ हैं। उन्होंने कांग्रेस और भाजपा पर अंदरखाने मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि इन दोनों पार्टियों के खुलेआम एकसाथ आ जाना चाहिए। यह लुकाछिपी ठीक नहीं है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अभी तक भाजपा के पास न कोई सीएम फेस है, न कोई नैरेटिव है।



**वादा**

**दिल्ली में हमारी सरकार हर महीने प्रत्येक परिवार को 20 हजार लीटर मुफ्त पानी देती है : केजरीवाल**



# केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने स्वरूपनगर में इचामती नदी पर पुल का किया शिलान्यास

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर ने सिंगल लेन सड़क पुल की आधार शिला रखी। नए आरसीसी पुल को यात्रियों के लिए सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने, निर्बाध नौवहन की सुविधा मुहैया कराने, क्षेत्रीय विकास और संपर्क लक्ष्यों को समर्थन प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। नया आरसीसी पुल 2 टन तक के भार के साथ यात्रियों और माल की सुरक्षित आवाजाही में सहायक होगा। करीब 16 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस नए पुल का सभी मौसम में उपयोग किया जा सकेगा। यह पुल 64 मीटर लंबा होगा तथा इस में दोनों ओर 120 मीटर की एप्रोच सड़कें होंगी। यातायात और सुरक्षा में सुधार के प्रयासों के तह स्वरूपनगर में इचामती नदी को




पार करने के लिए बने मौजूदा बांस के पुल की जगह इस आरसीसीपुल को बनाया जा रहा है। बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत देश में अंतदेर्शीय जलमार्ग विकास के लिए नोडल एजेंसी, भारतीय अंतदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) 16 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से इस सिंगल लेन पुलका निर्माण कर रही है। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने कहा, आज एतिहासिक अवसर है क्योंकि इलाकों के लोगों की लंबे समय से प्रतीक्षित इच्छा का सम्मान करते हुए हम स्वरूप नगर में पुल की आधारशिला रख रहे हैं। इससे न केवल पहुंच आसान होगी बल्कि क्षेत्र के लिए इलाके में आर्थिक समृद्धि के द्वार भी खुलेगा। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सक्षम नेतृत्व में हमारी सरकार राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 44 यानी इचामती नदी के महत्वपूर्ण हिस्सों पर ड्रेजिंग के साथ नौवहन में सुधार के लिए कई परियोजनाओं पर काम कर रही है। हम मोदीजी के विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में पश्चिम बंगाल के बुनियादी ढांचे के विकास और समृद्ध जलमार्ग नेटवर्क को सशक्त बनाने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध हैं। आईडब्ल्यूएआई ने ठह 44 पर प्रमुख नदी खंडों पर नौवहन क्षमता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास शुरू किए हैं।

इस पहल के अंतर्गत जलकुंभी, खरपतवार और अपशिष्ट पदार्थ - जिसमें प्लास्टिक और गैर-प्लास्टिक दोनों तरह के मलबे के साथ-साथ प्राकृतिक और कृत्रिम रूप से डंप किए गए पदार्थ शामिल हैं '।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 84 बीएनएसएस देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विजय कुमार पुत्र पृथ्वी सिंह पता: वीपीओ–नागुरान, तेहसील व जिला: जिंद–126102 हरियाणा ने सीसी संख्या 782/2020 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत** थाना: केएनके मार्ग, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विजय कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विजय कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **सीसी संख्या 782/2020 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत थाना केएनके मार्ग, नई दिल्ली के उक्त विजय कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
सार्थक कंवर
न्यायिक दण्डाधिकारी–05
नार्थ जिला, कोर्ट कमरा नं.114, प्रथम तल,
DP/60/RD/2025 रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली

## भारतीय रेल

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2023/आरएस(ई)/टीएम/2 नई दिल्ली, दिनांक 03.01.2025

विषय: 101 अदद् ऑन ट्रैक यूटिलिटी ट्रैक व्हेकिलस (8–व्हीलर), बी.जी. (1676 मिमी) के लिए के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी एएमसी के साथ, के लिए दिनांक 14.02.2025 को खोली जाने वाली ई–खुली स्वदेशी निविदा सं. 2025–टीएम–1

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से 101 अदद् ऑन ट्रैक यूटिलिटी ट्रैक व्हेकिल, (8–व्हीलर) बी.जी. (1676 मिमी) के लिए के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी एएमसी के साथ, के लिए इलैक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे आगे के ब्यौरों के लिए, निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने एवं अपनी ई–बोलियां जमा करने के लिए **http://www.ireps.gov.in** वेबसाइट देखें।

निदेशक, रेल भंडार (एफ)
रेलवे बोर्ड

33/25 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

निविदा सूचना संख्या – 490–एसीएस–सी–कुंभावास–टीकेजे
दिनांक : 20.12.2024 का प्रथम शुद्धि पत्र

**कार्य का नाम** : दिल्ली मंडल के दिल्ली–रेवाड़ी खंड पर उप मुख्य अभियंता/निर्माण/तिलक ब्रिज के अधिकार क्षेत्र में के संबंध में "उत्तर रेलवे के साथ डीएफसी की कनेक्टिविटी के संबंध में कुंभावास यार्ड कार्य" जिसमें सिविल कार्य, तटबंधों को भरने और काटने में मिट्टी कार्य सहित स्थायी मार्ग कार्य, कंबल सामग्री के संघनन सहित आपूर्ति और फैलाव, पत्थर की गिट्टी की आपूर्ति और डालना, एलएचएस का विस्तार, रिटेनिंग दीवारों आदि का प्रावधान, सेवा भवन, उच्च स्तरीय प्लेटफार्मों का प्रावधान, जलनिकासी प्रणाली का प्रावधान, रेलवे ट्रैक/टर्न आउट और अन्य सभी स्थायी मार्ग स्थापनाएं आदि, मौजूदा भवनों और मौजूदा पी–वे अवसंरचनाओं के सभी प्रकार के निराकरण और अन्य सभी संबद्ध कार्य आदि शामिल हैं।

उपरोक्त निविदा जो दिनांक 15.01.2025 को खुलनी थी, उसे प्रशासनिक कारणों से रद्द किया जाता है। निविदा प्रपत्र का यह शुद्धि पत्र वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

सं. 490–एसीएस–सी–कुंभावास–टीकेजे, दिनांक 03.01.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 34/25

## आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/सेफ्टी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये एकल पैकेट प्रणाली आधारित खुली निविदा सूचना सं.– एमसीएफ–आरबीएल–एएमसीएफटी–2024–021–01ए, दिनांक 31.12.2024 आईआरईपीएस के पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** कार्य के दायरे के अनुसार 04 अग्निशमन वाहनों पर लगाए गए अग्निशमन उपकरणों की 03 वर्ष (36 महीने) के लिए Non-comprehensive एएमसी। **कार्य की अनुमानित लागत:** (₹) 7,35,000.14 **निविदा प्रपत्र का मूल्य** (₹) 2,000.00 **अमानत राशि:** (₹) 14,700.00 **मात्रा:** कार्य के दायरे के अनुसार। **कार्य समाप्ति की अवधि:** 36 माह। ● **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 22.01.2025 को 15:00 बजे। ● निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/सेफ्टी

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 82251188 | इंसुलिन डेग्लुडेक पेन इंजेक्शन 100 यूनिट प्रति एमएल (लंबे समय तक काम करने वाला इंसुलिन) | 8898 Nos. | 31.01.2025 |
| 2. | 82252422 | निमोटुजुमैब इंजेक्शन 200mg | 100 Nos. | 31.01.2025 |
| 3. | 82251196A | इंसुलिन एस्पार्ट और इंसुलिन डेग्लुडेक इंजेक्शन 30/70 100 आईयू प्रीफिल्ड फ्लेक्सटच पेन (इंटरमीडिएट एक्टिंग इंसुलिन) | 3000 Nos. | 03.02.2025 |
| 4. | 82251024 | इंजेक्शन निवोलुमैब 100 एमजी | 436 Nos. | 05.02.2025 |
| 5. | 82250398 | टेबलेट/कैप्सूल ओसिमर्टिनिब 80 मि.ग्रा. | 1915 Nos. | 07.02.2025 |

**निविदा शर्तें**– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
**टेंडर नोटिस सं.: इंजेक्शन और दवाएं दिनांक 04.01.2025** 48/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम)
के माध्यम से निविदा आमंत्रण

| | एन आई टी | 21-2024-25-गति शक्ति यूनिट | |
|---|---|---|---|
| | | क्रमांक | |
| 1 | काम का नाम (स्थान के साथ) | 1 | गति शक्ति इकाई, दिल्ली में अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत शामली रेलवे स्टेशन पर भूदृश्य एवं बागवानी का कार्य। **समान कार्य की प्रकृति** : इनडोर/आउटडोर अच्छी तरह से विकसित सजावटी गमले वाले पौधों की आपूर्ति, स्थापना और रखरखाव का कार्य। |
| 2 | काम की अनुमानित लागत (रुपये) | 1 | Rs. 13788166.50 |
| 3 | अग्रिम राशि (रुपये) | | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (नोटः– रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई–आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आई आर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा_।) |
| | | 1 | Rs. 219000.00 |
| | | 1 | 12 महीना |
| 5 | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 27.01.2025 को 15:00 बजे तक तथा 27.01.2025 को 15:00 बजे निविदा खुलना है। | |
| 6 | वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा | यह निविदा आईआरईपीएस वेबसाइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। | |

**No. 128-W/280/OET/2024-25/W-V/NIT-21-2024-25-गति शक्ति यूनिट**
**Date: 03.01.2025** 45/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के


## युवक पर जज ने लगाया 2000 का जुर्माना

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा:** आइएमटी, खरखौदा में 21 अगस्त की रात के फार्च्यूनर गाड़ी सवार युवक द्वारा हवाई फायर करने पर न्यायालय द्वारा जुमार्ना लगाया गया है। एसडीजेएम विक्रांत की अदालत में यह फैसला सुनाया गया है ।आइएमटी में एक कंपनी के सुरक्षा एजेंसी के सुपरवाइजर ने मामले की शिकायत सैदपुर चौकी पुलिस को देते हुए केस दर्ज करवाया गया था। सुपरवाइजर रोहतक के राजेंद्र नगर के रहने वाले कुलदीप का कहना था कि वह आइएमटी खरखौदा में सुरक्षा एजेंसी का सुपरवाइजर है, उसकी तैनाती आइएमटी के गेट नंबर 21 पर है, रात को ड्यूटी करते हुए वह जब एरिया में राउंड पर था तो उसके सुरक्षा गार्ड सुशील कुमार ने बताया कि सामने एक फार्च्यूनर गाड़ी खड़ी हुई है, जिसमें से तीन चार युवकों ने उतरकर तीन-चार हवाई फायर किए हैं। गार्ड उसे यह बात बता ही रहा था कि युवक अपनी गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गए। सैदपुर चौकी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुंडल गांव के रहने वाले विकास को गिरफ्तार करते हुए उससे लाइसेंसी हथियार भी बरामद कर लिया था। वहीं अब एसडीजेएम विक्रांत की अदालत ने आरोपित विकास को जानबूझकर और लापरवाही से अपने लाइसेंसी हथियार को व्यवस्थित रखने में विफल रहने का दोषी पाया है,।

## रंगदारी मांगने के मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ ।** पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के निदेर्शानुसार महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा आपराधिक वारदातों को अंजाम देने वालों के खिलाफ की जा रही है सख्त कार्रवाई। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के निदेर्शानुसार महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा आपराधिक वारदातों को अंजाम देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। थाना शहर महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान संदीप वासी मेघनवास हाल आबाद शिव कॉलोनी नजदीक पंचमुखी मंदिर महेंद्रगढ़, सुनील उर्फ बल्लू वासी मसानी चौक गऊशाला रोड महेंद्रगढ़, मोहित वासी मौहल्ला मसानी चौक महेंद्रगढ़ के रूप में हुई है।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सतपाल** पुत्र **कन्हैया लाल** निवासी **म.नं. सी–17, सुलेमान नगर, 70 फुटा रोड, दिल्ली** ने case **FIR No. 73/2018 U/s 392/34 IPC, थाना सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **सतपाल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सतपाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 73/2018 U/s 392/34 IPC, थाना सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सतपाल** से अपेक्षा की जाती हैं कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 04.02.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री वैभव गर्ग
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–11
कमरा नं. 138, केन्द्रीय जिला
DP/163/Rly/2025(Court Matter) तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. राहुल कुमार उर्फ खत्री पुत्र सिया शरण निवासी मकान नंबर 1/2108 गली नंबर 07, प्रेम नगर, दिल्ली, 2. मनीष उर्फ गंजा पुत्र चंदर भूषण निवासी शंभू का मकान, गली नंबर 10, नेहरू नगर, आनंद पर्वत, दिल्ली** ने case **FIR No. 164/2024 U/s 326/34 IPC, थाना मोती नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है उन्होंने किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **1. राहुल कुमार उर्फ खत्री 2. मनीष उर्फ गंजा** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. राहुल कुमार उर्फ खत्री 2. मनीष उर्फ गंजा** फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है case **FIR No. 164/2024 U/s 326/34 IPC, थाना मोती नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **1. राहुल कुमार उर्फ खत्री 2. मनीष उर्फ गंजा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **18.03.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री सुकृति सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04
पश्चिम जिला, कमरा नं. 268
DP/67/WD/2025(Court Matter) तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सिराज, पुत्र मिराजुद्दीन, निवासी सी-11, सेंट्रल बैंक वाली गली, खजूर पेड़ के पास, सीलमपुर, दिल्ली** ने केस एफआईआर नं. **28187/17, अन्तर्गत धारा 379/411/34 आईपीसी, थाना फर्श बाज़ार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सिराज** मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सिराज** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं. **28187/17, अन्तर्गत धारा 379/411/34 आईपीसी, थाना फर्श बाज़ार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सिराज** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 21.02.2025 को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री अखिल मलिक**
महानगर दण्डाधिकारी-02
DP/89/SHD/2025 कमरा नं. 38, शाहदरा
(Court Matter) कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P. C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राम नरेश राय पुत्र राम भरोसे राय** निवासी मकान नंबर 540, ब्लॉक P-4, सुल्तानपुरी, दिल्ली, और नॉर्थ नगर निगम, सिविक सेंटर, मिंटो रोड, नई दिल्ली ने **Ct.Case.No. 518008/2016 U/s 138 NI Act.,** के अंतर्गत थाना: **राजेंद्र नगर,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राम नरेश राय** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राम नरेश राय** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Ct.Case.No. 518008/2016 U/s 138 NI Act.,** थाना: **राजेंद्र नगर,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **राम नरेश राय** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्रेया सिंह, JMFC-05,
DP/39/CD/2025 कमरा नंबर 02, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

## उत्तर रेलवे

ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई –नीलामी की जाएगी (टेबल अनुसार)। जिसका विवरण वेबसाईट IREPS पर मौजूद है। ई–नीलामी की धरोहर राशि, बोली की 5% होगी तथा बोली, कम से कम बोली मूल्य से 0.2% बढ़ा कर लगानी होगी।

**नीलामी केटलॉग सं. : UMB-Ctg-01-25 रेट यूनिट: वार्षिक लाइसेंस फीस प्रारम्भ होने की तिथि व समय : 17.01.2025 को 11:00 बजे**

| क्र. सं. | लॉट सं. एवं विवरण | नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1 | Catg-UMB-SRE-SMU-55-24-1 (खान पान– स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए स्टाल नं. 2 प्लेटफार्म नं. 1 सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर) | 17.01.2025 को 11:30 बजे |
| 2 | Catg-UMB-JUDW-GMU-58-24-1 (खान पान– जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल महिला के लिए स्टाल नं. 2 प्लेटफार्म नं. 2 जगधारी वर्कशॉप रेलवे स्टेशन पर) | 17.01.2025 को 11:40 बजे |
| 3 | Catg-UMB-MOT-GMU-69-24-1 (खान पान– जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल के लिए स्टाल, प्लेटफार्म नं. 2 पर मलोट रेलवे स्टेशन पर) | 17.01.2025 को 11:50 बजे |
| 4 | Catg-UMB-SFMU-GMU-70-24-1 (खान पान– जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल के लिए स्टाल प्लेटफार्म नं. 1 पर Sunam Udham Singwala Railway Station पर) | 17.01.2025 को 12:00 बजे |
| 5 | Catg-UMB-GDB-GMU-71-24-1 (खान पान– जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल के लिए स्टाल प्लेटफार्म नं. 2 पर गिद्दरबाहा रेलवे स्टेशन पर) | 17.01.2025 को 12:10 बजे |
| 6 | Catg-UMB-PUL-GMU-72-24-1 (खान पान– जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल के लिए स्टाल प्लेटफार्म नं. 1 पर रामपुरा फुल रेलवे स्टेशन पर) | 17.01.2025 को 12:20 बजे |
| 7 | Catg-UMB-NBA-GMU-63-24-1 (खान पान– जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल के लिए स्टाल संख्या नं. 1 प्लेटफार्म नं. 1 पर नाभा रेलवे स्टेशन पर) | 17.01.2025 को 12:30 बजे |
| **नीलामी केटलॉग सं.: UMB-WVM-01-25 रेट यूनिट: वार्षिक लाइसेंस फीस प्रारम्भ होने की तिथि व समय: 14.01.2025 को 10:00 बजे** | | |
| 1 | MSS-UMB-RPJ-WVM-15-23-1 (Misc-Static-Service-Water Vending Machies) 01 वाटर वेंडिंग मशीन राजपुरा रेलवे स्टेशन पर) | 14.01.2025 को 10:30 बजे |

ई–नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** को देखें।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 31/25

# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।


हर महिला को हर महीने ₹ 2100
मुकेश कुमार गोयल
प्रत्याशी, आम आदमी पार्टी, आदर्श नगर विधानसभा
aap AAM AADMI PARTY
भाई हो तो ऐसा.. केजरीवाल जैसा


# नई दिल्ली से प्रवेश तो आतिशी के सामने लांबा ठोकेंगी ताल

**भाजपा की पहली सूची में 29 उम्मीदवारों को चुनावी मैदान में उतारा है। सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हुई थी कि आखिर केजरीवाल के सामने वह किस प्रत्याशी को मौका देगी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी पहली सूची जारी कर दी है। इससे पहले आम आदमी पार्टी और कांग्रेस भी उम्मीदवारों की सूची जारी कर चुकी है। उम्मीदवारों के नामों की घोषणा के बाद अब कुछ सीटों के गणित को और आसानी से समझा जा सकता है। भाजपा की पहली सूची में 29 उम्मीदवारों को चुनावी मैदान में उतारा है। सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हुई थी कि आखिर नई दिल्ली से अरविंद केजरीवाल के सामने वह किस प्रत्याशी को मौका देगी। भाजपा ने प्रवेश वर्मा पर भरोसा जताया है। कांग्रेस पहले ही इस सीट से पूर्व सीएम शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित को मैदान में उतार चुकी है।

**सीट: नई दिल्ली**
**पिछली बार कौन जीता:** अरविंद केजरीवाल, आम आदमी पार्टी

**समीकरण**

**भाजपा ने प्रवेश वर्मा पर भरोसा जताया है। कांग्रेस पूर्व सीएम शीला दीक्षित के बेटे संदीप को मैदान में उतार चुकी है**

इस बार किसके बीच **मुकाबला:**
**आप: अरविंद केजरीवाल**
**भाजपा: प्रवेश वर्मा**
**कांग्रेस: संदीप दीक्षित**
लगातार तीन बार इस सीट का प्रतिनिधित्व करने वाली दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को 2013 विधानसभा चुनाव में शिकस्त देकर अरविंद केजरीवाल दिल्ली की सत्ता पर काबिज हुए थे। उन्होंने लगातार तीन बार इस विधानसभा का प्रतिनिधित्व किया। इस समय यह सीट केजरीवाल के पास है।

**सीट: कालकाजी**
**पिछली बार कौन जीता:** आतिशी, आम आदमी पार्टी




**इस बार किसके बीच मुकाबला:**
**आप: आतिशी**
**भाजपा: रमेश बिधूड़ी**
**कांग्रेस: अलका लांबा**
इस बार के विधानसभा चुनाव में कालकाजी सीट पर हॉट सीट बन चुकी है, क्योंकि यहां से वर्तमान मुख्यमंत्री आतिशी विधायक हैं। यहां पर प्रसिद्ध देवी काली मां का मंदिर है। 2020 में कालकाजी विधानसभा सीट से आतिशी चुनाव जीती थीं, उन्हें करीब 55,897 वोट मिले थे। इस बार उनके सामने कांग्रेस से अलका लांबा और भाजपा से रमेश बिधूड़ी चुनावी मैदान में है। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि मुकाबला रोचक होने वाला है।

**सीट: जंगपुरा सीट**
**पिछली बार कौन जीता: प्रवीण कुमार, आम आदमी पार्टी**
**इस बार किसके बीच मुकाबला:**
**आप: मनीष सिसोदिया**
**भाजपा: तरविंदर सिंह मारवाह**
**कांग्रेस: फरहद सूरी**
इस बार जंगपुरा विधानसभा सीट पर चर्चा में है, क्योंकि आम आदमी पार्टी ने मनीष सिसोदिया को पार्टी ने यहां से टिकट दिया है। इससे पहले मनीष सिसोदिया पटपड़गंज विधानसभा से चुनाव लड़ते रहे हैं। जंगपुरा में आम आदमी पार्टी के वर्तमान विधायक प्रवीण कुमार है वह नौकरी छोड़कर अन्ना आंदोलन से जुड़े थे। जंगपुरा सीट पर साल 2020 के विधानसभा चुनाव में प्रवीण कुमार करीब 45,086 वोटों से जीत हासिल की थी।

**पटपड़गंज सीट**
**पिछली बार कौन जीता: मनीष सिसोदिया, आम आदमी पार्टी**
**इस बार किसके बीच मुकाबला:**
**आप: अवध ओझा**
**भाजपा: रविंदर सिंह नेगी**
**कांग्रेस: अनिल कुमार**
इस बार के विधानसभा चुनाव में सबसे बड़ा बदलाव पटपड़गंज विधानसभा सीट पर देखने को मिला है। आम आदमी पार्टी ने यहां से शिक्षिक अवध ओझा को पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया है। जबकि इससे पहले यहां से पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया यहां से चुनाव लड़ते रहे हैं।

**एएनआई**
**गांधी नगर सीट**
**आप: नवीन चौधरी**
**भाजपा: सरदार अरविंदर सिंह लवली**
**कांग्रेस: अभी एलान नहीं किया**
दिल्ली विधानसभा चुनाव में कई सीटों पर कड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है। अगर बात गांधी नगर सीट की करें तो यहां लड़ाई काफी दिलचस्प है। इस बार बीजेपी ने पूर्व कांग्रेस नेता अरविंदर सिंह लवली को मैदान में उतारा है। एक दौर में यह सीट कांग्रेस की गढ़ मानी जाती थी। वहीं आप ने यहां से नवीन चौधरी को टिकट दिया है।
फिलहाल कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार का एलान इस सीट पर नहीं किया है। इस सीट को दिल्ली की हाईप्रोफाइल सीट माना जाता है।

# सीएम आज दिल्लीवासियों को देंगी मेट्रो की सौगात



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने घोषणा की कि रिठाला से कुंडली तक नए दिल्ली मेट्रो कॉरिडोर की आधारशिला रविवार को रखी जाएगी। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के क्षेत्रों को जोड़ने वाली रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) परियोजना का उद्घाटन किया जाएगा। साथ ही जनकपुरी पश्चिम से कृष्णा पार्क तक दिल्ली मेट्रो मैजेंटा लाइन के विस्तार का भी उद्घाटन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने आरआरटीएस परियोजना में 1,260 करोड़ रुपये का योगदान दिया है, जिसे केंद्र और दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान सरकार द्वारा संयुक्त रूप से वित्त पोषित किया जाता है।
आतिशी ने कहा, "नया रिठाला-कुंडली मेट्रो कॉरिडोर और आरआरटीएस परियोजना अंतर-राज्य कनेक्टिविटी को मजबूत करने और परिवहन चुनौतियों को आसान बनाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।"

**कनेक्टिविटी**

**रिठाला-कुंडली कॉरिडोर का करेंगी शिलान्यास, मैजेंटा लाइन के विस्तार से प. दिल्ली तक कनेक्टिविटी में भी सुधार होगा**

**मैजेंटा लाइन के विस्तार से बढ़ेगी कनेक्टिविटी**
उन्होंने कहा, "मैजेंटा लाइन के विस्तार से पश्चिमी दिल्ली तक कनेक्टिविटी में भी सुधार होगा। यात्रा का समय कम होगा और आवागमन अधिक सुविधाजनक हो जाएगा।"

# कांग्रेस ने चिश्ती के उर्स के लिए चादर रवाना की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कांग्रेस की ओर से ख्वाजा गरीब नवाज मोइनुद्दीन चिश्ती अजमेर के उर्स के मौक पर चादर रवाना की गई। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने चादर रवाना करते हुए कहा कि इंतेहाई अकीदत व एहतराम के साथ मैं ख़्वाजा गरीब नवाज मोइनुद्दीन चिश्ती अजमेरी (रह.) के 813वें उर्स मुबारक के मौके पर अपनी और पार्टी की ओर से चादर रवाना करते हुए खुद को बेहद खुशकिस्मत महसूस कर रहा हूं। कांग्रेस अध्यक्ष होने के नाते आज उस परंपरा को निभाने का मौका मिला जो साल-दर-साल हमारी पार्टी निभाती है। खरगे ने कहा कि इसके पीछे देश के हर नागरिकों का कल्याण और विश्व कल्याण की भावना है। चादर चढ़ाने के पीछे हमारे देश की गंगा-जमुनी तहजीब, कौमी एकता, आपसी भाईचारा, प्यार एवं मोहब्बत, अदब और रवादारी की अलामत है। पूरी दुनिया को इससे यह संदेश जाना चाहिए कि हिंदुस्तान में कौमी इत्तेहाद और भाईचारा की जड़ें इतनी गहरी हैं कि वे चंद झोंकों और विकृत सोच के लोगों द्वारा हिलाई नहीं जा सकती हैं। हमारे पुरखों ने संविधान बनाते समय कौमी एकता की भावना को केंद्र में रखा था जिसकी हिफाजत करना हर भारतीय का कर्तव्य है।



**रवाना किया**

**आज उस परंपरा को निभाने का मौका मिला जो साल-दर-साल हमारी पार्टी निभाती है : खरगे**

# पूर्वी दिल्ली में यूपी पुलिस के एसआई की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। पूर्वी दिल्ली के टेल्को टी-पॉइट फ्लाईओवर पर सड़क हादसे में उत्तर प्रदेश पुलिस के सब-इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार (47) की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा बीती रात 10.35 बजे हुआ था। एसआई अपनी बाइक पर सवार होकर आनंद विहार की तरफ से एनएच 24 की ओर जा रहे थे। यह हिट एंड रन का मामला बताया जा रहा है। पुलिस को मौके पर आंशिक नंबर वाली पीली नंबर प्लेट का एक टूटा हुआ टुकड़ा मिला है।

# आप सांसद के दावों पर नई दिल्ली के डीईओ ने दी सफाई, कहा- आरोप बेबुनियाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नई दिल्ली के जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) ने शनिवार को राज्यसभा सदस्य संजय सिंह के उन आरोपों को बेबुनियाद और तथ्यों से परे बताया, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि डीईओ जानबूझकर मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट से हटा रहे हैं और आपत्तिकर्ताओं का ब्योरा उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। डीईओ ने संजय सिंह के आरोपों पर आज यहां मीडिया को सफाई दी। उन्होंने कहा कि इस मामले में भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के दिशा-निर्देश बहुत स्पष्ट हैं। फॉर्म 7 का सारांश, जिसमें आपत्तिकर्ताओं तथा जिस नाम पर आपत्ति है, उन दोनों के नाम के साथ फॉर्म 10 के माध्यम से साप्ताहिक आधार पर आआपा सहित सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ साझा किया जाता है। इसके अतिरिक्त यह जानकारी सार्वजनिक पहुंच तथा पारदर्शिता के लिए सीईओ दिल्ली की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड की जाती है। इसलिए, यह कहना कि आपत्तिकर्ताओं के नाम साझा नहीं किए जा रहे हैं, तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है। डीईओ ने इस संदर्भ के लिए फॉर्म 10 की एक प्रति भी मीडिया को जारी की है। डीईओ ने कहा कि मतदाता सूची से किसी भी नाम को हटाने की प्रक्रिया ईसीआई द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार सख्ती से की जाती है। प्रक्रिया फॉर्म 7 दाखिल करने से शुरू होती है और ऐसे सभी मामलों में, बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ), बीएलओ पर्यवेक्षकों और अन्य अधिकारियों द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार गहन फील्ड सत्यापन किया जाता है। केवल नाम हटाने के लिए सूची जमा करने से नाम हटाने की प्रक्रिया शुरू नहीं होती है। उन्होंने कहा कि एक विशिष्ट उदाहरण को उजागर करने के लिए संजय सिंह की पत्नी अनीता का नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए दो अलग-अलग फॉर्म 7 आवेदन दायर किए गए थे। फील्ड सत्यापन के बाद बीएलओ ने पाया कि वह दिए गए पते पर रह रही हैं और दोनों फॉर्म 7 आवेदन खारिज कर दिए गए। इसके अतिरिक्त गलत तरीके से फॉर्म 7 दाखिल करने के लिए आपत्तिकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। डीईओ ने एफआईआर की प्रति भी मीडिया के साथ साझा की है। उन्होंने कहा कि कई अन्य मामलों में, नाम हटाने के लिए फॉर्म 7 आवेदनों को उचित प्रक्रिया और फील्ड सत्यापन के बाद खारिज कर दिया गया है।




**रूख साफ किया**


**सार्वजनिक पहुंच तथा पारदर्शिता के लिए सीईओ दिल्ली की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड की जाती है**

# आप विधायक बाल्यान की जमानत याचिका पर सुनवाई टली

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मकोका से जुड़े मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के उत्तम नगर से विधायक नरेश बाल्यान की जमानत याचिका पर आज सुनवाई टाल दी। स्पेशल जज कावेरी बावेजा के उपलब्ध नहीं होने की वजह से सुनवाई टली। जमानत याचिका पर अगली सुनवाई अब आठ जनवरी को होगी। आज ही दिल्ली पुलिस ने इस मामले के एक आरोपित रितिक पीटर के खिलाफ मकोका की धारा 3 के तहत लगभग 300 पेज की पहली चार्जशीट दाखिल की। कोर्ट चार्जशीट पर संज्ञान लेने के लिए नौ जनवरी को सुनवाई करेगा। मकोका के मामले में नरेश बाल्यान नौ जनवरी तक की न्यायिक हिरासत में है। चार दिसंबर को वसूली के मामले में बाल्यान को जमानत मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने मकोका के मामले में गिरफ्तार किया था। वसूली के मामले में नरेश को 30 नवंबर की रात में गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले भाजपा ने नरेश बाल्यान का एक ऑडिया क्लिप जारी किया था जिसमें गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू और बाल्यान के बीच बातचीत थी। इस ऑडियो क्लिप को शेयर करते हुए भाजपा ने बाल्यान पर वसूली का आरोप लगाया था। इसके बाद बाल्यान को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पूछताछ के लिए बुलाया और पूछताछ के बाद नरेश को गिरफ्तार कर लिया गया था।
दिल्ली पुलिस के मुताबिक नरेश बाल्यान और गैंगस्टर के बीच बातचीत का ये मामला 2023 का है। इसे लेकर 2023 में एफआईआर दर्ज कराई गई थी।
कपिल सांगवान एक कुख्यात गैंगस्टर है जो फिलहाल ब्रिटेन में रह रहा है।
कपिल सांगवान और नरेश बाल्यान दोनों दिल्ली के नजफगढ़ के रहने वाले हैं। कपिल सांगवान हरियाणा के नफे सिंह हत्याकांड का भी मास्टरमाइंड है।

**चार्जशीट**

**आरोपित रितिक पीटर के खिलाफ मकोका की धारा 3 के तहत लगभग 300 पेज की चार्जशीट दाखिल की**



प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय पुष्प प्रदर्शनी की झलकियां साझा कीं।

# पंजाब कांग्रेस के नेताओं ने दिल्ली के लोगों को आप के झूठे वादों के खिलाफ चेताया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पंजाब प्रदेश कांग्रेस प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के नेतृत्व में वहां के कांग्रेस पार्टी से सांसदों, विधायकों और पदाधिकारियों ने शनिवार को दिल्ली में विजय चौक पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने हाथ में प्लेकार्ड थाम रखा था, जिस पर लिखा था, "पंजाब की महिलाओं को देकर धोखा, झूठे मांग रहे दिल्ली में मौका।" इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में राजा वड़िंग ने कहा कि यह प्रदर्शन दिल्ली के लोगों को आम आदमी पार्टी (आआपा) के झूठे वादों के प्रति सचेत करने के लिए है। उन्होंने कहा कि आआपा संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पौने तीन साल पहले पंजाब की महिलाओं को हर महीने 1000 रुपये देने का वादा किया था, जो आज तक पूरा नहीं हुआ। अब वह दिल्ली की महिलाओं को हर माह 2100 रुपये देने का वादा कर रहे हैं, इसलिए दिल्ली के मतदाताओं उनके झांसे में आने की जरूरत नहीं है। पंजाब कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि केजरीवाल ने सूबे के लोगों से जो चुनावी वादे किए थे, उन्हें पौने तीन साल से लोग पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं। उन वादों पर लोगों ने भरोसा कर विधानसभा में 92 सीटें उन्हें दीं। आआपा का नारा था कि पंजाब बदलेगा, इस पर लोगों ने भरोसा किया लेकिन वो ठगे गए। उनके साथ वादा दर वादा ही किया गया। आआपा ने सूबे की महिलाओं को 1100 रुपये हर माह देने का वादा किया लेकिन यह आज तक पूरा नहीं हुआ। अब ऐसा ही वादा दिल्ली की महिलाओं के साथ कर रहे हैं। दिल्ली में वो 2100 रुपये हर माह देने का वादा कर रहे हैं। यह धन कहां से आएगा, इसका उनके पास ठोस जवाब नहीं है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आप कहते हैं कि उपराज्यपाल आपको कुछ नहीं करने देते लेकिन पंजाब में ऐसा कोई मुद्दा नहीं था। फिर भी आपने 3 साल पहले महिलाओं को मिलने वाले हर महीने 1000 रुपये नहीं दिए। हम यहां दिल्ली की महिलाओं को यह बताने आए हैं कि पंजाब की महिलाएं कैसे ठगी हुई महसूस कर रही हैं। आआपा के पास 2100 रुपये देने का क्या प्रावधान है? केजरीवाल की लगातार घोषणाएं दिखाती हैं कि उन्हें डर है कि वे दिल्ली चुनाव हारने वाले हैं। कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा ने कहा कि पंजाब के सारे कांग्रेस नेता दिल्ली विधानसभा के चुनाव प्रचार में आएंगे। आआपा ने पंजाब में लोगों को किस तरह ठगा है।





शिवांक सिंघल (एडवोकेट)
कर्मठ, ईमानदार, युवा
कांग्रेस प्रत्याशी: आदर्श नगर विधानसभा
चुनाव चिन्ह हाथ
जनता की यही पुकार
दिल्ली में अबकी बार कांग्रेस सरकार

मंगत राम सिंघल (पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार)

# सीएम ने मां शब्द के 51 फुट विराट स्वरूप की रखी आधारशिला


## मां शब्द के विराट व अद्भुत स्वरूप के निर्माण से विश्व में बढ़ेगी देवीकूप भद्रकाली मंदिर की महिमाः नायब सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को कुरुक्षेत्र में देवीकूप भद्रकाली मंदिर में मातृशक्ति को समर्पित माँ शब्द के 51 फुट विराट व अद्भुत स्वरूप की नींव रखी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने देवीकूप भद्रकाली मंदिर में स्थापित शक्तिपीठ पर मंत्रोच्चारण के बीच पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के लिए सुख शांति और उन्नति के लिए कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध देवीकूप भद्रकाली मंदिर के परांगण में 'माँ' शब्द के 51 फुट विराट व अद्भुत स्वरूप के निर्माण से मंदिर की महिमा और बढ़ेगी। इस मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचने वाले लाखों श्रद्धालु माँ के इस महा गौरव स्थल से प्रेरणा लेकर जाएंगे। मुख्यमंत्री ने महा गौरव स्थल पर भूमि पूजन करने के बाद यज्ञ में आहुति डाली। यहां पर मुख्यमंत्री ने माँ को समर्पित महा गौरव स्थल प्रोजेक्ट के मॉडल का अवलोकन किया और डाक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से प्रोजेक्ट की बारीकियों की जानकारी ली। नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश के 52 महाशक्ति पीठों में से कुरुक्षेत्र के देवीकूप भद्रकाली मंदिर के परांगण में 'माँ' शब्द के विराट व अद्भुत स्वरूप की स्थापना के लिए भूमि पूजन कर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे है। माँ एक शब्द ही नहीं अपितु माँ ममता, प्रेरणा और प्रेम का अनोखा संगम है। इस संसार में हर साधन व संसाधन की पूर्ति हो सकती है लेकिन माँ शब्द की पूर्ति कभी नहीं हो सकती। माँ की कोख से ही महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी जैसे महान योद्धा पैदा हुए, इसलिए माँ की कल्पना का संसार असीमित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गुरुग्राम में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश व प्रदेश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों की माताओं को सम्मानित किया गया। अब कुरुक्षेत्र की पावन धरा से पूरे विश्व को माँ के अदभुत और विराट स्वरूप से प्रेरणा मिले, ऐसी परियोजना को अमलीजामा पहनाने का कार्य किया गया है। इस परियोजना के पूरा होने से इस मंदिर की महिमा और बढ़ेगी तथा देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को मां से आशीर्वाद लेने के साथ-साथ प्रेरित होने का अवसर मिलेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि देवीकूप भद्रकाली मंदिर और मां के आशीर्वाद से प्रदेश के नागरिकों की सेवा करने का अवसर मिला है। इस विश्व प्रसिद्ध मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है और यह मंदिर कुरुक्षेत्र की पूरे विश्व में पहचान बनाने में अहम भूमिका अदा कर रहा है। इस मौके पर देवीकूप भद्रकाली मंदिर पीठ अध्यक्ष सतपाल शर्मा, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।







**महिमा**

**▶▶ 'माँ' शब्द के 51 फुट विराट व अद्भुत स्वरूप के निर्माण से मंदिर की महिमा और बढ़ेगी**

# उपायुक्त साप्ताहिक समन्वय बैठकें आयोजित करेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: शासन** - प्रशासन और सार्वजनिक सेवा वितरण को सुदृढ़ करने के लिए एक निर्णायक कदम उठाते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य के सभी जिला उपायुक्तों को साप्ताहिक समन्वय बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए है। इन बैठकों का उद्देश्य कानून एवं व्यवस्था को मजबूत करना, नशीली दवाओं के दुरुपयोग से निपटना और सकारात्मक सार्वजनिक भागीदारी को बढ़ावा देना है, जिसमें पुलिस अधीक्षक (एसपी) या पुलिस उपायुक्त (डीसीपी), उप-मंडल मजिस्ट्रेट (एसडीएम), पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) और जेल अधीक्षकों की भागीदारी शामिल होगी। इन बैठकों का प्राथमिक उद्देश्य प्रभावी कानून और व्यवस्था प्रबंधन के लिए जिला प्रशासन और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच संचार और तालमेल को बढ़ाना है। वे नशीली दवाओं की तस्करी और मादक द्रव्यों के सेवन को रोकने, सार्वजनिक शिकायतों के समाधान में तेजी लाने और सार्वजनिक सेवा वितरण में सुधार करने के लिए रणनीति की समीक्षा और परिशोधन पर भी ध्यान केंद्रित करेंगे। जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए, उपायुक्तों को विचार-विमर्श का दस्तावेजीकरण करने और मासिक रूप से मुख्य सचिव के कार्यालय को पर एक संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए है।

**निर्णायक कदम**

**▶▶ नशीली दवाओं के दुरुपयोग से निपटने और सेवा वितरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित की जाएंगी**

## न्यूज फ्लैश

### हरियाणा विधानसभा कर्मचारियों को प्रशिक्षण देंगे लोकसभा अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा विधानसभा की ओर से अपने कर्मचारियों की क्षमता निर्माण के लिए अगले सप्ताह दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 8 जनवरी से चंडीगढ़ के सेक्टर 26 स्थित महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान में शुरू होने वाले इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री नायब सिंह करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण करेंगे। इस मौके पर विस उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान लोक सभा की ओर से संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान की टीम विधान सभा के अधिकारियों और कर्मचारियों को विधायी और सचिवालय के कामकाज के संबंध में प्रशिक्षण देगी।

### लापरवाही बरतने पर महिला एएसआई को बनाया हवलदार

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद जिले में महिला एएसआई का डिमोशन कर हवलदार बनाया गया है। महिला पुलिसकर्मी ने महिला विरुद्ध अपराध की कार्रवाई में लापरवाही की थी। पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि ईमानदारी व कानून के दायरे में पुलिस कर्मचारी कार्य करें। भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार वर्ष 2023 में महिला विरुद्ध अपराध की एक शिकायत महिला थाना एनआईटी में प्राप्त होने पर एएसआई जगवती द्वारा कार्रवाई की गई थी। महिला विरुद्ध अपराध की शिकायत की जांच के संबंध में पुलिस महानिदेशक, हरियाणा कार्यालय द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं, परंतु महिला एएसआई ने दिशा निदेशों के अंतर्गत कार्रवाई नहीं की तथा जारी निदेशों की अवहेलना की। जिस पर महिला कर्मचारी के विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश दिए। जांच के दौरान महिला को दोषी पाया गया। जिस पर महिला कर्मचारी के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए उसको पद से डिमोशन कर हवलदार बनाया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बतलाया कि पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने पुलिस आयुक्त फरीदाबाद का पदभार संभालते ही सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया था कि जीरो टॉलरेंस नीति के अंतर्गत सभी कर्मचारी कार्य करेंगे, उच्च कार्यालय से जारी निदेशों की दृढ़ता से पालन सुनिश्चित करेंगे, किसी भी भ्रष्ट कर्मचारी को बक्सा नहीं जाएगा।

### खनौरी व शंभू आंदोलन का संयुक्त किसान मोर्चा से नहीं कोई संबंधः राकेश टिकैत

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद।** किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि खनौरी और शंभू बार्डर पर जो किसान आंदोलन चल रहे हैं, उसका संयुक्त किसान मोर्चा से कोई संबंध नहीं है, उसे किसान संगठनों की दूसरी कमेटी चला रही है। उन्होंने साफ किया कि संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से अभी कोई नया आंदोलन शुरू नहीं किया जा रहा। मोर्चा की अभी बैठकें हो रही हैं। अगर केन्द्र सरकार किसानों की बातें नहीं मानेगी तो संयुक्त किसान मोर्चा उसके बाद आंदोलन को लेकर रणनीति बनाएगा। राकेश टिकैत शनिवार को फतेहाबाद जिले के शहर टोहाना में संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा आयोजित किसान महापंचायत में भाग लेने आए थे। इस पंचायत में किसानों की समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। महापंचायत के दौरान पत्रकारों से बातचीत में किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा है कि किसानों की टोहाना में हो रही महापंचायत का बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन से कोई संबंध नहीं हैं। बॉर्डर पर आंदोलन 10-11 महीने से चल रहा है, यहां तो एक दिन की पंचायत की जा रही है, जिसमें किसानों की मांग उठाई जा रही है। इस पंचायत और उस आंदोलन का आपस में कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि जो तीन काले कानून पहले वापस करवाए थे, वही अब नई नीति के ड्राफ्ट में शामिल हैं। चाहे खुली मंडी की बात हो, मार्केट फीस कम करने की बात हो, कांट्रेक्ट फार्मिंग की बात है, सभी वही मामले हैं। राकेश टिकैत ने कहा कि 7 जनवरी को उनकी पूरे देश में पंचायत होगी। टिकैत ने कहा कि अभी तक हमारी बैठकें चल रही हैं, अभी तक कोई धरना आंदोलन नहीं चल रहा। हम अपने संगठन के बैनर के तले काम कर रहे हैं। जहां कोई समस्या है, उसको उठाते रहते हैं।आमरण अनशन पर बैठे डल्लेवाल के समर्थन के सवाल पर राकेश टिकैत ने कहा कि वे वहां गए थे, उनसे मिलकर आए थे। वो उनको नहीं कह सकते कि वो अपना अनशन खत्म करें, उनकी कमेटी आगे का निर्णय लेगी।

# नववर्ष के अवसर पर आईएएस ऑफिसर्स एसोसिएशन ने किया भोज का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** नववर्ष के अवसर पर शनिवार को हरियाणा आईएएस ऑफिसर्स एसोसिएशन की ओर से हरियाणा निवास में दोपहर भोज का आयोजन किया गया, जिसमें राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय और मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। इनके अलावा, कैबिनेट मंत्री श्री श्याम सिंह राणा और श्री रणबीर गंगवा सहित तमाम आला अधिकारी भी मौजूद रहे। एसोसिएशन के अध्यक्ष और मुख्य सचिव डॉ विवेक जोशी और सचिव डॉ अमित अग्रवाल ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री का स्वागत किया।



इस अवसर पर राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि भोज में विशेष रूप से श्री अन्न से बने व्यंजनों को शामिल किया गया है। मोटा अनाज हमारी सदियों की विरासत की पहचान रहा है और आज के समय में भी ये उतना ही उपयोगी है। राज्य सरकार इन फसलों की खेती व इनसे बने उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि भारत के श्री अन्न की विरासत को हरियाणा सरकार निरंतर पहचान दिला रही है।

**नववर्ष की हार्दिक बधाई**

**▶▶ हरियाणा आईएएस ऑफिसर्स एसोसिएशन की प्रशंसा करते हुए सभी को नववर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी**

**▶▶ मोटे अनाज से बने व्यंजन न केवल सेहत के लिए लाभकारी हैं**

**मोटा अनाज सेहत और पर्यावरण दोनों के लिए आवश्यक-मुख्यमंत्री***

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा आईएएस ऑफिसर्स एसोसिएशन की प्रशंसा करते हुए सभी को नववर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज से बने व्यंजन न केवल सेहत के लिए लाभकारी हैं, अपितु मोटे अनाज से बने उत्पादों को बेचकर आज किसान भी आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे हैं। मोटा अनाज सेहत और पर्यावरण दोनों के लिए आवश्यक हैं। भारत की श्री अन्न की विरासत देशवासियों को स्वास्थ बनाने में कारगर सिद्ध होगी।

मुख्यमंत्री ने आईएएस अधिकारियों का आह्वान किया कि सभी अधिकारी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प को साकार करने में भूमिका अदा करें। इस नए वर्ष में नए संकल्प और नए विजन के साथ कार्य करें और सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाकर उन्हें उनका लाभ देने का काम करें। हरियाणा आईएएस ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष और मुख्य सचिव डॉ विवेक जोशी ने राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय और मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का स्वागत करते हुए कहा कि हमारी एसोसिएशन समय-समय पर प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाने के लिए सेमिनार, ट्रेनिंग प्रोग्राम व अन्य कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरूण कुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में आईएएस अधिकारी मौजूद थे।

# सरकारी नौकरियां पाने में ग्रामीण युवा पड़ रहे शहरी युवाओं पर भारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार।** हरियाणा में सी एवं डी ग्रुप की सरकारी नौकरियों में ग्रामीण क्षेत्रों के युवा शहरियों पर भारी पड़े हैं। एक सामाजिक संस्था की ओर से करवाए गए सर्वे से सामने आया है कि विगत पांच वर्षें में सरकारी द्वारा विज्ञापित नौकरियों में से 76 फीसदी ग्रामीण युवाओं को मिली है। हरियाणा की सरकारी नौकरियों में 20 से 25 फीसदी हरियाणा सामान्य ज्ञान बतौर सिलेबस शामिल होने से ग्रामीण युवाओं को इसका खासा लाभ मिला है। इससे भी बड़ी बात यह है कि चयनित ग्रामीण युवाओं के मध्य हुए इस सर्वे से सामने आया है कि उनके स्कूल में किसी न किसी रुप में हरियाणा सामान्य ज्ञान पढ़ाया गया, जिसका लाभ उन्हें प्रतियोगी परीक्षा में मिला। सरकारी नौकरियों में चयनित युवाओं में से 87 फीसदी युवाओं ने कहा कि उन्हें अपनी प्राईमरी कक्षाओं से हरियाणा प्रदेश की सामान्य ज्ञान से पढ़ने या प्रत्यक रुप से जुड़ाव होने का लाभ मिला। इसमें से 50 फीसदी ने माना की उनके बुर्जगों से भी उन्हें हरियाणवी संस्कृति का ज्ञान मिला है। ग्रामीण क्षेत्र के 13 फीसदी युवा ऐसे हैं, जिन्होंने स्कूल में बतौर सिलेबस हरियाणा सामान्य ज्ञान भी पढ़ा है। इसमें बड़ी बात यह है कि शहर के चयनित 24 युवाओं ने आधे से अधिक युवाओं ने अलग-अलग स्थानों पर कोचिंग लेकर नौकरियों में अपना स्थान पक्का किया है। बड़ी बात यह है कि गांव में चयनित 38 फीसदी युवाओं ने सरकारी नौकरी की अपने स्तर पर तैयारी की हैं। उन्होंने किसी भी कोचिंग संस्थान की कोई मदद नही ली। लाइब्रेरी बनी वरदानइस सर्वे के दौरान सामने आया कि कुल चयनित युवाओं में से 57 फीसदी युवाओं ने लाइब्रेरी की मदद ली है।

# गांवों के विकास पर खर्च होगा सरकारी अनुदानः विनेश फोगाट

**टीम एक्शन इंडिया**

जींदः जुलाना क्षेत्र के पौली गांव में विधायक विनेश फोगाट शनिवार को पहुंची। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विनेश फोगाट ने कहा कि सरकार की ओर से मिलने वाला एक भी रुपया उनके घर में प्रयोग नहीं किया जाएगा। सरकार की ओर से मिलने वाली राशि गांवों में विकास कार्यों में लगाई जाएगी। जुलाना से विधायक बनने के बाद पहली बार ओलंपियन और कांग्रेस से विधायक जुलाना हलके के गांवों के दौरे कर रही हैं। विनेश फोगाट ने गांव के दौरे शुरू कर दिए हैं।

# रेल परियोजनाओं से बढ़ेगी कनेक्टिविटी, हरियाणा की आर्थिक प्रगति में आएगी तेजी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा रेल अवसंरचना विकास निगम (एचआरआईडीसी) द्वारा गत सायं चंडीगढ़ में अपना वार्षिक दिवस मनाया गया। हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी, जो एचआरआईडीसी के अध्यक्ष भी हैं, ने कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्षता की। मुख्य सचिव ने अपने संबोधन में हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर (एचओआरसी) परियोजना की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पातली-मानेसर-एमएसआईएल कनेक्टिविटी लाइन (8.7 किमी) का लाइट इंजन सितंबर 2024 में रोल आउट किया जा चुका है। इसके अलावा, पातली-न्यू पातली-सुल्तानपुर (7.9 किमी) कनेक्टिविटी लाइन और धुलावट-बरसा सेक्शन (29.5 किमी) का निर्माण कार्य और सोहना और धुलावत के बीच डबल टनल (4.7 किमी) का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि एचआरआईडीसी द्वारा कुरुक्षेत्र शहर में एक एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का निर्माण भी किया जा रहा है। इस 5.875 किलोमीटर लंबे इस एलिवेटेड ट्रैक का उद्देश्य कुरुक्षेत्र-नरवाना लाइन पर निर्बाध रेल परिवहन संचालन सुनिश्चित करने के लिए पांच लेवल क्रॉसिंग को समाप्त करके कुरुक्षेत्र शहर में भीड़भाड़ को कम करना है और यह काम पूरा होने वाला है।मुख्य सचिव ने कहा कि ये परियोजनाएं एचआरआईडीसी की स्थायी और समावेशी रेल बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है जो क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देती हैं और पूरे हरियाणा में कनेक्टिविटी को बढ़ाती हैं। उन्होंने एचआरआईडीसी की महत्वपूर्ण उपलब्धियों और राज्य में रेल संपर्क को मजबूत करने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए चल रही परियोजनाओं की सराहना की। मुख्य सचिव ने कहा कि एचआरआईडीसी ने हरियाणा में रेल बुनियादी ढांचे को बढ़ाने में उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि वह पिछले वर्ष भी गुरुग्राम में इस कार्यक्रम में शामिल हुए थे और दूसरी बार इसका हिस्सा बनकर उन्हें खुशी हो रही है।

**रोडमैप**

**▶▶ हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी, जो एचआरआईडीसी के अध्यक्ष भी हैं, ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की**

# किसानों को उपलब्ध करवाया जाए अनुदानः श्याम

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने केंद्रीय प्री बजट की बैठक में सुझाव देते हुए कहा कि गन्ने की फसल को बढ़ाने के लिए गन्ने को बोने व काटने की मशीने किसानों को अनुदान पर उपलब्ध करवाई जाए ताकि धान की जगह गन्ने की फसल उगाई जाए और पानी को भी बचाया जा सकें। श्याम सिंह राणा ने यह बात आज केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा सभी प्रदेशों के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रियों के साथ प्री बजट पर आयोजित कृषि और उद्यान विषय पर सुझाव बैठक में वीडियो कांफ्रैस के माध्यम से कही।



उन्होंने कहा कि बागवानी को बढावा देने के लिए इसमें 40 से 50 हैक्टेयर के छोटे क्लस्टर बनाने की जरूरत है और साथ ही बागवानी किसानों के बागों की फैंसिंग हेतु योजना बनाकर अनुदान दिया जाए ताकि बागों को नुकसान न पहुचे। उन्होंने यह भी कहा कि प्राकृतिक खेती की फसलों के लिए मंडियों को बनाया जाए और इनमें फसल टैस्टिग की लैब को लगाया जाए, ताकि प्राकृतिक खेती की प्रमाणिकता का पता चल सके। श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा राज्य हरित क्रांति में अग्रणी रहा है, कृषि क्षेत्र की वर्तमान मांग, प्राकृतिक खेती में भी अग्रणी रहेंगे। इस दौरान प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन को मंजूरी देने के लिए धन्यवाद करते हुए कहा कि यह खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता में सुधार करने में मील का पत्थर साबित होगा। केंद्रीय कृषि मंत्री से अनुरोध किया की वर्तमान में प्राकृतिक खेती क्षेत्र में विनिर्देशन और मानकीकरण की कमी है। इसलिए केंद्रीय कृषि संस्थानों को इस पर काम करने के लिए निर्देशित करें कि प्राकृतिक खेती को कृषि उपज की गुणवत्ता या खेती की प्रक्रिया या दोनों के आधार पर प्रमाणित किया जाना है या नहीं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री का ध्यान फसल अवशेषों को जलाने से होने वाले प्रदूषण की ओर भी आकर्षित किया। राज्य ने खेतों में आग लगने की घटनाओं को नियंत्रित करने में जबरदस्त प्रगति की है।

# ग्रामीण विकास से जुड़ी स्कीमों को और बेहतर बनाने के लिए किया जा रहा कार्यः पंवार

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रदेश में ग्रामीण विकास से जुड़ी स्कीमों को और बेहतर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। धरातल पर स्कीमों की गुणवता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि वास्तव में इनका लाभ ग्रामीण अंचल से जुड़े लोगों को मिल सके और गांवों का बेहतर विकास हो सके।

विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने यह जानकारी देर सायं दिल्ली स्थित हरियाणा भवन से केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दी। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने प्रदेश में ग्रामीण विकास में चल रही स्कीमों की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास के क्षेत्र में जो स्कीमें चल रही हैं, उन्हें और बेहतर ढ़ंग से क्रियान्वित करें। जो भी स्कीमें जारी हैं, ग्राउंड स्तर पर उनका प्रभाव भी नजर आना चाहिए।

वहीं हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने प्रदेश में चल रही विभिन्न स्कीमों की चर्चा केंद्रीय मंत्री के समक्ष की। उन्होंने कहा कि हरियाणा ग्रामीण विकास के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रहा है। कुछ गावों में तो इतना बेहतरीन कार्य किया जा रहा है कि गांव में भी शहरों की तरह ही सुविधाओं का आभास हो रहा है।


**गुणवत्ता**

**▶▶ धरातल पर स्कीमों की गुणवता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है: पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार**

# बीजेपी राज में वेंटिलेटर पर पहुंची प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाः हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ :** बीजेपी राज में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं खुद वेंटिलेटर पर पहुंच गई हैं। क्योंकि आज अस्पतालों में ना तो दवा है और ना डॉक्टर। ये कहना है पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को भिवानी में डॉक्टरो के अभाव की खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए हुड्डा ने कहा कि जिले में डॉक्टर के 207 स्वीकृत पद हैं, लेकिन आधे खाली पड़े हुए है। भिवानी समेत पूरे हरियाणा में यही स्थिति है भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में करीब 20 हजार पद खाली पड़े हैं। प्रदेश के अस्पतालों में 14000 डॉक्टरों की कमी है। गांवों में विशेषज्ञ डॉक्टरों के करीब 94 प्रतिशत पद खाली पड़े हुए हैं। स्टाफ और सुविधाओं के अभाव में रोज हजारों मरीजों की जान के साथ



खिलवाड़ हो रहा है। हुड्डा ने कहा कि अस्पतालों में मरीजों को लैब टेस्ट के लिए भी कई-कई दिन चक्कर काटने पड़ते हैं या मजबूरी में प्राइवेट लैब में जाना पड़ता है। डब्ल्यूएचओ की गाइडलाइन के मुताबिक प्रति 1000 लोगों पर एक डॉक्टर होना चाहिए, लेकिन हरियाणा में 2035 लोगों पर एक डॉक्टर है। 200 लोगों पर एक बेड की व्यवस्था होनी चाहिए, लेकिन प्रदेश में 2086 लोगों पर एक बेड उपलब्ध है। इस वजह से काफी जगह देखने में आता है कि एक-एक बेड पर दो-दो, तीन-तीन मरीज लेटे हैं और फर्श पर डिलीवरी हो रही है। प्रदेश में सीनियर मेडिकल ऑफिसर, मेडिकल ऑफिसर, डेंटल सर्जन के 5253 में से 1100 से ज्यादा पद खाली पड़े हैं। हुड्डा ने कहा कि 2014 में भाजपा ने वादा किया था कि वो सत्ता में आते ही हर जिले में मेडिकल कॉलेज बनाएगी। हकीकत यह है कि पिछले 10 साल में भाजपा द्वारा घोषित एक भी नया मेडिकल कॉलेज पूरा बनकर शुरू नहीं हो सका है। कांग्रेस कार्यकाल में बने संस्थान ही लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे हैं। कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में एक हेल्थ यूनिवर्सिटी और छह मेडिकल कॉलेज बनवाए थे। प्रदेश की पहली मेडिकल यूनिवर्सिटी भी कांग्रेस के समय में ही खोली गई थी। आजादी के बाद देश में महिलाओं के लिए पहला सरकारी मेडिकल कॉलेज सोनीपत के खानपुर में कांग्रेस ने खोला था। कांग्रेस ही झज्जर में एम्स-2 और नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट लेकर आई थी। आज ये तमाम संस्थान हरियाणा के साथ-साथ कई प्रदेश के लोगों के लिए वारदान साबित हो रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ, कांग्रेस सरकार ने झज्जर एम्स-2 के साथ जो राष्ट्रीय स्तर के 10 संस्थान मंजूर करवाए थे, भाजपा ने इन्हें भी रद्द करवा दिया। यदि वे संस्थान झज्जर में बन जाते तो प्रदेश के लोगों को बहुत फायदा मिलता। लेकिन बीजेपी ने हमेशा लोगों की जान जोखिम में डालने का काम किया।

**साधा निशाना**

**▶▶ भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में करीब 20 हजार पद खाली पड़े हैं**

# नैशनल प्राइड वूमेन अवार्ड से सम्मानित हुई देश की सशक्त महिलाएं

## फल्म अभिनेत्री मरूगा उमरानिया एवं मिसेज यूनिवर्स अरब एशिया अनुपमा दंडोरा ने सेलिब्रिटी चीफ गेस्ट के रूप में शिरकत की

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। एंटी करप्शन** फाउंडेशन ऑफ इंडिया एवं ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा सावित्री बाई फूले की जयंती पर जयंती एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा के नेतृत्व में किया गया, जिसमें फिल्म व टीवी अभिनेत्री सुप्रिया कार्णिक, फिल्म अभिनेत्री मरूगा उमरानिया एवं मिसेज यूनिवर्स अरब एशिया अनुपमा दंडोरा ने सेलिब्रिटी चीफ गेस्ट के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंतर्राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष डॉ.निशा गुप्ता ने की। इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि डॉ.रंजोध सिंह, संदीप




कुमार, बृज भूषण गोयल, पूनम गोयल, संजय डालमिया, नजाकत चौधरी, डॉ.अनिल सेठी, वाघेला ध्रूवराज सिंह, गौरव गाबा, विशाल काठ, विजय जैन, भगवान सिंह, विनोद मोदगिल, सुरेन्द्र मोहन गाबा, केपी अग्रवाल, जूनियर राजेश खन्ना रहे। इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों की सशक्त महिलाओं को सावित्री बाई फूले को समर्पित नैशनल प्राइड वूमेन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। नैशनल प्राइड वूमेन अवॉर्ड से डॉ.डिंपल चौहान, पटेल सोनल,कल्पना रंगा, पूनम गोयल, ऋतु कश्यप, डॉ.स्वर्णलता काठपाल, दीपा खन्ना, सुनीता गुप्ता, प्रीति नारंग चौधरी, डॉ. सुमन मदान, रंजीता पेगू, मनदीप कौर, रोमियो मोकल, रीता मदान, सोनिया मेहता, गीता खेरा, राखी गर्ग, अनीता राही, तूलिका सेठ, भावना तिवारी, अमनदीप राककर, डॉ.हर्ष सेठी, डॉ.उर्वशी राज, ईशा चौधरी, रजनी बेनीवाल, अन्नू, मृणालिनी रावत, मणिकर्णिका रावत, कविता मल्होत्रा, मनीषा बरसाना, रमा तिवारी, बलविंदर कौर सिद्धू, सुषमा नाथ, लावण्या शर्मा, प्रेरणा गुप्ता अग्रवाल, महक चौधरी, पलक गोयल आदि को सम्मानित किया गया। नैशनल प्राइड अवॉर्ड से पवन शर्मा, हरीश वधावन, सतीश मल्होत्रा, अजीत राही, शुभम गोयल, आशीष मलिक, जोगिंद्र सिंह, मनीष तनेजा को सम्मानित किया गया।

# गुमड़-गढ़ी झंझारा रोड पर क्षतिग्रस्त पुलिया दे रही है हादसों को न्यौता




**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। गुमड़-गढ़ी झंझारा** रोड पर बनी पुलिया पिछले लंबे समय से टूटी हुई है। पुलिया के दोनों तरफ न तो किसी तरह की रोक बनाई गई है और न ही किसी तरह का सांकेतिक चिह्न लगाया गया है। ऐसे में यहां से गुजरने वाले लोगों के लिए यह पुलिया परेशानी करने के साथ ही हादसों को न्यौता दे रही है। पीडब्ल्यूडी को शायद किसी बड़े हादसे के इंतजार है। यह पुलिया पिछले कई दिनों से टुटी हुई

**सांकेतिक चिन्ह**

**विभाग की इस छोटी सी लापरवाही का खामियाजा आम जनता को ही भुगतना पड़ता है**

है, जबकि यहां से दिन भर में लोगों व छात्रों की आवाजाही रहती है। इस समय धुंध का मौसम चल रहा है, ऐसे में इस क्षतिग्रस्त पुलिया से गुजरना खतरे से खाली नहीं है। विभाग की यह छोटी सी लापरवाही बड़े हादसे का कारण भी बन सकती है। किसान नेता विरेंद्र पहल ने कहा कि विभाग की इस छोटी सी लापरवाही का खामियाजा आम जनता को ही भुगतना पड़ता है। रात के समय में वहां से गुजरने वाला राहगीर उसमें गिर सकता है। इस बारे में लोगों ने कई बार विभाग को शिकायत दी, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई विभाग द्वारा नहीं की गई है।

# रोडवेज बस ने अज्ञात बुजुर्ग महिला को कुचला



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले में रेलवे** रोड के तलवार चौक पर एक हरियाणा रोडवेज बस ने बुजुर्ग महिला को कुचल दिया। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद रोडवेज बस चालक मौके से फरार हो गया। हादसा होता देख आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए और सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भेज दिया है। फिलहाल महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार महिला कैथल की तरफ से हरियाणा रोडवेज की बस में सवार होकर कही जा रही थी और उसने तलवार चौक पर बस चालक को बस रोकने का इशारा किया, जैसे ही महिला नीचे उतरने लगी तो ड्राइवर ने बस को चला दिया और महिला का बैलेंस बिगड़ गया। जिससे वह बस के पिछले टायर के नीचे आ गई। महिला बुरी तरह से घायल हो गई और उसने सडक पर ही तड़पकर अपनी जान दे दी। हादसे के समय मौके पर मौजूद बिट्टू ने बताया कि यह सारा वाक्य मेरे सामने हुआ था। मैं दुकान के बाहर बैठा हुआ था। जैसे ही महिला बस के पिछले टायर के नीचे आई हमने ड्राइवर को आवाज लगाई, लेकिन उसने बस नहीं रोकी और महिला को कुचलते हुए बस को लेकर वहां से फरार हो गया। घटना की सूचना के बाद पुलिस व एंबुलेंस मौके पर पहुंची। महिला कहां की है, अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है। शव को मोर्चरी हाउस करनाल में भेज दिया गया है। सिटी थाना पुलिस मामले की जांच की जा रही है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला जाएगा, ताकि घटना के बारे में कुछ जानकारी मिल सके।

# कोहरे के कारण टकराए तीन ट्रक, एक ड्राइवर घायल

**टकराए**

**शनिवार अलसुबह नेशनल हाईवे पर घने कोहरे के चलते एक हादसा हो गया, जिसमें तीन ट्रक आपस में टकरा गए**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले में नेशनल** हाईवे पर कोहरे के कारण हादसों का सिलसिला जारी है। शनिवार अलसुबह नेशनल हाईवे पर घने कोहरे के चलते एक हादसा हो गया, जिसमें तीन ट्रक आपस में टकरा गए। घटना इतनी भीषण थी कि ट्रक के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं दूसरे सडक हादसे में एक कार डिवाइडर पर चढ़ गई, लेकिन गनीमत रही कि इसमें सवार परिवार के लोगों को कोई चोट नहीं आई। लुधियाना निवासी ड्राइवर संदीप ने बताया कि यह हादसा तडके करीब साढ़े तीन बजे हुआ। मैं लुधियाना से दिल्ली एयरपोर्ट के लिए सामान लेकर जा रहा था। जब वह गांव कंबोपुरा के पास पहुंचा तो वहां पर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है। घनी धुंध के कारण विजिबिलिटी बेहद कम थी। इस दौरान एक रोडवेज बस आगे चल रही थी, जिसने अचानक ब्रेक लगाए। पीछे से आ रहे तीन ट्रक एक के बाद एक बस से भिड़ गए। इस टक्कर में सभी ट्रकों के अगले हिस्से चकनाचूर हो गए। इसी दौरान एक डंपर भी बेकाबू होकर ट्रकों से टकरा गया। इस हादसे में एक ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद रोडवेज बस का ड्राइवर बस लेकर मौके से फरार हो गया। दूसरी घटना सेक्टर-6 की है। यहां एक कार घने कोहरे के चलते डिवाइडर से टकरा गई। कार में सवार परिवार अमृतसर से दिल्ली जा रहा था। हादसा भले ही बड़ा था, लेकिन किसी को चोट नहीं आई। घटनाओं की सूचना मिलते ही मधुबन पुलिस मौके पर पहुंची। ट्रैफिक बाधित न हो, इसके लिए तुरंत क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाया गया।

# रहस्यमय परिस्थितियों में विवाहिता घर से लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले के** एक गांव से एक महिला संदिग्ध हालात में घर से लापता हो गई। महिला किसी से फोन पर बात किया करती थी। पति ने संदिग्ध नंबर वाले शख्स पर पत्नी को भगा ले जाने का शक जताया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में व्यक्ति ने बताया कि 2 जनवरी की सुबह करीब छह बजे उसकी पत्नी घर से लापता हुई। पति ने बताया कि उसकी पत्नी की उम्र 25 साल है। वह बिना किसी सूचना के घर से गायब हुई है। उन्होंने बताया कि न तो घर में किसी तरह का विवाद था और न ही किसी से कोई झगड़ा हुआ। पति ने अपनी शिकायत में एक संदिग्ध नंबर का जिक्र किया। उनका कहना है कि उनकी पत्नी इस नंबर पर चोरी-छिपे बात करती थी। पति ने बताया कि उसकी पत्नी पहले दूसरे सिम का यूज करती थी, लेकिन उसने यह सिम तोड़ दी थी। उसके लापता होने के बाद आस पड़ोस व रिश्तेदारियों में तलाश की गई, लेकिन उसका कहीं पर भी कोई सुराग नहीं लग पाया।

# अज्ञात चोरों ने इलेक्ट्रॉनिक शॉप को बनाया निशाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले में चोरों** ने एक इलेक्ट्रॉनिक शॉप चोरी की वारदात को अंजाम दिया। दुकान के ताले तोडकर चोर 5-6 बंडल कॉपर वायर, कुछ मोटर और कैश लेकर फरार हो गए। चोरी में लगभग 50 से 60 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। दुकानदार नवीन कुमार ने बताया कि ज्यादा धुंध होने के कारण वह अपनी दुकान शाम 7 बजे ही बंद करके घर चला गया था। सुबह दुकान पर पहुंचने पर उसने देखा कि शटर के ताले टूटे हुए थे। चोर ताले भी अपने साथ



ले गए। दुकान के अंदर रखा कॉपर वायर और मोटर का सामान गायब था। उन्होंने बताया कि कॉपर वायर की कीमत लगभग एक हजार रुपए प्रति किलो है। कूलर, पंखों और अन्य उपकरणों की मोटर भी चोरी हुई हैं। नवीन का कहना है कि चोर विशेष रूप से कॉपर वायर और मोटर बेचने वाली दुकानों में ही चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। चोरी की घटनाएं धुंध के दौरान तेजी से बढ़ रही हैं और अधिकांश दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं। जो सार्वजनिक स्थानों पर कैमरे हैं, वे धुंध के कारण सही तरीके से काम नहीं कर रहे। दुकानदार ने बताया कि चोरी की घटनाओं से दुकानदारों में डर का माहौल है। पुलिस सिर्फ शिकायत दर्ज कर रही है, लेकिन चोरों को पकडने के लिए ठोस कदम नहीं उठा रही। उन्होंने प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था में सुधार और चोरों को जल्द पकडने की मांग की है।

# यूपी के 4 युवक मोबाइल की दुकान में चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/**
**सोमपाल सैनी**
**दुकान का शटर** उखडाकर मोबाईल फोनों व अन्य सामान की चोरी करने की घटना में संलिप्त 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया हैं। गिरफ्तार, आरोपियों से चोरीशुदा सामान किया बरामद। क्राईम यूनिट खरखौदा की पुलिस टीम नें दुकान का शटर उखडाकर मोबाईल फोनों की चोरी करने की घटना में संलिप्त 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अभिषेक निवासी बदायु यूपी, आकाश निवासी कासगंज यूपी, रितेश उर्फ रित निवासी सीतापुर यूपी हाल कुण्डली जिला सोनीपत व सुरजीत उर्फ सुमित निवासी गाजियाबाद यूपी के रहने वाले है। पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 29 दिसम्बर को मोहित पुत्र मोहन निवासी सैदपुर का जिला सोनीपत नें थाना खरखौदा में शिकायत दी थी कि उसने एक दुकान मोबाईल की गाँव सोहटी मे कर रखी है। जो समय करीब सुबह सवा 5 बजे पर मेरे ताऊ का लडका हरिओम मुझे जगाने के लिए आया, उसने मुझे बताया कि चोर घूम रहै है एक बार अपने सोहटी



वाली दुकान को चैक कर ले जो मैने उठकर अपने मोबाईल में सीसीटीवी फुटेज को चैक किया तो मेरी दुकान का शटर उखाड कर 2 चोर तो दुकान के अंदर दिखाई दिये व एक चोर दुकान के बाहर खडा दिखाई दिया। जो यह देखकर मै अपने परिवार के साथ दुकान पर गांव सोहटी आया जो मेरी दुकान का शटर उखडा हुआ था जबकि दोनो ताले लगे हुए थे हमारे वहा पहुँचने से पहले नाम पता ना मालूम चोर उसकी दुकान मै चोरी करके भाग गये।

जो उसकी दुकान से काफी नए व पुराने फोन चोरी हुए है चोरी करके भागने वाले चोर सफेद रंग की स्वीफट डीजायर मे बैठकर गये है। इस घटना का थाना खरखौदा में केस दर्ज किया गया था। मामले में क्राईम यूनिट खरखौदा की जांचकर्ता टीम में नियुक्त मुख्य सिपाही राजेश नें अपनी पुलिस टीम के साथ आरोपियों की खोजबीन करते हुए घटना में संलिप्त 4 आरोपियों में अभिषेक निवासी बदायु यूपी, आकाश निवासी कासगंज यूपी, रितेश उर्फ रित निवासी सीतापुर यूपी हाल कुण्डली जिला सोनीपत व सुरजीत उर्फ सुमित निवासी गाजियाबाद यूपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों से चोरीशुदा 3 कीपैड मोबाईल, 1 एंड्राइड मोबाईल, 4 एयर बड्स, 1 होम थियटर स्पीकर, 2 छोटे स्पीकर, 4190 रुपए व घटना में प्रयुक्त कार भी बरामद कर ली गई है' गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत जेल भेज दिए गये है।

# त्रिलोक चंद व्यास ने 100,400,800 मीटर रेस मे एक साथ जीते तीन गोल्ड

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**सनौली खुर्द निवासी** सत्तर वर्षीय त्रिलोक चंद इन्सां ने एक बार फिर युवाओ के लिए प्रेरणास्त्रोत बन मिसाल कायम की है।उन्होने सीनियर सिटीजन ग्रूप मे कोच शिवा माही(इन्टरनेशनल खिलाडी)के मार्गदर्शन मे रेस लगाकर एक साथ तीन गोल्ड मेडल जीतकर अपना लोहा मनवाया।उन्होने दिल्ली स्टेट मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप (माड)मे जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम मे आयोजक अश्विनी माणे द्वारा आयोजित सीनियर सिटीजन रेस के 100,400,800 मीटर की अलग अलग स्पर्धा मे दोड लगाकर एक साथ तीनो स्पर्धा



मे गोल्ड मेडल जीतकर प्रथम स्थान प्राप्तकर अपने देश व परदेश का नाम रोशन किया।इस अवसर पर उनको भारतीय स्पोर्ट्स मेन सुरेश कुमार शर्मा द्वारा तीनो मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।जिस उम्र मे लोग चारपाई से भी नही उठ पाते और वे रेस लगा कर मेडल हासिल करते है, इससे सभी आचमिभत है।उन्होने बताया की इससे पहले भी वे जालंधर की वन रेस मे तथा गुडगांव मे तथा वेदांता दिल्ली आफ मेराथन 2024 अन्तरराष्ट्रीय रेस की सीनियर सिटीजन रेस व पानीपत मेराथन मे भी दौड लगाकर गोल्ड मेडल हासिल कर चुके है। जीत की खबर मिलते ही समस्त ग्राम मे खुशी का माहौल छा गया तथा परिवार को बधाई देने वालो का तांता लग गया।त्रिलोक चंद इन्सां ने बताया की वह एक साधारण किसान परिवार मे जन्मे तथा अपना जीवन भी खेती करते हुए यापन करते है उन्होंने अपनी सेहत का

**स्पर्धा**

**कोचिंग से एथलेटिक्स व योगा सीख कर खेलो के सीनियर सिटीजन स्पर्धा मे भाग लेने लगे है**

राज सरल खाना व प्रतिदिन व्यायाम व कसरत के साथ रेस लगाना व लगातार साईकिल चलाना बताया। पूछने पर उन्होंने बताया की उनका परिवार 1984 से डेरा सच्चा सौदा सिरसा से जुडा हुआ है और वे डॉ गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां की प्रेरणा से मानवता की राह पर चलते हुए 37 बार रक्तदान भी कर चुके है इसका श्रेय भी वे उन्ही को देते है और इस उम्र मे खेलो मे भाग लेने के लिए भी गुरू से प्रेरित होकर अभ्यास कर इवेंट मे भाग लेने लगे है।उन्होंने सभी से खेलो मे भाग लेने की अपील की है जिससे स्वास्थ्य ठीक रहता है। त्रिलोक चंद इन्सां ने बताया की वह पिछले काफी लम्बे समय से डेरा सच्चा सौदा से जुडा है और गुरू की प्रेरणा से व कोचिंग से एथलेटिक्स व योगा सीख कर खेलो के सीनियर सिटीजन स्पर्धा मे भाग लेने लगे है जिसका श्रेय वे पूज्य गुरू को देते है की जिससे वे इस उम्र मे आगे भी मेडल जीतकर अने देश प्रदेश का नाम रोशन करते रहेंगे।

# बांया पैर कटा, रेलवे ट्रैक पार करते वक्त हादसा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले में रेलवे** ट्रैक पार करते समय एक 70 वर्षीय बुजुर्ग की एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक टांग कट गई। इस दौरान बुजुर्ग के सिर में गंभीर चोटें आई। हादसा आज दोपहर करीब तीन बजे हुआ। जब धर्मपाल नामक बुजुर्ग रेलवे ट्रैक पार करने की कोशिश कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही जीआरपी और पुलिस मौके पर पहुंचे और घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुजुर्ग धर्मपाल करीब तीन बजे रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे।



तभी अंबाला-दिल्ली पश्चिमी एक्सप्रेस ट्रेन आ गई। बुजुर्ग ने ट्रेन को पार करने की कोशिश की, लेकिन वह गिर गए और ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनका बायां पैर पूरी तरह से कट गया और सिर में गंभीर चोट आई। घटना के बाद जीआरपी ने मौके पर पहुंचकर बुजुर्ग की पहचान की। उनके पास एक डायरी मिली, जिसमें उनका नाम धर्मपाल लिखा था। डायरी में मिले फोन नंबर से उनके परिजनों को सूचित किया गया।

# निजी कंपनी प्रबंधक पर हमला, तीन पर केस

**गन्नौर। कंपनी से घर लौट** रहे एक कंपनी प्रबंधक के साथ तीन व्यक्तियों ने लोहे की राड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में बीएसटी कालोनी के रहने वाले व्यक्ति ने बताया कि वह एक कंपनी में बतौर प्रबंधक कार्यरत है। 23 दिसंबर को कंपनी से काम खत्म कर अपने दोस्त के साथ घर आ रहा था। जब वह गन्नौर गांव पहुंचा तो उसकी बाइक को गौतम कश्यप ने रुकवाया और उसकी बहन का फोन नंबर मांगने लगा। आरोप है कि गौतम उसकी बहन को काफी समय से परेशान कर रहा है। जब उसने फोन नंबर देने से मना किया तो आरोपित गौतम उसे स्टेडियम में ले गया।

# दिव्य ज्योति कलश यात्रा का स्वामी चेतना स्कूल में हुआ भव्य स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। अखिल विश्व** गायत्री परिवार,युगतीर्थ शान्तिकुजं हरिद्वार द्वारा गीता जयंती के पावन अवसर पर युग गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार से दिव्य ज्योति कलश लेकर रथयात्रा गन्नौर में पहुंची। यात्रा का टेहा गांव के स्वामी चेतना स्कूल में पहुंची। यात्रा वन्दनीया माता के जन्म शताब्दी वर्ष एवं अखण्ड ज्योति शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण प्रदेश को ज्योतिर्मय-ज्ञानमय-गायत्रीमय बनाकर सुख-समृद्धि और शान्ति लाने के लिए निकाली जा रही है। दिव्य शक्तिपीठ सोनीपत के ट्रस्ट मण्डल के सदस्य मेहताब खत्री, हेमा खण्डेलवाल, ओमबीर चौहान,कमल सिंह, राजेन्द्र सिंह



राठी,बहन बिमला और उषा रोहिल्ला व गन्नौर के सम्मानित गायत्री परिजन ओमप्रकाश शर्मा,विजय पाल त्यागी, स्वामी चेतना स्कूल के प्रबंधक राजकुमार शर्मा, प्रधानाचार्या डिम्पल शर्मा, अनिरुद्ध त्यागी, जगदीश अनेजा,प्रेम चन्द शर्मा आदि स्वागत किया गया। डिम्पल शर्मा ने स्टाफ व बच्चों ने कलश यात्रा टौली का प्रांगण में चंदन तिलक लगाकर और पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया गया। टौली द्वारा कलश पूजन करवाया गया। टौली नायक धनंजय शर्मा ने कहा कि आपको अपने जीवन में उत्कृष्ट चिन्तन और आदर्श कर्तव्य रखने है। अपनी उन्नति के लिए जीवन में आत्म समीक्षा ,आत्म सुधार, आत्म निर्माण और आत्म विकास पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। उसके बाद कलश यात्रा गांव खुबडु और शेखपुरा के लिए निकल गई। गांवों से आने के बाद शाम को स्वामी चेतना स्कूल मेंदीप यज्ञ आयोजित हुआ। उसके बाद गांव राजपुर, भिगान, जाखौली, खुरमपुर, मनौली, राई, बीसवां मील जाकर रात्री विश्राम गायत्री शक्तिपीठ सोनीपत मे करेगी। उन्होंने बताया कि सुख समृद्धि, स्वस्थ व नीरोगी जीवन के लिए निकाली जा रही है। परिजन यात्रा के दौरान कलश पूजन करवाया गया।

## संपादकीय

# सनातन तीर्थाटन ने लगाए पंख, बदला परिदृश्य

**प्रतिवर्ष न**ए आंग्ल वर्ष के आगमन पर देश के सभी पर्यटन स्थलों पर भारी भीड़ उमड़ती है किंतु इस बार यह दृश्य बदला बदला रहा क्योंकि इस वर्ष जन सामान्य ने नव वर्ष पर गोवा, शिमला, कश्मीर की बर्फीली वादियों तथा ताजमहल को भूलकर अयोध्या, मथुरा, काशी और उज्जैन से लेकर माता वैष्णव देवी के दर्शन पूजन करने तथा अपने आराध्य देवी देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त करने में अधिक रुचि दिखाई। इस बार सनातन तीर्थाटन का ऐसा उद्भव देखा गया कि विभिन्न नगरों के छोटे -बड़े सभी मंदिरों में 31 दिसंबर और एक जनवरी को भक्तों की लंबी -लंबी कतारें देखी गयीं। इस बार हिन्दुओं के नववर्ष मनाने का तरीका अलग ही दिखाई दिया लगभग सभी मंदिरों में कोई न कोई कार्यक्रम आयोजित हुआ। उत्तर प्रदेश में इस बार नववर्ष के स्वागत के लिए सर्वाधिक भीड़ श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या की ओर उमड़ी। अयोध्या में दिव्य भव्य एवं नव्य राम मंदिर में रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जिस प्रकार आई और रामभक्तों की लंबी -लंबी कतारें लगीं वह अदभुत और ऐतिहासिक है। आंकड़ों के अनुसार अयोध्या में प्रतिदिन लगभग एक लाख दर्शनार्थी आ रहे हैं। तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट ने दर्शन को लेकर न केवल व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं और उनमें बदलाव भी किया है जिससे सभी भक्तों को सुगमता से दर्शन मिलें। महाद्वार से आगे बढ़ने पर सिंह द्वार से भी अब दो पंक्तियों में श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए भेजा जा रहा हे।दो-तीन स्थानों पर प्रसाद वितरण की व्यवस्था कराई गई है। व्यापक भीड़ को ध्यान में रखते हुए दर्शन की अवधि भी बढ़ा दी गई है। रामभक्तों की सुविधा के लिए एक नया निकासी पथ भी बनाया गया है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि पहले अवकाश में अन्य स्थानों पर जाने वाले लोग अब अयोध्या आ रहे हैं। नवयुवक अपने अवकाश के दिनों का उपयोग कर रहे है। नववर्ष में अपनी मंगल कामनाओं को लेकर काशी विश्वनाथ धाम परिसर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर प्रशासन के अनुसार 2024 की एक जनवरी से लेकर 30 दिसंबर की देर रात तक छह कोड़ से अधिक लोगों ने विश्वनाथ महादेव के दर्शन किये। यह संख्या विगत वर्ष की तुलना में 35 लाख से अधिक है। नव वर्ष के स्वागत के लिए काशी के सभी होटल, रेस्त्रां तैयार थे किंतु काशी आने वाला हर व्यक्ति पहले महादेव के दर्शन ही करना चाहता है, उसके बाद गंगा आरती में सम्मिलित होता है फिर कुछ और सोचता है। एक अनुमान के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा काशी विश्वनाथ कारिडोर का भव्य उद्घाटन किये जाने के बाद से अब तक लगभग 18 करोड़ श्रद्धालु विश्वेश्वर महादेव के दर्शन कर चुके हैं। इसी प्रकार मथुरा के बांके बिहारी मंदिर सहित मथुरा झवृन्दावन के सभी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। यहाँ तो मंदिर क्षेत्र में तिल रखने का स्थान भी नहीं दिख रहा था, प्रशासन बार -बार अपील करता रहा कि इतनी भीड़ में बुजुर्ग, बीमार व दिंव्यांगजन आने से बचें। स्पष्ट रूप से धार्मिक स्थलों की यात्रा करने का रुझान तेजी से बढ़ा है। पहले कहा जाता था कि जब घर परिवार के सभी कार्यों से निवृत होकर तीर्थ यात्रा करेंगे अब इस सोच में व्यापक परिवर्तन हो चुका है और इस परिवर्तन के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बड़ी भूमिका है।

# राष्ट्र सेवा में बाधक बनता सिविल सेवकों में बढ़ता तनाव



-प्रियंका सौरभ

"मानसिक स्वास्थ्य का समर्थन करने के लिए गोपनीय परामर्श सेवाएँ और अनिवार्य कल्याण कार्यक्रम शुरू करें। नौकरशाहों के लिए कर्नाटक की पायलट तनाव-प्रबंधन कार्यशालाओं ने 2023 में अधिकारियों के मनोबल और दक्षता में सुधार किया हैं। उभरती चुनौतियों, नेतृत्व और प्रौद्योगिकी पर नियमित प्रशिक्षण को संस्थागत बनाना, दक्षता बढ़ाने के लिए स्मार्ट सिटी परियोजनाओं का प्रबंधन करने वाले अधिकारियों के लिए एआई एकीकरण कार्यशालाएँ आयोजित करना, नवाचार के लिए ठोस पुरस्कार प्रदान करना और निर्णय लेने में प्रयोग के लिए सुरक्षित मार्जिन की अनुमति देना अति आवश्यक हैं। महाराष्ट्र के अभिनव ग्रामीण आवास योजना अधिकारियों को विशेष मान्यता मिली, जिससे साहसिक शासन दृष्टिकोण को बढ़ावा मिला"

**नौकरशाहों** को विषाक्त कार्य वातावरण, मौखिक दुर्व्यवहार और लगातार मल्टीटास्किंग का सामना करना पड़ता है, जो मानसिक स्वास्थ्य को काफी प्रभावित करता है। ज्यादातर आईएएस अधिकारी राहत कार्यों का प्रबंधन करने के लिए लंबे समय तक अनिद्रा और बर्नआउट का शिकार होते है। तेजी से विकसित हो रही हितधारक मांगें और सीमित प्रशिक्षण नौकरशाहों के तनाव को बढ़ाते हैं और अनुकूलन क्षमता को कम करते हैं। थकान और मानसिक तनाव से महत्त्वपूर्ण नीतिगत त्रुटियों का जोखिम बढ़ जाता है, जिससे शासन की गुणवत्ता कम हो जाती है। एक लचीले प्रशासनिक ढांचे के लिए व्यापक सुधार करना बहुत जरूरी है। मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए गोपनीय परामर्श सेवाएँ और अनिवार्य कल्याण कार्यक्रम शुरू करें। उनकी भलाई सुनिश्चित करने से नौकरशाहों को नए उद्देश्य और जोश के साथ राष्ट्र की सेवा करने में मदद मिलेगी। बढ़ते कार्यभार और सार्वजनिक अपेक्षाओं के कारण तनाव, थकान और घटती उत्पादकता सिविल सेवकों के बीच एक बढ़ती चिंता है। यह घटना शासन की दक्षता को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करती है, जमीनी स्तर पर काम करने वाले सिविल सेवक सरकारी नीतियों की एक शृंखला के अंतिम कार्यान्वयनकर्ता और निष्पादक होते हैं और सामाजिक स्थिरता और सामंजस्यपूर्ण विकास के लिए मूलभूत शक्ति होते हैं। वर्तमान में सिविल सेवाओं में तनाव का स्तर ऊँचा है क्योंकि कल्याणकारी राज्य की निरंतर बढ़ती अपेक्षाएँ, गठबंधन की राजनीति के कारण परस्पर विरोधी तथा कठिन दबाव, मीडिया का दबाव, सिविल सोसाइटी के आंदोलन इत्यादि सिविल सेवकों से ही तत्काल परिणाम चाहते हैं। इतनी जटिल परिस्थितियों में वही सिविल सेवक सफल हो पाता है, जिसमें तनाव प्रबंधन तथा अपनी व दूसरों की भावनाओं के प्रबंधन की क्षमता अधिक होती है। आधुनिक शासन की चुनौतियों का समाधान करने में सक्षम एक लचीला प्रशासनिक ढांचा बनाने के लिए व्यापक सुधारों की आवश्यकता को उजागर करती है।

नौकरशाहों को विषाक्त कार्य वातावरण, मौखिक दुर्व्यवहार और लगातार मल्टीटास्किंग का सामना करना पड़ता है, जो मानसिक स्वास्थ्य को काफी प्रभावित करता है। ज्यादातर आईएएस अधिकारी राहत कार्यों का प्रबंधन करने के लिए लंबे समय तक अनिद्रा और बर्नआउट का शिकार होते है। तेजी से विकसित हो रही हितधारक मांगें और सीमित प्रशिक्षण नौकरशाहों के तनाव को बढ़ाते हैं और अनुकूलन क्षमता को कम करते हैं। महामारी के दौरान ज़िला कलेक्टरों को वैक्सीन लॉजिस्टिक्स से जूझना पड़ा, जो संकट प्रबंधन में पुराने प्रशिक्षण को उजागर करता है। हथियारबंद नियमों के तहत पूछताछ किए जाने का डर तनाव को बढ़ाता है और निर्णय लेने को कमजोर करता है। एक आईआरएस अधिकारी को नई कर नीतियों को लागू करने में प्रक्रियात्मक खामियों पर असंगत जांच का सामना करना पड़ता है। एक अस्थिर, अनिश्चित, जटिल, अस्पष्ट दुनिया उनकी चुनौतियों को और खराब कर देती है। जलवायु परिवर्तन नीतियों को संभालने वाले नौकरशाहों को अपर्याप्त प्रशिक्षण के कारण वैज्ञानिक डेटा को एकीकृत करने में संघर्ष करना पड़ता है। शारीरिक थकान, चिड़चिड़ापन और कम रचनात्मकता जैसे लक्षण शासन कार्यों को प्रभावी ढंग से संभालने की उनकी क्षमता को कम करते हैं। परियोजनाओं का प्रबंधन करने वाले नौकरशाह लगातार तनाव से सम्बंधित थकान के कारण कम दक्षता का शिकार आते हैं। शासन की दक्षता पर नौकरशाही के बर्नआउट का नकारात्मक प्रभाव बर्नआउट प्रतिक्रिया समय को कम करता है, जिससे नीति कार्यान्वयन और सार्वजनिक सेवा वितरण में देरी होती है। 2018 के केरल बाढ़ के दौरान धीमी कार्यवाही ने राहत प्रयासों में देरी की और सार्वजनिक शिकायतों को बढ़ा दिया। बर्नआउट के कारण जोखिम का डर शासन प्रक्रियाओं में प्रयोग को रोकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल शासन परियोजनाओं में नवीन विचारों की कमी के कारण इष्टतम परिणाम सामने आए। तनाव से सम्बंधित अकुशलता जनता के अविश्वास और शासन के प्रति असंतोष को बढ़ावा देती है पूर्वोत्तर राज्य के एक स्वास्थ्य विभाग ने मलेरिया के प्रकोप के दौरान खराब समन्वय की सूचना दी, जिससे प्रतिक्रिया उपायों पर असर पड़ा। थकान और मानसिक तनाव से महत्त्वपूर्ण नीतिगत त्रुटियों का जोखिम बढ़ जाता है, जिससे शासन की गुणवत्ता कम हो जाती है।

प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना को लागू करने में त्रुटियों के कारण हाशिए पर पड़े समुदायों के लिए वित्तीय बहिष्कार हुआ। एक लचीले प्रशासनिक ढांचे के लिए व्यापक सुधार करना बहुत जरूरी है।

मानसिक स्वास्थ्य का समर्थन करने के लिए गोपनीय परामर्श सेवाएँ और अनिवार्य कल्याण कार्यक्रम शुरू करें। नौकरशाहों के लिए कर्नाटक की पायलट तनाव-प्रबंधन कार्यशालाओं ने 2023 में अधिकारियों के मनोबल और दक्षता में सुधार किया हैं। उभरती चुनौतियों, नेतृत्व और प्रौद्योगिकी पर नियमित प्रशिक्षण को संस्थागत बनाना, दक्षता बढ़ाने के लिए स्मार्ट सिटी परियोजनाओं का प्रबंधन करने वाले अधिकारियों के लिए एआई एकीकरण कार्यशालाएँ आयोजित करना, नवाचार के लिए ठोस पुरस्कार प्रदान करना और निर्णय लेने में प्रयोग के लिए सुरक्षित मार्जिन की अनुमति देना अति आवश्यक हैं। महाराष्ट्र के अभिनव ग्रामीण आवास योजना अधिकारियों को विशेष मान्यता मिली, जिससे साहसिक शासन दृष्टिकोण को बढ़ावा मिला। विनियामक भय को कम करने और स्वायत्त निर्णय लेने को प्रोत्साहित करने के लिए सेवा नियमों को सरल और आधुनिक बनाएँ। गुजरात ने अपनी सौर ऊर्जा नीतियों में नौकरशाही प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित किया, परियोजना अनुमोदन में तेजी लाई। लचीली समय-सारिणी और चिंतन के लिए व्यक्तिगत समय को बढ़ावा देने वाली नीतियाँ स्थापित करें। नौकरशाही की थकान से निपटने के लिए मानसिक स्वास्थ्य, कौशल विकास और नवाचार के लिए प्रोत्साहन को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है ताकि शासन दक्षता को बढ़ाया जा सके।

एक सहायक ढांचा सिविल सेवकों को स्पष्टता और लचीलेपन के साथ प्रदर्शन करने के लिए सशक्त बनाता है। जैसा कि गांधीजी ने कहा था, "खुद को खोजने का सबसे अच्छा तरीका है दूसरों की सेवा में खुद को खो देना।" उनकी भलाई सुनिश्चित करने से नौकरशाहों को नए उद्देश्य और जोश के साथ राष्ट्र की सेवा करने में मदद मिलेगी। लचीलेपन में सुधार और तनाव को कम करना जमीनी स्तर के सिविल सेवकों में अवसाद और चिंता को रोकने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ये निष्कर्ष समाज और सरकारी विभागों को जमीनी स्तर के सिविल सेवकों की मानसिक स्वास्थ्य स्थिति को बेहतर ढंग से समझने और सम्बंधित प्रबंधन और रोकथाम उपायों के निर्माण के लिए मार्गदर्शन प्रदान करने और जमीनी स्तर के सिविल सेवकों के लिए उच्च-स्तरीय कार्य वातावरण बनाने में मदद कर सकते हैं।



## कविता

### नवीनता की धारा

जीवनचर्या एक धारा है,
हर रोज नई, अनोखी सी बात है।
नवीनता की इस लहर में,
हमें जीवित रखने की शक्ति है।

जिजीविषा को बनाए रखने की,
यह नवीनता हमें प्रेरित करती है।
नीरसता से बचाती है,
वर्तमान को भूत से अलग करती है।

नई आभा बिखेरती है,
नए बिंदुओं से परिचय करवाती है।
जीवन को रंगीन बनाती है,
नवीनता की यह धारा हमें आगे बढ़ाती है।

नए की ओर खिंच जाना,
मनुष्य का सहज स्वभाव है।
नया सुंदर और आकर्षित करने वाला,
हमें अपने सामने खींचता है।

नया आता है, बदलाव लाता है,
उम्मीद, रस, सौंदर्य और सृजन।
पुराने के साथ जीते हुए भी,
नए की कल्पना हमें रोमांच से भर देती है।

नए वर्ष की उत्सुकता और उत्सव,
नए के प्रति आकर्षण का परिणाम है।
हम नए की ओर बढ़ते हैं,
नए की ओर खिंचते हैं, नए की ओर जीते हैं।

नया हमें जीवन देता है,
नया हमें आशा देता है।
नया हमें सृजन की शक्ति देता है,
नया हमें जीने का मौका देता है।

रामानुज पाठक

# महाकुंभ भारतीय अध्यात्म और सांस्कृतिक विशिष्टता का समग्र दर्शन

नरेंद्र तिवारी

**प्रयागराज** महाकुंभ की तिथियों का निकट आना भारतीय अध्यात्म एवं सांस्कृतिक विशेषताओं के समग्र दर्शन की कामना पूर्ति के समय के निकट आने के समान है, यानी सनातनी सांस्कृतिक विरासत की गूढ़ परंपराओं के महादर्शन का शुभ अवसर, जिसकी श्रेष्ठता का गुणगान भारतीय ऋषि मुनियों ने ही नहीं, बल्कि विदेश यात्रियों ने भी किए है। कुंभ आयोजन एक प्राचीन और सांस्कृतिक हिन्दू पर्व है, जो हर 12 बरस में आयोजित किया जाता है। महाकुंभ का आयोजन पवित्र नदियों के किनारे आयोजित किया जाता है, जहां लाखों, करोड़ो श्रद्धालु स्नान और पूजाझअर्चना करने के लिए इकट्ठा होते है। भारतीय सांस्कृतिक और आध्यात्मिक सम्पन्नता वैश्विक समुदाय के लिए दर्शन और आस्था का केंद्र सदियों से रही है। कुंभ का इतिहास और उससे जुड़ी कहानी भी शताब्दियों से प्रचलित है। कुंभ आयोजन का इतिहास लगभग 2000 वर्ष पुराना है, जब भगवान विष्णु द्वारा समुद्र मंथन के दौरान अमृत कलश की प्राप्ति हुई। इस कलश को लेकर देवताओं और असुरों के मध्य हुए संग्राम में कलश की कुछ बूंदे पृथ्वी पर गिर गई थी। इन बूंदों के गिरने के स्थानों पर कुंभ आयोजन किया जाता है। कुंभ आयोजन के चार प्रमुख स्थान है, हरिद्वार गंगा नदी के किनारे, प्रयागराज गंगा, यमुना, और सरस्वती का संगम स्थल, उज्जैन शिप्रा नदी के किनारे, नाशिक गोदावरी नदी के किनारे हर बारह वर्ष में आयोजित होता है। अंग्रेजी कैलेंडर के वर्ष 2025 के माह जनवरी की 13 तारीख से हिन्दू कैलेंडर की पौष सुदी 15 विक्रम संवत 2081भारत के महातीर्थ गंगा, जमुना, सरस्वती के संगम स्थल प्रयागराज में भव्य महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है। जिसकी व्यापक तैयारियां की जा चुकी है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार प्रथम कुंभ का आयोजन राजा हर्षवर्धन के राज्यकाल में 664 ईसा पूर्व में हुआ था। प्रसिद्ध चीनी यात्री हैनसांग ने अपनी भारत यात्रा पर लिखी पुस्तक में कुंभ मेले का उल्लेख करते हुए राजा हर्षवर्धन की दानवीरता का जिक्र भी किया। हेनसांग के मुताबिक राजा हर्षवर्धन हर पांच वर्ष में नदियों के संगम पर एक बड़ा आयोजन करते थे, जिसमें वह अपना पूरा राजकोष गरीबों, साधु, संतों, ऋषि, मुनियों धार्मिक लोगो को दान करते थे। ग्रंथों के अनुसार इसी संयोग में कुंभ का आयोजन होता है। महाकुंभ का यह आयोजन दुनियाँ के सबसे बड़े उत्सव में शुमार है। यह हिंदू समाज के सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। इस महाकुंभ में भारत वर्ष से करोड़ों श्रद्धालु प्रयागराज संगम स्थल पर पवित्र स्नान करते है। इस सांस्कृतिक उत्सव के दर्शन करने विदेशी नागरिक भी बड़ी संख्या में आते है।

## विचार

# क्यों वीर सावरकर के नाम पर कॉलेज खुलने से क्यों खफा

डॉ० आर.के. सिन्हा

**वीर सावरकर के** नाम पर दिल्ली यूनिवर्सिटी एक नया कॉलेज खोलने जा रही है। वीर सावरकर जैसे महान स्वाधीनता सेनानी के नाम पर कॉलेज खुलने से देश भर के नौजवान निश्चित रूप प्रेरित ही होंगे। इस बारे में किसी को किसी तरह का शक भी नहीं होना चाहिए। पर कांग्रेस को तकलीफ हो रही है। कांग्रेस को वीर सावरकर के नाम से ही हमेशा ही चिढ़ रहा है। अब कांग्रेस को कौन बताए कि वीर सावरकर, जिनका पूरा नाम विनायक दामोदर सावरकर था, भारत के स्वाधीनता आंदोलन के एक ही अत्यंत महत्वपूर्ण हस्ताक्षर थे। वे एक महान क्रांतिकारी, राष्ट्रवादी विचारक, लेखक और वकील थे। उनका जीवन और कार्य भारतीय इतिहास के एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण और क्रांतिकारी अध्याय का प्रतिनिधित्व करते हैं। काश, सावरकर के नाम पर खुलने वाले कॉलेज का विरोध करने वाले वीर सावरकर के बारे में अपने महान नेत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की ही राय को जान लेते। इंदिरा गांधी जब भारत की सूचना और प्रसारण मंत्री थीं तब उन्हीं के निर्देश पर वीर सावरकर पर केंद्रित डाक्यमेंट्री फिल्म उनके विभाग ने बनाई थी। इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री रहते हुए सावरकर की स्मृति में डाक टिकट भी जारी हुआ। श्रीमती इंदिरा गांधी ने अपने निजी खाते से सावरकर स्मृति कोष के लिये 11 हजार रुपये का अंशदान भी किया था।

श्रीमती इंदिरा गांधी ने सावरकर को ह्न रिमार्केबल सन ऑफ इंडियाह्न कहा था। इंदिरा गांधी ने 20 मई 1980 को पंडित बाखले, सचिव, ह्नस्वतंत्रवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारकह्न के नाम से संबोधित चिट्ठी में सावरकर के योगदान का जिक्र किया था। इस पत्र में इंदिरा गांधी ने लिखा है, 'मुझे आपका पत्र 8 मई 1980 को मिला था। वीर सावरकर का ब्रिटिश सरकार के खिलाफ मजबूत प्रतिरोध हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के लिए काफी अहम है। मैं आपको देश के महान सपूत के शताब्दी समारोह के आयोजन के लिए बधाई देती हूं।' मशहूर लेखक वैभव पुरंदरे ने अपनी किताब 'द ट्रू स्टोरी ऑफ फादर ऑफ हिंदुत्व' में लिखा है कि इंदिरा गांधी का लिखा पत्र सत्य है। किताब में लिखा है कि इंदिरा गांधी ने 1966 में सावरकर के निधन पर गहरा शोक भी जताया था। इंदिरा गांधी ने सावरकर को महान क्रांतिकारी बताते हुए तारीफ की थी और एक बयान भी जारी किया था। इंदिरा गांधी ने कहा था कि सावरकर ने अपने कार्यों से पूरे देश को प्रेरित किया था। अफसोस कि कांग्रेसियों को सच जानने से कोई मतलब ही नहीं रहा। उन्हें तो मीन-मेख निकालनी है। इसलिए इतनी पुरानी पार्टी सिकुड़ती ही चली जा रही है। वीर सावरकर तो बचपन से ही देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत थे और उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ विरोध में भाग लेना शुरू कर दिया था। सावरकर 1905 में श्यामजी कृष्ण वर्मा द्वारा स्थापित 'इंडिया हाउस' में शामिल होने के लिए लंदन चले गए। लंदन में, उन्होंने 'अभिनव भारत' नामक एक गुप्त क्रांतिकारी संगठन की स्थापना की, जिसका उद्देश्य भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्त करना था। उन्होंने '1857 का भारतीय स्वतंत्रता संग्राम' नामक एक पुस्तक लिखी, जिसमें उन्होंने 1857 के सिपाही विद्रोह को भारत का पहला स्वतंत्रता संग्राम बताया। इस पुस्तक को ब्रिटिश सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया था।

सावरकर ने इटली के क्रांतिकारी नेता गिउसेप्पे मैजिनी से प्रेरणा ली और उनकी क्रांतिकारी विचारधारा को भारतीय संदर्भ में लागू करने का प्रयास किया। 1910 में, सावरकर को नासिक के जिला मजिस्ट्रेट जैक्सन की हत्या में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।उन्हें दोषी ठहराया गया और 50 साल की कारावास की सजा सुनाई गई। उन्हें अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में स्थित सेलुलर जेल में भेजा गया, जहाँ उन्होंने कई वर्षों तक कठोर यातनाएं सहीं। काला पानी में उन्होंने एकांत कारावास, कठोर श्रम और अमानवीय परिस्थितियों का सामना किया।कोल्हू में बेल की तरह जोतकर उनसे सूखे नारियल से तेल निकलवाया जाता था।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# नो डिटेंशन पॉलिसी में संशोधन

डॉ रामानुज पाठक

**यह स्वागत यो**ग्य है कि केंद्र सरकार ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की एक बड़ी खामी को दूर कर दिया। अब पांचवीं और आठवीं कक्षा के छात्रों को अगली कक्षा में प्रमोट करने के लिए परीक्षा पास करना अनिवार्य होगा। 2010 में लागू नो डिटेंशन पॉलिसी के तहत छात्रों को बिना परीक्षा फेल किए ही अगली कक्षा में प्रमोट किया जाता था। इस नीति का उद्देश्य बच्चों को तनावमुक्त करना और स्कूल छोड़ने की प्रवृत्ति रोकना था। हालांकि, इसने शिक्षा की गुणवत्ता को बुरी तरह प्रभावित किया।

पुरानी नीति के **दुष्परिणाम**

नो डिटेंशन पॉलिसी के तहत छात्रों को फेल न करने से:

1. **शिक्षा का स्तर गिरा:** कई बच्चे बिना बुनियादी ज्ञान के ही अगली कक्षा में पहुंच रहे थे।
2. सरकारी स्कूलों की स्थिति खराब हुई: गरीब परिवारों के बच्चे, जिनके माता-पिता शिक्षा पर ज्यादा ध्यान नहीं दे पाते, सबसे ज्यादा प्रभावित हुए।
3. **शिक्षकों की लापरवाही:** फेल न करने की नीति ने शिक्षकों को जवाबदेही से मुक्त कर दिया।
4. **बच्चों की योग्यता में कमी:** सर्वेक्षणों ने दिखाया कि आठवीं के बच्चों को चौथी कक्षा का गणित और दूसरी कक्षा की हिंदी नहीं आती।

**नीति बदलने की मांग**

पिछले एक दशक में कई सर्वेक्षणों ने इस नीति की खामियों को उजागर किया। 2016 में केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड ने इसे बदलने की सिफारिश की। 2019 में केंद्र सरकार ने राज्यों की सहमति से इसे संशोधित किया, लेकिन इसे लागू करना राज्यों पर छोड़ दिया गया। दिल्ली, बिहार, गुजरात जैसे 16 राज्यों ने इसे अपनाया, लेकिन उत्तर प्रदेश, कर्नाटक जैसे कुछ राज्य अभी भी पुरानी नीति पर चल रहे थे।

**संशोधित नीति के लाभ**

1. **पढ़ाई के प्रति गंभीरता:** नई नीति के तहत छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों में पढ़ाई के प्रति जिम्मेदारी बढ़ेगी।
2. **कमजोर छात्रों पर ध्यान:** फेल होने वाले बच्चों को दो महीने बाद दोबारा मौका मिलेगा।
3. **शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार:** सरकारी स्कूलों की शिक्षा में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद है।
4. **छात्रों का समग्र विकास:** स्कूलों को बच्चों के व्यक्तित्व विकास और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने का निर्देश दिया

# स्वास्थ्य मंत्री का ओलंपिक गोल्ड

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**चरणजीत वर्मा,** जो अब तक एक आम से शहर के अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर के रूप में जाने जाते थे, अचानक से सोशल मीडिया पर एक सितारे में बदल गए। उनके ट्विटर पर 20,000 से ज्यादा फॉलोअर्स थे, फेसबुक पर लाइक्स की गिनती हजारों में थी, और इंस्टाग्राम पर उनकी 'हैंडसम डॉक्टर' वाली सेल्फी ने वायरल हो जाने के बाद, उनका नाम मानो हर छोटे-बड़े परिवार में गूंजने लगा।

इतना ही नहीं, चरणजीत जी को एक दिन अचानक शहर के स्वास्थ्य मंत्री के "विशेष सम्मान" से नवाजा गया। सम्मान का कारण बड़ा दिलचस्प था झ उन्होंने हाल ही में शहर के सबसे बड़े अस्पताल में एक ऐलान किया था: "हमने पूरे शहर में हेल्थ चेकअप के लिए मुफ्त कूपन बांटे हैं। बस, कूपन दिखाओ और इलाज पाओ।"

अब यहाँ पर लोग सोच रहे थे कि शायद डॉक्टर साहब ने कोई बड़ी क्रांतिकारी योजना बनाई है, लेकिन असल में वह कूपन सिर्फ एक मीठे पैकेट के बदले में बांटे गए थे, जिनमें एक हंसती हुई फोटो और डॉक्टर साहब के "स्वास्थ्य मंत्रियों जैसा कार्य" करने की तारीफ थी। लोग खुश थे, क्योंकि कूपन के बदले में उन्हें इलाज का भरोसा मिला था, लेकिन इलाज की असलियत वही थी झ दर्द निवारक दवाइयाँ, जो हमेशा "शायद" असर कर जाती हैं।

सबसे मजेदार बात यह थी कि चरणजीत साहब ने यह घोषणा की थी कि उनके अस्पताल में ओलंपिक गोल्ड मेडल की तरह हर मरीज को बेस्ट इलाज मिलेगा, लेकिन एक महीने बाद यह पता चला कि वह गोल्ड मेडल सिर्फ सोशल मीडिया पर ही चमकता है, असल में इलाज में तो सफेद दवाइयाँ और ग्रीन टी चल रही थी। नतीजा यह हुआ कि आजकल अस्पताल में स्वास्थ्य सेवा से ज्यादा लोग अपनी सोशल मीडिया अपडेट्स पर ध्यान दे रहे हैं।

"आज का इलाज, अगले स्टेटस का अपडेट" झ यही अब इस शहर का नया मंत्र बन चुका है।

## न्यूज फ्लैश

## नगर निगम चुनाव को लेकर एडहॉक कमेटी की बैठक में वार्ड हुए आरक्षित: उत्तम सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** नगर निगम चुनाव के लिए वार्ड आरक्षित करने को लेकर एडहॉक कमेटी की बैठक शनिवार को करनाल के लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीसी उत्तम सिंह ने की। बैठक के दौरान एडहॉक कमेटी के सदस्य मौजूद रहे। इनके साथ-साथ निगम कमिश्नर डॉ. वैशाली शर्मा व एडीसी यश जालुका भी मौजूद रहे। एडहॉक कमेटी व मीडिया की मौजूदगी में नगर निगम चुनाव के लिए वार्ड आरक्षित किए जाने के लिए ड्रॉ निकाला गया।

**ये वार्ड किए गए आरक्षित**

एससी वर्ग उम्मीदवार के लिए : वार्ड-6 और वार्ड-14 आरक्षित।
एससी वर्ग महिला उम्मीदवार के लिए : वार्ड-1 आरक्षित।
बीसी-ए वर्ग उम्मीदवार के लिए : वार्ड-7 आरक्षित।
बीसी-ए वर्ग महिला उम्मीदवार के लिए : वार्ड-2 आरक्षित।
बीसी-बी वर्ग महिला उम्मीदवार के लिए : वार्ड-17 आरक्षित।
महिला सामान्य वर्ग उम्मीदवार के लिए : वार्ड-9, वार्ड-10, वार्ड-15 और वार्ड-16 आरक्षित।

**पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई वार्ड आरक्षण प्रक्रिया**

डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि नगर निगम चुनाव के लिए वार्ड आरक्षित करने को लेकर एडहॉक कमेटी की बैठक आयोजित की गई थी। जिला प्रशासन का उद्देश्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ नगर निगम चुनाव से संबंधित गतिविधियों को संपन्न करवाना है। बैठक में मौजूद एडहॉक कमेटी के सदस्यों की मौजूदगी में ड्रॉ निकलवाया गया। इस दौरान इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करवाई गई। इसके साथ-साथ मीडिया कर्मियों ने भी पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाई गई। इस दौरान सीटीएम मोनिका, पूर्व मेयर रेनु बाला गुप्ता, पूर्व डिप्टी मेयर नवीन, पूर्व पार्षद वीर विक्रम, पूर्व पार्षद रजनी परोचा, पूर्व पार्षद युद्धवीर, विनय पोसवाल व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## जिला पुलिस का मौजिज व्यक्तियों के साथ बैठक कर जनसम्पर्क अभियान जारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने नरेश कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के मार्ग-निर्देश में जिला पुलिस का मौजिज व्यक्तियों के साथ बैठक कर जनसम्पर्क अभियान लगातार जारी है। अभियान के तहत उप पुलिस अधीक्षक शाहबाद राम कुमार ने धन्तोड़ी, चनारथल, छपरी व छपरा गांवों का दौरा कर मौजिज व्यक्तियों के साथ बैठकों का आयोजन किया। बैठक में गांव के सरपंच, पंचायत सदस्य व मौजिज व्यक्तियों ने भाग लिया। बैठक में उप पुलिस अधीक्षक राम कुमार ने गांव वासियों की समस्याओं को सुना और उनका निदान करने का आश्वासन दिया। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि डीएसपी राम कुमार ने थाना शाहबाद के अंतर्गत धन्तोड़ी, चनारथल, छपरी व छपरा गांवों का दौरा किया। आमजन से बात करते हुए ने उन्होंने कहा कि पुलिस और आमजन अगर तालमेल के साथ कार्य करे तो अपराधो पर नियंत्रण पाया जा सकेगा और अपराधो में कमी आयेगी। उन्होंने कहा कि गांव में आपसी भाईचारा वा सौहार्द बना कर रखें। उप पुलिस अधीक्षक ने आमजन की शिकायतें सुनी तथा शिकायतों को संबन्धित थाना प्रभारी को भेजकर तुरंत कारवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में मौजूद व्यक्तियों को कहा कि यदि आपके गांव में कोई व्यक्ति नशा करता है या नशा बेचता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को 74969-85327 पर दें।

# सावित्रीबाई फुले ने महिला सशक्तिकरण के लिए कई कार्य किए: सुमन सैनी

### सामाजिक बंधनों को तोड़ते हुए सावित्रीबाई फुले ने अपने जीवन को महिला शिक्षा और सशक्तिकर[ण] के प्रति किया समर्पित

**खरखौदा(सोनीपत)** सावित्रीबाई फुले की जयंती पर मुख्यमंत्री नायब सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने शनिवार को खरखौदा पहुंचकर सावित्रीबाई फुले महिला एवं बाल पार्क में स्पेशल लाईब्रेरी कम बहुउद्देशीय हॉल की आधारशिला रखी। उन्होंने पार्क में बनी देश की पहली शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर पुष्पार्पित करते हुए उन्हें नमन किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी की तरफ से लाईब्रेरी कम बहुउद्देशीय हॉल निर्माण के लिए 21 लाख रुपए देने की घोषणा भी की। इस दौरान सुमन सैनी ने उपस्थित खरखौदा वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज केन्द्र व प्रदेश सरकार ने सावित्रीबाई फुले के संकल्प पर चलते हुए महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया है।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने महिलाओं को संसद में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का ऐतिहासिक कार्य किया। वहीं प्रदेश सरकार ने भी महिलाओं को पंचायती राज में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी दिलाने का कार्य किया, जिसकी बदौलत आज हमारी महिलाएं पार्षद, सरपंच व पंच बनकर अपने क्षेत्र व गांव के विकास के लिए कार्य कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले केवल नाम नहीं, बल्कि नारी सशक्तिकरण और बेटियों की शिक्षा की एक पूरी कहानी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं को शिक्षित करने और सशक्त बनाने के लिए कृतसंकल्प है और इस संकल्प को पूरा करने के लिए निरंतर अथक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक क्रांति की अग्रदूत और महिला सशक्तिकरण की बुलंद आवाज सावित्री बाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका ही नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र व्यक्तित्व और महिलाओं के अधिकारों की प्रणेता थी। सैनी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने सामाजिक बंधनों को तोड़ते हुए अपने जीवन को महिला शिक्षा और सशक्तिकरण के प्रति समर्पित किया। उन्होंने अपने जीवन का उद्देश्य ही विधवा विवाह करवाना, छुआछूत मिटाना, महिलाओं की मुक्ति और महिलाओं को शिक्षित करना बना लिया था। महिला उत्थान में सावित्री बाई फुले हमारी प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने महिला शिक्षा और उनके उत्थान के लिए अनेक विरोधों के बावजूद डटकर काम किया। उन्होंने महाराष्ट्र के पुणे में पहला बालिका विद्यालय खोला।

## विधायक ने पीडब्लूडी विश्राम गृह में सुनी जन समस्याएं



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल विधानसभा के विधायक जगमोहन आनंद ने शनिवार को पीडब्लूडी विश्रामगृह पर आमजन की समस्याएं सुनी। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग पहुंचे, उन्होंने बारी-बारी से सभी की समस्याओं को सुना और जल्द से जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इसके साथ-साथ उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। जगमोहन आनंद ने कहा कि उनके लिए जनसेवा सर्वोपरि है। करनाल की जनता ने उन्हें चुनकर विधानसभा भेजा है। उनकी शिकायतों, मांगों और समस्याओं को सुनना व उनका समाधान करना उनका पहला कर्तव्य है। लोगों के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले हैं। करनाल की जनता की सेवा करना उनका दायित्व है। इस कार्य में वे निरंतर लगे रहेंगे। विधायक ने कहा कि करनाल ही नहीं, बल्कि पूरे हरियाणा में विकास कार्यों की गति और तेज होगी। पीएम नरेंद्र मोदी व सीएम नायब सिंह सैनी की डबल इंजन की सरकार प्रदेश में तरक्की के और नए रास्ते खोलेगी।

## फरीदाबाद में परिवार को बंधक बनाकर बदमाशों ने की लूटपाट

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में शुक्रवार देर रात को आधा दर्जन हथियारबंद बदमाश एक घर में घुस गए। उन्होंने परिवार के लोगों के साथ मारपीट की और बंधक बना लिया। बदमाश यहां से डेढ़ लाख रुपए कैश और सोने के गहने लूट कर ले गए। शनिवार सुबह वारदात की सूचना मिलते ही लोगों की घर पर भीड़ लग गई। फरीदाबाद के करनेरा गांव में रहने वाले नवीन त्यागी ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि रात करीब 12 बजे आधा दर्जन लोग दीवार कूद कर उसके घर में घुस गए। बाहर के एक कमरे में छोटी बेटी पूर्वशी पढ़ रही थी। सबसे पहले बदमाश उसके कमरे घुसे और उसके मुंह पर हाथ रख दूसरे कमरे में लग गए।

## एनएसएस सप्त दिवस कैंप का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** मुरलीधर डीएवी विद्यालय में 28 दिसम्बर से 3 जनवरी तक सप्त दिवसीय एन एस एस कैंप लगाया गया। इस कैंप का शुभारम्भ श्री विजय कुमार (जिला प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर) अम्बाला एन एस एस के कर कमलो द्वारा किया गया। इन सात दिनों मे छात्रों को विभिन्न गतिविधियां कराई गई। दूसरे दिन छात्रों को फर्स्टएड की ट्रेनिंग दी गई। तीसरे दिन विद्यालय की योग शिक्षिका श्रीमती भाविका ने छात्रों को योग के कुछ मुख्य आसन कराय व योग का जीवन मे महत्व बताते हुए प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया। चौथे दिन श्री शिव कुमार जो आर आर एस के एक कार्यकर्ता है उन्होंने




युवावस्था में होने वाली अनेक परेशानियों को मद्दे नजर रखते हुए उनसे मुकाबला करने की अनेक स्किल्स छात्रों को बताई। पांचवे दिन विद्यालय के अध्यापक श्री कृष्ण लाल जी द्वारा भाषण दिया गया। छात्रों ने विद्यालय के ग्राउंड मे सफाई की व छात्रों मे समाज के प्रति अपने दायित्व निभाने के लिए प्रेरित किया। जग्गी सिटी सेंटर मे ड्रग्स एडिक्शन पर एक लघु नाटिका छात्रों ने पेश की व लोगों को युवा पीढ़ी को ड्रग्स न लेने के लिए प्रेरित किया। छठे दिन श्री प्रेम रावत अंतराष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर व शांति के दूत के नाम से जाने जाते है। उनके द्वारा बनाई गई छात्रों को एक वीडियो दिखाई गई जिसमे युवा पीढ़ी कैसे अपने क्रोध पर नियंत्रण रखकर प्रेम से जीवन जीने की कला सीख सकते है। सातवें दिन छात्रों को ऐतिहासिक भ्रमन भानूखेड़ी व लखनौर साहिब गुरुद्वारा ले जाया गया। जहाँ छात्रों ने लंगर सेवा की। छात्रों द्वारा ड्रग्स विरोध मे रैली निकाली गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी जी द्वारा छात्रों को सम्बोधित किया गया कि एन एस एस छात्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके माध्यम से छात्र समाज का एक अच्छा नागरिक, अपने कर्तव्यों के प्रति दायित्व निभाने वाला बनता है। जिसमे समाज के प्रति ही नहीं बल्कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य का बोध होता है। वह एक नेक इंसान व भाईचारा निभाने वाला सबका सहायक ये सभी गुण एन

## कोहरे के चलते आमने-सामने दो बाइकों की भिड़ंत

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर नाथुपूर चौक के पास दिल्ली-पानीपत सर्विस लाइन पर दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइकों के चालक घायल हो गए। राहगीरों की मदद से एक घायल को सोनीपत नागरिक अस्पताल व दूसरे को नरेला के राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां उपचार के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। मामले की सूचना मिलते ही कुंडली थाना व दिल्ली पुलिस ने शवों के पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजस्थान हाल में कुंडली निवासी राहुल (31) कामी गांव स्थित निजी कंपनी में बतौर मैनेजर के पद पर तैनात था। वहीं प्याऊ मनियारी निवासी सन्नी (27) मिठाई की दुकान पर काम करता था। दोनों बाइक सवार रात करीब 12 बजे धुंध के चलते नाथूपुर चौक के पास सर्विस लाइन पर आमने-सामने टकरा गए। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहुल नाम के युवक को उपचार के लिए सोनीपत नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि सन्नी को उपचार के लिए नरेला राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में लेकर जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## पानीपत के दो स्थानों पर नशे के विरुद्ध व्याख्यान दे किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, भापुसे साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, भापुसे और पंखुडी कुमार के आदेशानुसार हरियाणा भर में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। ब्यूरो द्वारा पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा को जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। वे इस कार्य को करने के



लिए साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए हरियाणा के गांव गांव तक जाकर युवाओं और विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। आज वे पानीपत जिले में पहुंचे हुए थे। सर्वप्रथम वे पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाटल पहुंचे और राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के अंतर्गत शिक्षक एवं कार्यक्रम संयोजक पवन कुमार की अध्यक्षता में ब्यूरो द्वारा 69 वां नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किया जिसमें 54 प्रतिभागियों ने भाग लिया। ब्यूरो अधिकारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते

**जागरूक किया**

**हरियाणा के गांव गांव तक जाकर युवाओं और विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित कर रहे हैं**

हुए कहा कि हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो और पुलिस न केवल अपराधियों को सलाखों के पीछे भेज रही है अपितु जागरूकता के माध्यम से भी नशा मुक्त हरियाणा बनाने के लिए प्रयत्नशील है ताकि कोई व्यक्ति अशिक्षा, अज्ञानता, कर्तव्य विमुखता और लोभ आदि के चक्कर में नशे की दलदल में न फंसे।

कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई गयी। तत्पश्चात राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कवी में नशे के विरुद्ध 70 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां पर 60 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। दोनों स्थानों पर नशे के दुष्प्रभावों के बारे विस्तार से बताया गया कि प्रतिबंधित नशा मनुष्य के लिए किस प्रकार हानिकारक है।

## गाँवों को नशा-मुक्त बनाने व सहयोग करने वालों को किया जाएगा सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर के निदेशानुसार व पुलिस महानिरीक्षक अम्बाला मण्डल अम्बाला छावनी शिबास कबिराज के कुशल मार्गदर्शन एवम पुलिस अधीक्षक अम्बाला के नेतृत्व में आमजन के सहयोग से नशा मुक्त भारत अभियान के दौरान नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा रही है और इसके साथ-साथ जिला अम्बाला में नशे की रोकथाम, नशे से दूर रहने, नशे के दुष्परिणामों बारे आम नागरिको विशेषकर युवाओं को



जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक अम्बाला श्री सुरेन्द्र सिहँ भोरिया ने नशा-मुक्त भारत अभियान के तहत सदर थाना अम्बाला के गाँव भड़ी का विशेष दौरा कर वहाँ के मौजिक व्यक्तियों से मिलकर गाँव को नशामुक्त बनाने में सहयोग करने के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन व मौजिज व्यक्तियों के सहयोग से गांव/कस्बों/मौहल्लों को नशा मुक्त करने के लिए काफी समय से प्रयास किए जा रहे है।

## मुनाफा दिखा लगाया लाखों का चूना

**जींद।** ऑनलाइन ट्रेडिंग में अच्छा मुनाफा दिखा एप डाउनलोड करवा साइबर ठगों ने व्यक्ति को 16 लाख 45 हजार रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पटेल नगर नरवाना निवासी अनुपम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह फेसबुक पर कुछ देखा रहा था। जिस पर ऑनलाइन ट्रेडिंग करने पर अच्छा मुनाफा बताया जा रहा था। जिस पर लिंक को क्लिक कर लिया। जिसके साथ वह एक ग्रुप से जुड़ गया। वीडियोग्राफी के माध्यम से उसके नाम का खाता खोला गया।

## अधिवक्ता की कार को टक्कर मारने का प्रयास

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र में घर से दूध लेने के कार में सवार होकर निकले अधिवक्ता की गाड़ी को टक्कर मारकर हादसा करने के प्रयास का मामला सामने आया है। अधिवक्ता ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर कार में सवार दो युवकों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। अधिवक्ता के पिता ने वर्ष 2024 में गोहाना विधानसभा से विधायक पद के लिए चुनाव लड़ा था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शहर के मॉडल टाउन निवासी आशीष दहिया ने बताया कि वह बतौर

**शिकायत दर्ज**

**ट्रक मार्केट के मोड़ पर पहुंचा तो बैक मिरर में लाल कार नजर आई, जो कि उसके घर के पास खड़ी थी**

अधिवक्ता के तौर पर कार्य करता है। गत एक जनवरी को सुबह करीब 6.45 बजे वह अपने घर से अपने फार्म पर दूध लाने के लिए निकला था। एक लाल रंग की स्विफ्ट कार उसके घर के साइड मे खड़ी थी। उसकी आधी नंबर पलेट भी मुड़ी हुई थी। वह उस कार को नजरअंदाज करके अपनी फारचुनर कार से दिल्ली रोड स्थित अपने फार्म के लिए निकल गया। वह बहालगढ़ रोड पर ट्रक मार्केट के मोड़ पर पहुंचा तो बैक मिरर में लाल कार नजर आई, जो कि उसके घर के पास खड़ी थी। उस कार ने उसकी कार को साइड मारने की कोशिश की। उसने साइड करके अपनी गाड़ी को बचा लिया। उसने बताया कि फिर उस कार ने ट्रक यूनियन के गेट के सामने रोड पर बीच में लाकर उसकी गाड़ी के आगे अड़ा दी। वहां से भी वह साइड से अपनी गाड़ी को निकाल ले गया। आशीष ने बताया कि वहां उसने देखा कि स्विफ्ट कार में दो लोग सवार थे। फिर उसने अपने फार्म पर जाने के लिए बहालगढ़ रोड से सोनीपत शहर से विधायक निखिल मदान के घर के सामने से यू-टर्न लिया। इसके बाद लाल कार भी उसके पीछे मुड़ गई। तब उसे अपने साथ अनहोनी का अंदेशा हुआ और वह फार्म पर न जाकर सीधा घर आ गया। फिर वह अपने पिता राजवीर सिंह दहिया व भाई के साथ बहालगढ़ रोड पर गया तो वह लाल रंग की कार कहीं नहीं मिली।

**सीसीटीवी में दिखाई दी संदिग्ध कार-** पुलिस को दी शिकायत में आशीष ने बताया कि घर आकर उसने अपने घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी तो सामने आया कि वह कार उसके घर से निकलने से 15 मिनट पहले ही उसके घर के पास आकर खड़ी हुई थी। जैसे ही वह घर से

## क्षमता से ज्यादा दौड़ रहा चीनी मिल का पेराई सत्र, बना रहा रिकार्ड

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सोनीपत** चीनी मिल का पेराई सत्र मौजूदा समय में क्षमता से ज्यादा दौड़ रहा है। चीनी मिल क्षमता से ज्यादा चलकर रिकॉर्ड बना रहा है। बेहतर पेराई सत्र के चलने से मिल प्रबंधन व कारखाने के कर्मचारियों सहित गन्ना उत्पादकों में खुशी की लहर देखने को मिल रही है। वहीं किसान समय पर खेत से गन्ना छुलाई करके मिल यार्ड में पहुंचा रहे है। मिल प्रबंधन की तरफ से बेहतर व सुरक्षित पेराई सत्र को सुचारू रूप से चलाने का दावा किया जा रहा है। बता दें कि शहर के कामी गांव सड़क मार्ग स्थित दी सहकारिता चीनी मिल सोनीपत के पेराई सत्र वर्ष 2024-25 की प्रदेश सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा द्वारा बटन दबाकर गत 25 नवंबर को की थी। जिसके बाद पेराई सत्र को अगले दिन शुरू किया गया था, कारखाने में बॉयलर में आई कमी के चलते मिल प्रबंधन को परेशानी का सामना करना पड़ा था। जिसके बाद कमी को दूर कर पेराई सत्र को पटरी पर लाने का प्रयास किया जा रहा था। पांच दिन बाद ही यार्ड में गन्ने की कमी खलने लगी है। उसके बाद पेराई सत्र को रोकने पर मजबूर होना पड़ा था। उसके बाद रविवार को कारखाने में बॉयलर की ट्यूब लीक हो गई थी। जिसके चलते पेराई सत्र की रफ्तार

**आवक**

**चीनी मिल की पेराई क्षमता 22 हजार क्विंटल प्रतिदिन है। मिल प्रबंधन की माने तो गन्ने की आवक तेज हो चुकी है।**

धीमी करनी पड़ी थी। कारखाने में तैनात इंजीनियर व कर्मचारियों ने पेराई सत्र को रोका। उसके बाद बॉयलर ठंडा होने के बाद लीकेज हुई ट्यूब को ठीक कर पेराई सत्र को फिर चालू किया था। पेराई सत्र को दौरान कई बार तकनीकी खराबी के चलते सत्र को रोकना भी पड़ा था।

**मिल में पेराई क्षमता 22 हजार क्विंटल, बृहस्पतिवार को बनाया रिकॉर्ड-** चीनी मिल की पेराई क्षमता 22 हजार क्विंटल प्रतिदिन है। मिल प्रबंधन की माने तो गन्ने की आवक तेज हो चुकी है। गत दिनों पहले हुई बारिश के चलते यार्ड में किसान गन्ना लेकर नहीं पहुंच पाए थे। जिसके कारण पेराई सत्र को रोकना पड़ा था। मौसम साफ होने के बाद गन्ना उत्पादकों ने पर्याप्त मात्रा में गन्ना यार्ड में पहुंचाया। जिसके बाद पेराई सत्र सुचारू रूप से चल रहा है। बृहस्पतिवार को मिल प्रबंधन की तरफ से एक दिन में 23 हजार 96 क्विंटल गन्ने की पेराई कर रिकॉर्ड बनाया है। जिसके बाद से मिल प्रबंधन व गन्ना उत्पादकों में खुशी की लहर देखने को मिल रही है।

सोनीपत चीनी मिल में सात लाख क्विंटल गन्ने के करीब की पेराई का काम पूरा कर लिया गया है। मिल प्रशासन द्वारा सोनीपत चीनी मिल के अंतर्गत आने वाले किसानों के साथ लगभग 32 लाख क्विंटल गन्ने की बॉडिंग की गई है। पिछले कई सीजन की बात करे तो मिल औसतन 30 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई कर लेता है। पेराई सत्र अच्छा चल रहा है। कारखाने में तैनात कर्मचारी व गन्ना उत्पादकों के सहयोग से ऐसे ही पेराई सत्र को चलाने के लिए प्रयासरत है।

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में कारगर हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना: नेहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को सशक्त, स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की हुई है। योजना के तहत 18 से 60 वर्ष की आयु की महिलाओं को 5 लाख रुपये तक का ऋण 7 प्रतिशत ब्याज दर की छूट पर उपलब्ध करवाया जाता है। उपायुक्त ने कहा कि 18 से 60 वर्ष की आयु की जिन महिलाओं की पारिवारिक आय 5 लाख या फिर इससे कम हो और वे पूर्व



के किसी ऋण मामले में डिफाल्टर नहीं हो, इस योजना के तहत आवेदन कर सकती हैं। महिला को हरियाणा का निवासी होना अनिवार्य है। यह योजना महिलाओं को सशक्त एवं

**उपलब्ध**

**18 से 60 वर्ष की आयु की महिलाओं को 5 लाख रुपये तक का ऋण 7 प्रतिशत ब्याज दर की छूट पर उपलब्ध करवाया**

आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बेहद कारगर सिद्ध होगी तथा उनके जीवन स्तर में भी सुधार आएगा। उन्होंने कहा कि योजना के तहत ऋण प्राप्त करके महिलाएं स्वरोजगार स्थापित करके दूसरे नागरिकों को भी रोजगार प्रदान कर सकेंगी।

ACTION INDIA
नई दिल्ली, 05 जनवरी 2025
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

## न्यूज फ्लैश

### बच्ची को ट्यूशन छोड़ने गया पिता किडनैप



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में शनिवार को एक व्यक्ति किडनैप कर लिया गया। पीड़ित संदीप अपनी बच्ची को ट्यूशन पर छोडने के लिए घर से निकला था। जैसे ही वह बस अड्डे के पास पहुंचा, सफेद रंग की स्विफ्ट कार में सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने उसे जबरन गाड़ी में डाल लिया और फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद पुलिस और सीआईए की टीमें हरकत में आई। फिलहाल पुलिस आरोपियों तक पहुंचने के लिए इलाके के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। घटना नरूखेड़ी गांव की है। संदीप हरियाणा रोडवेज में बतौर ड्राइवर काम करता है। परिवार के अनुसार बस स्टैंड पर पीड़ित की बाइक खड़ी मिली, जबकि कार के शीशे काले होने की वजह से बदमाशों की पहचान नहीं हो सकी। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने पूरे इलाके में नाकेबंदी करवा दी है। सीआईए पुलिस के अधिकारी जांच में जुटे हैं और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि परिजनों ने किडनैपिंग की शिकायत दी है और उनके बयान दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। तथ्यों के आधार पर अगली कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित के परिवार में घटना के बाद से दहशत का माहौल है। उनका कहना है कि यह घटना दिनदहाड़े हुई है, जिससे गांव में डर का माहौल बन गया है। परिजनों ने पुलिस से जल्द कार्रवाई कर संदीप को सुरक्षित घर वापस लाने की अपील की है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

### गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व से पहले निकला नगर कीर्तन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** सिख पंथ के दशम गुरु तथा खलसा पंथ के संस्थापक सरवंश दानी श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व पर गुरुपर्व प्रबधंक कमेटी द्वारा पंथ प्रचारक बाबा सुक्खा सिंह के मागर्दशन में आज नगर कीर्तन करनाल में लोगों की आस्था का केंद्र बना। नगर कीर्तन में गुरु ससहेब की पालकी आस्था का केंद्र बनी थी। गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के महासचिव जत्थेदार इंद्रपाल सिंह ने बताया कि पंथ सेवक वावा सुक्खा सिंह जी, कार सेवा बालों की देखरेख में नगर कीर्तन निकला। नगर कीर्तन सुबह डेरा कारसेवा तथा मंजी साहेब गुरुद्वारे से गुरु की अरदास के साथ शुरू हुआ। इसमें गतका पार्टी, गुरु की पालकी साहेब, पंच प्यारे एवं कीर्तन जत्थे लोगों की आस्था का केंद्र बने हुए थे। इस अवसर पर पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता को सिरोपा भेंटकर सम्मानित किया गया। इससे पहले गुरु की पालकी में गुरु साहेब का प्रकाश किया गया। नगर कीर्तन गुरुद्वारा डेरा कार सेवा एवं गुरुद्वारा मंजी साहिब पातशाही पहली से आरम्भ होकर कर्ण गेट, कमेटी चौक, सब्जी मण्डी चौक, कुंजपुरा रोड, हस्पताल चौक, सैक्टर 12, निर्मल कुटिया, गुरुद्वारा सैक्टर-7, गुरुद्वारा बाबा कश्मीरा सिंह जी सैक्टर-6 के पीछे, मेरठ रोड, महाराणा प्रताप चौक से होता हुए गुरुद्वारा डेरा कार सेवा कलन्दरी गेट पहुंचा।

# मातृशक्ति जितनी सशक्त और सक्रिय होगी, समाज व परिवार उतना ही मजबूत होगा : कल्याण

## हरविंद्र कल्याण ने घरौंडा हलके के 9 गांवों का धन्यवादी दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनीं

**आभार**

▶▶ खरकाली का दौरा कर विधानसभा चुनाव में तीसरी बार विजयी बनाने पर लोगों का आभार जताया



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने आज घरौंडा हलके के 9 गांवों का धन्यवादी दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके निपटारे के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आगामी 5 सालों में हलके को विकास की नई बुलंदियों पर पहुंचाया जाएगा। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि मातृ शक्ति जितनी सशक्त और सक्रिय होगी समाज व परिवार उतना ही मजबूत होगा। देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में महिलाओं की अहम भूमिका रहेगी।

हरविंद्र कल्याण ने आज अभिनंदन एवं जन समस्या सुनवाई कार्यक्रम के तहत घरौंडा विधानसभा क्षेत्र के गांव पिंगली, घोगड़ीपुर, भूसली, समालखा, बीजना, रसीन, हसनपुर, झींवरहेड़ी और खरकाली का दौरा कर विधानसभा चुनाव में तीसरी बार विजयी बनाने पर लोगों का आभार जताया। आपके सहयोग की बदौलत ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और पार्टी की राज्य इकाई ने उन्हें स्पीकर के रूप में नई जिम्मेदारी सौंपी है। इस जिम्मेदारी को तो वे पूरी निष्ठा से निभायेंगे ही, हलके के लोगों को पहले की तरह पूरा समय देंगे।

**भवन का उद्घाटन, गली का शिलान्यास :** गांवों में पहुंचने पर विधानसभा अध्यक्ष का पगड़ी पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। उन्होंने गांव भूसली में स्वयं सहायता समूह के नये भवन का उद्घाटन किया। इस पर करीब 8 लाख रुपये की लागत आई है। इसी गांव में इंद्रा कालोनी में पीडब्ल्यूडी सडक से गांव के अंदर तक बनने वाली गली के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस पर 8 लाख 75 हजार रुपये खर्च होंगे। गली का निर्माण ग्राम पंचायत द्वारा कराया जायेगा।

**पिंगली को बताया प्रगतिशील गांव:** उन्होंने पिंगली को प्रगतिशील गांव बताते हुए लोगों से अपील की कि भविष्य में भी तरक्की की सोच को बरकरार रखते हुये आगे बढ़ें। सामूहिक जिम्मेदारी के दायित्व को वहन करते हुए गांव में साफ सफाई रखें। नशे के खिलाफ लड़ाई का संकल्प लें और बच्चों की शिक्षा की ओर विशेष ध्यान देकर उन्हें संस्कारवान बनायें। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास संबंधी हर कार्य को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जायेगा।

**मकान के लिये रजिस्ट्रेशन की अपील:** स्पीकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में देश में गरीबों व जरूरतमंदों के लिये 2 करोड़ मकान बनवाने का वादा किया था, जिसे पूरा किया गया। अब फिर उन्होंने 2 करोड़ मकान बनवाने का ऐलान किया है। हरियाणा में भी बड़ी संख्या में पात्र लोगों को मकान उपलब्ध कराये जायेंगे। उन्होंने पात्र लोगों से इसके लिये पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पिछले 10 सालों में व्यवस्था काफी बदली है।

# जगन्नाथ श्री पंचायती महानिर्वाणी अखाड़े की पेशवाई में शामिल हुए



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र से अखिल भारतीय श्री मारकंडेश्वर जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत जगन्नाथ पुरी ने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ 2025 में श्री पंचायती महानिर्वाणी अखाड़े की हुई पेशवाई ने महाकुंभ में आध्यात्मिक उत्साह बढ़ा दिया है। उन्होंने बताया कि उनके साथ कुरुक्षेत्र से महाकुंभ 2025 में श्री पंचायती महानिर्वाणी अखाड़े की पेशवाई सचिव महंत विश्वनाथ गिरी, महामंडलेश्वर स्वामी विद्या गिरि, महंत बंसी पुरी, महंत लक्ष्मी नारायण पुरी, महंत देव गिरी, महंत सर्वेश्वरी, स्वामी मणिराज पुरी, स्वामी लखन गिरी, स्वामी करुणा नंद पुरी, थानापति स्वामी प्रमोद पुरी, स्वामी महेश पुरी, स्वामी शिवानंद पुरी, स्वामी राम किशन पुरी, स्वामी पृथ्वी पुरी इत्यादि भी शामिल रहे।

महंत जगन्नाथ पुरी ने बताया कि महाकुंभ 2025 के लिए राजसी अंदाज में श्री पंचायती महानिर्वाणी अखाड़े का नगर प्रवेश हुआ। उन्होंने बताया कि धर्म और आस्था की नगरी प्रयागराज में 13 जनवरी को महाकुंभ का पहला स्नान पर्व पौष पूर्णिमा का होगा। उससे पहले सभी अखाड़े महाकुंभ मेला में बने शिविर में प्रवेश कर लेंगे। अखाड़ों के शिविर में छावनी प्रवेश शोभायात्रा के माध्यम से अखाड़े मेला क्षेत्र में प्रवेश करते हैं। इसी अवसर पर श्री पंचायती महानिर्वाणी अखाड़े की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें हाथी, घोड़ों के साथ ऊंट और रथ पर सवार होकर अखाड़ों के संत शामिल हुए। महंत जगन्नाथ पुरी ने बताया कि संगम की रेती पर 13 जनवरी से महाकुंभ मेले की शुरूआत होनी है। श्री पंचायती महानिर्वाणी अखाड़े की छावनी प्रवेश शोभायात्रा में सबसे आगे अखाड़े के सचिव महंत रवींद्र पुरी चल रहे थे। उसके बाद आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विसोकानंद भारती रथ पर सवार होकर जा रहे थे।

उनके आगे नागाओं की सेना चल रही थी, जो रास्ते भर युद्ध कौशल की कला का प्रदर्शन कर रहे थे। छावनी प्रवेश यात्रा में चांदी के सिंहासन पर अखाड़े के इष्टदेव भगवान विष्णु के अवतार कपिल मुनि महाराज की मूर्ति चल रही थी।

# कॉलेज में मनाया गया लुई ब्रेल दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल के मैत्री कल्ब व पथ के साथी फाउंडेशन कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में विश्व ब्रेल दिवस कार्यक्रम मनाया गया! इस अवसर पर एक ऑनलाइन व्याख्यान आयोजित किया गया। कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर गगनदीप कौर ने इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता का स्वागत किया व उन्होंने बताया कि लुई ब्रेल ने दृष्टिबाधित व्यक्तियों को नई रोशनी दी थी। इस ऑनलाइन व्याख्यान में मुख्य वक्ता के तौर पर राजकीय महाविद्यालय करनाल के अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर डॉ सितेंदर रहे।उन्होंने अपने वक्तव्य में लुई ब्रेल के जीवन व संघर्ष पर विस्तार से प्रकाश डाला। लुई ब्रेल द्वारा अविष्कार की गई ब्रेल लिपि एक लंबी विकास यात्रा के बाद आज इस मुकाम पर है कि वह करोड़ों दृष्टि बाधित लोगों के लिए नए उजाले फैला रही है! इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मैत्री क्लब के प्रभारी प्रोफेसर सतबीर सिंह ने बताया की हमें वर्तमान युग विज्ञान और तकनीक के युग में प्रयोग करके ज्यादा से ज्यादा लोगों को शिक्षित करना चाहिए! आज के कार्यक्रम के संयोजक व पथ के साथी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ सुनील थुआ ने कहा की वर्तमान युग में समावेशी परिवेश व सुगमयतता विकलांगों का अधिकार है। प्रोफेसर नरेश में ने आज किस कार्यक्रम के लिए मुख्य वक्तव्य प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# गौसेवा भारतीय संस्कृति और परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्साः आचार्य श्याम

**गौसेवा**

▶▶ गौमाता की सेवा करने का कार्य धार्मिक और सामाजिक दायित्व माना जाता है। गौसेवा एक आदर्श का प्रतीक



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** गौसेवा भारतीय समाज में व्यापक रूप से महत्वपूर्ण मानी जाती है। गौमाता की सेवा करने का कार्य धार्मिक और सामाजिक दायित्व माना जाता है। गौसेवा एक आदर्श का प्रतीक है जो मानवता, न्याय, और दया के सिद्धांतों को बढ़ावा देता है। इसके माध्यम से सामाजिक समरसता बढ़ती है और समुदाय के सदस्यों के बीच सौहार्द एवं गौरव की भावना विकसित होती है। यह विचार उत्तर प्रदेश गौसेवा आयोग के अध्यक्ष आचार्य श्याम बिहारी गुप्त ने मातृभूमि सेवा मिशन धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र द्वारा विकसित भारत के निर्माण मे गौ सेवा का महत्व विषय पर आयोजित गौ सेवा संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि आचार्य श्याम बिहारी गुप्त, कार्यक्रम के अध्यक्ष मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र, उत्तर प्रदेश गौसेवा आयोग के सदस्य लोकसेवक राजेश सिंह सेंगर, रमाकांत उपाध्याय, दीपक गोयल ने संयुक्त रूप से भारतमाता एवं योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर दीप प्रज्जवन, माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन से किया। उत्तर प्रदेश गौसेवा आयोग के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों का मातृभूमि सेवा मिशन आश्रम परिसर पहुंचने पर मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने जय गौमाता के उद्घोष से स्वागत एवं अभिनन्दन किया। कार्यक्रम मे बच्चों ने विविध विधाओं मे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि आचार्य श्याम बिहारी ने मातृभूमि सेवा मिशन के सेवा कार्यो की भूरि भूरि प्रसंशा करते हुए कहा यह मिशन निःस्वार्थ भाव समाज के जरूरतमंद बच्चों को राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने का महान एवं अनुकरणीय कार्य कर रहा है।

गौसेवा भारतीय संस्कृति और परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है। देशी गायों को पवित्र माना जाता है और उन्हें गौमाता का दर्जा प्राप्त है। गौ सेवा एवं गौपालन से भारत जा अनेक समस्याओ का समाधान संभव है।

# प्रतियोगिता में बच्चों ने बिजनेस से जुड़े आईडिया दिए



**प्रतिभाग**

▶▶ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरिपुर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** एन.एस.क्यू.एफ. के तहत कुशल बिजनेस चैलेंज (के.बी.सी.) के दूसरे फेज की स्किल प्रतियोगिता जिला परियोजना संयोजक के कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विधालय हरिगढ़ भौरख, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरियुर, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानेसर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाडवा, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र सहित पांच टीमों ने भाग लिया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरिपुर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हरिपुर की टीम में अंशिका, अम्रिता, निधि, हिमांशु और कोमल शामिल रहे। जिन्होंने क्रिएटिव माइंड के आइडिया की उपस्थिति को दर्ज किया। जिसमें वह अपने क्रिएटिव माइंड से ऐसी चीजें तैयार करेंगे जो घरों में सजावट के लिए काम आती हैं। साथ ही आकर्षक लगती हैं।

ए.पी.सी. क्रांति चावला ने बताया कि एन.एस.क्यू.एफ. स्कीम के तहत राजकीय स्कूलों में विद्यार्थियों को विभिन्न कोर्स कराए जाते हैं। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को बिजनेस से जुड़े आइडिया देने थे। इससे पूर्व 24 और 27 दिसम्बर तक पहले फेज की के.बी.सी. प्रतियोगिता आयोजित की गई थी।

# अमेरिका भेजने के नाम पर 70 लाख की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में अमेरिका भेजने के नाम पर 70 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी विनीत त्यागी ने कतर, मॉरिशस, इंडोनेशिया और मेक्सिको जैसे देशों में बच्चों को भटकाया, लेकिन अमेरिका नहीं पहुंचाया। ठगी का खुलासा होने के बाद पीड़ित ने आरोपी से पैसे मांगे तो उसने जान से मारने की धमकी दी गई। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिकायतकर्ता विनोद ने बताया कि मई 2021 में विनीत त्यागी नामक व्यक्ति ने उसे अमेरिका में बच्चों को नौकरी दिलाने का झांसा दिया। आरोपी ने 40 लाख रुपए प्रति बच्चे का खर्च बताया। पीड़ित ने अपने जानकारों के दो बच्चों के लिए सहमति दी और जरूरी दस्तावेज सौंप दिए। 15 जून 2021 को आरोपी ने पहली बार 9 लाख रुपए नकद लिए। इसके बाद फरवरी 2022 में बच्चों को कतर भेजा, जहां उनसे 3-3 हजार डॉलर भी लिए गए। पीड़ित से एक्स्ट्रा 4.90 लाख रुपए नकद और 8.5 लाख रुपए बैंक खाते में जमा करवाए गए।

आरोपी ने अप्रैल 2022 में बच्चों को मॉरिशस ले जाकर 7.10 लाख रुपए और मांग लिए। इसके बाद इंडोनेशिया भेजने से पहले भी 2 लाख रुपए नकद लिए गए। वहां बच्चों से फिर से 2-2 हजार डॉलर भी छीन लिए। अमेरिका भेजने की बजाय बच्चों को मेक्सिको ले गया और वहां से वापस भारत लाने पर पीड़ित को मजबूरन 5.22 लाख रुपए और देने पड़े। जब पीड़ित ने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने धमकी दी कि पैसे मांगने पर वह उसको और उसके बच्चों को जान से मार देगा। आरोपी ने यह भी कहा कि ऐसे मामले उसके लिए रोजमर्रा की बात हैं। इस ठगी में आरोपी ने बच्चों को तीन बार विदेश भेजने का प्रयास किया, लेकिन हर बार नए बहाने बनाकर पैसे ऐंठे। पीड़ित ने बताया कि इस तरह 70 लाख से ज्यादा रुपए उसके खाते में जमा करवाए गए हैं। पुलिस जांच में पता चला कि विनीत त्यागी पर करनाल में पहले से कबूतरबाजी का मामला दर्ज है।

# भाजपा सरकार महिला सशक्तिकरण पर दे रही जोर : विधायक कंवर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आज मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में खंड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधायक कंवर सिंह यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि ने कहा कि खेलों से हमारा सर्वांगीण विकास होता है। महिलाओं के लिए इस प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन करके उन्हें घरेलू कामकाज के साथ-साथ खेलों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

# गोल्ड जीतकर पहुंचने पर विजय का हुआ भव्य स्वागत



**अभिनंदन**

▶▶ ओपन नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता 27 से 29 दिसंबर तक कोलकाता में आयोजित की गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**पश्चिम** बंगाल के कोलकाता में आयोजित ओपन नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर लौटे विजय कुमार का गांव ददलाना में पहुंचने पर ग्रामीणों ने ब्लॉक समिति अध्यक्ष दीपक राणा के साथ मिलकर फूल मालाओं से स्वागत किया। अपने भाई और बेटे विजय कुमार को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और हर कोई विजय से मिलने को आतुर था।

दीपक राणा ने कहा कि एक छोटे से गांव के बच्चे ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता शहर में आयोजित ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर गांव के साथ-साथ क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है। ऐसे बच्चे पर हमें नाज है। उन्होंने गांव के बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उपस्थित बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल से जहां हमारा शरीर स्वस्थ रहता है वही खेल से हमारा तन और मन भी स्वस्थ रहता है। विजय कुमार से जब इस कामयाबी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मेरी कामयाबी के पीछे परिवार के साथ-साथ हमारे कोच का बड़ा योगदान है। विजय के पिता लोकेश राणा ने बताया कि इसकी बचपन से ही पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में बड़ी रुचि थी।

आज इसने गोल्ड मेडल जीतकर गांव का नाम रोशन किया है। जो बड़ी खुशी की बात है हमें अपने बच्चे पर गर्व है।

कोच अंकित बुमरा ने बताया कि ओपन नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता 27 से 29 दिसंबर तक कोलकाता में आयोजित की गई।

# रोबोटिक सर्जरी सिस्टम मशीन का किया उद्घाटन



**महत्तवर्पूण**

▶▶ पंकज मुटनेजा ने बताया कि पानीपत में रोबोटिक सर्जरी की मशीन लाना हमारे अस्पताल की तरफ से एक महत्वपूर्ण कदम है

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
प्रेम सुपर स्पेशलिटी अस्पताल एवं डॉ प्रेम कैंसर अस्पताल पानीपत के द्वारा पानीपत का पहला एवं दिल्ली चंडीगढ़ के बीच का पहला रोबोटिक सर्जरी सिस्टम मशीन का उद्घाटन किया गया । उद्घाटन समारोह के मौके पर डॉक्टर प्रेम अस्पताल पानीपत, डॉक्टर प्रेम कैंसर अस्पताल, प्रेम इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज बरौली पानीपत के अध्यक्ष डॉ पंकज मुटनेजा ने बताया कि पानीपत में रोबोटिक सर्जरी की मशीन लाना हमारे अस्पताल की तरफ से एक महत्वपूर्ण कदम है और मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि हम अपने मरीजों को अधिक सुविधाजनक और बेहतर इलाज प्रदान कर सकेंगे ।रोबोटिक सर्जरी एक उन्नत तकनीक है जिसमें सर्जन रोबोट की मदद से ऑपरेशन करते हैं यह तकनीक कई प्रकार की बीमारियों के इलाज में उपयोग की जाती है जिसमें से कुछ रोबोटिक सर्जरी के क्षेत्र में प्रमुख है जैसे हृदय रोग की बीमारियों की सर्जरी, फेफड़े का कैंसर, पाचन तंत्र की बीमारियां जैसे अल्सर, पित्ताशय की पथरी, पाचन तंत्र का कैंसर, किडनी स्टोन, प्रोस्टेट कैंसर, महिला प्रजनन तंत्र की बीमारियां जैसे गर्भाशय की गांठ, कैंसर , हड्डियों की बीमारी जैसे ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, स्पाइन सर्जरी ,हड्डियों का कैंसर आदि मुख्य है । डॉक्टर पंकज मुटनेजा ने बताया कि डॉक्टर प्रेम कैंसर अस्पताल एवं डॉ प्रेम सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के निदेशक डॉ अभिनव मुटनेजा के अथक प्रयास से ही यह संभव हो पाया है कि दिल्ली और चंडीगढ़ के बीच में पानीपत प्रेम अस्पताल पहला ऐसा अस्पताल है जिसमें रोबोटिक सर्जरी की मशीन आई। डॉ अभिनव मुटनेजा ने रोबोटिक सर्जरी से होने वाले फायदे के बारे में बताते हुए कहा कि रोबोट द्वारा सर्जरी करने से कम दर्द और छोटी सुराग की मदद से जल्दी ही मरीज को स्वास्थ्य लाभ होता है अधिक सटीकता की वजह से मरीज को बेहतर इलाज मिलता है रक्त स्त्राव कम होने की वजह से मरीज को कम जोखिम होता है जल्दी रिकवरी होता है जिससे मरीज को जल्दी अपने काम पर लौट आने में मदद मिलती है ।डॉक्टर प्रेम कैंसर अस्पताल की अध्यक्षा एवं महिला व प्रसूति विभाग के हेड डॉक्टर रचना मुटनेजा , महिला व प्रसूति रोग चिकित्सक, दूरबीन व रोबोटिक सर्जन डॉक्टर शुभांजलि सेन, कैंसर व रोबोटिक सर्जन डॉक्टर आशिमा मुटनेजा द्वारा रोबोटिक सर्जरी महिला की बच्चेदानी की सर्जरी संपन्न हुआ । महिला व प्रसूति विभाग की निदेशक डॉक्टर रचना द्वारा सभी टीम मेंबर्स को बधाई दिया गया ।इस मौके पर डॉक्टर प्रेम अस्पताल के सभी विभागों के सर्जन व मेडिकल विशेषज्ञ मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# बच्चों और युवाओं को सही संस्कार मिलें तो गलत रास्ते पर नहीं चलेंगे : महंत



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** बच्चों एवं युवाओं के जीवन में भटकाव का दोष केवल आधुनिकता एवं समय परिवर्तन को नहीं दिया जा सकता है। सनातन प्रचार का अभियान चला रहे जग ज्योति दरबार के महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि आज बच्चों एवं युवाओं के भटकाव के लिए परिवार भी कहीं न कहीं दोषी हैं। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे बच्चों एवं युवाओं में भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों का अभाव देखा जा रहा है जबकि इन को संस्कृति एवं संस्कारों का ज्ञान जरूरी है। अगर बच्चों को परिवार व अभिभावकों से सही संस्कार मिलें तो वे गलत रास्ते पर नहीं चलेंगे। महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि आधुनिक मशीनी युग में बच्चों को मंदिर में प्रभु दर्शन एवं धार्मिक पूजा संस्कार का ज्ञान होना जरूरी है। हमें समय रहते बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ धार्मिक संस्कारों का ज्ञान भी देना होगा। तभी सुसंस्कारित, नैतिक, ईमानदार समाज की परिकल्पना साकार होगी। बच्चे बुजुर्गों का आदर करना भी सीखेंगे।

महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि गिरते को उठाना ही सच्ची मानव सेवा है। पाश्चात्य संस्कृति के चलते बेटे-बेटी, बेटा-बहू, माता-पिता को अपमानित कर वृद्धाश्रम भेज रहे हैं, ऐसा दिन नहीं आए इसके लिए बच्चों को नैतिक एवं धार्मिक संस्कारों की शिक्षा देना चाहिए। आज के युग में आधुनिक एवं युवा संतान माता-पिता की आज्ञा नहीं मानती है। यह चिंतन का विषय है। हम जैसा व्यवहार घर में करेंगे वैसा बच्चे सीखेंगे। समाज में सनातन से ही ज्ञान मिलेगा।

# आल इंडिया लाइय्या बिरादरी ने आयोजित किया गजेन्द्र सलूजा का अभिनन्दन

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन )
गजेन्द्र सलूजा को केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल द्वारा अपना पानीपत जिले का प्रतिनिधि नियुक्त करने पर शहर की सबसे बड़ी बिरादरी लैय्या बिरादरी में गजब खुशी तथा उत्साह का माहौल है। जी टी रोड स्थित आई बी कालेज में लैय्या बिरादरी, आई बी एजुकेशनल लैय्या सोसायटी एवं सांय कालीन राम लीला लैय्या सभा ने गजेंद्र सलूजा का जोरदार अभिनन्दन समारोह आयोजित किया। कालेज के मुख्य द्वारा से सभा स्थल तक लाल कालीन बिझाया गया। गजेन्द्र सलूजा के आगमन पर पुष्प वर्षा करते हुए सभा स्थल तक ले जाया गया । बिरादरी के लोगों में गजेंद्र



सलूजा से मिलने तथा स्वागत करने की होड सी मच गई । लोगों बड़ी संख्या में पगड़ियां,स्मृति चिन्ह पुष्प गुच्छ,अंग वस्त्र तथा चद्दर एवं शालें भेंट कर गजेंद्र सलूजा का अभिनन्दन किया अभिनन्दन समारोह को परमजीत ढींगरा, रमेश माटा, कालू बजाज, महेंद्र बजाज,एन डी चावला , अनिल नंदवानी,युधिष्ठिर शर्मा,नरेंद्र बरेजा, चंद्र शेखर शर्मा, लक्ष्मी नारायण मिगलानी, जगत राज पाल, दीपक मुखीजा,हरीश मलहोत्रा दीपक सलूजा तथा कमल नैन वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि गजेंद्र सलूजा का सांसद प्रतिनिधी नियुक्त होना समाज के लिए गौरव की बात है।

**अभिनन्दन**

**कालीन राम लीला लैय्या सभा ने गजेंद्र सलूजा का जोरदार अभिनन्दन समारोह आयोजित किया**

वक्ताओं ने कहा कि हमारी बिरादरी शहर में सबसे बड़ी बिरादर है । केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने गजेंद्र सलूजा को अपना प्रतिनिधि नियुक्त कर पूरी बिरादरी का मान बढ़ाया है।हम मनोहर लाल का आभार व्यक्त करते है। वक्ताओं ने कहा कि गजेंद्र सलूजा हमारी बिरादरी की शान है।उन्होंने कहा कि गजेंद्र सलूजा बहुत ही विनम्र ,शालीन तथा दूसरों की मदद करने वाले स्वभाव के मालिक है। उन्होंने कहा कि भाजपा के जिला अध्यक्ष पद पर रहते हुए उनकी कार्यशैली की चहुंओर प्रशंसा होती थी। लैय्या बिरादरी के प्रधान के रूप में आज भी उन्होंने गजब काम कर रहे है। उनका अमूल्य मार्गदर्शन मिल रहा है।गजेन्द्र सलूजा ने अपने अभिनन्दन के लिए समाज का आभार जताया ।उन्होंने अपने उद्बोधन में कहां की ये सम्मान मेरा नहीं बल्कि पूरे समाज का है।उन्होंने कहां की समाज ने जो पगड़ी मुझे पहनाई है उसका मान सम्मान बरकरार रखूंगा। अपने कामों से पगड़ी लाज तथा समाज का मान सदैव बढ़ाऊंगा।

# 'हम जिएं और दूसरों को भी जीने दें की सोच को तवज्जो''

टीम एक्सन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन )
**असमय** काल के गाल में समा रहे युवा किसी भी परिवार की रीढ़ की हड्डी होते हैं और यही रीढ़ की हड्डी अगर टूट जाए तो उस परिवार के जीवन में अंधियारा छा जाता हैं !क्या सड़कों पर बहुमूल्य जिंदगियों के साथ यह दुर्घटना रूपी खूनी सिलसिला यूं ही चलता रहेगा विश्व में सड़क दुर्घटनाओं में सर्वाधिक मौतें हमारे ही देश में होती हैं! आज कल बढ़ती जनसंख्या में गाड़ियों का परिचालन भी बहुत बड़े पैमाने पर फैला है जिससे गांव से लेकर शहर तक के सड़कों पर यातायात की भीड़ बढ़ी है सड़क दुर्घटना होने के कई मुख्य कारण भी हैं यातायात के नियमों का उल्लंघन या लापरवाही जैसे हेलमेट नहीं लगाना सीट बेल्ट का प्रयोग नहीं करना अपने लेन में



नहीं चलना आगे निकलने की होड़ और सिग्नल या गति अवरोधक के नियमों की धज्जियां उड़ाना अभिभावकों द्वारा अठारह वर्ष से कम उम्र के बच्चे को गाड़ी चलाने की अनुमति देना सभी लोग यही चाहते हैं कि व अपने गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचें लेकिन उनकी लापरवाही ही उनकी दुर्घटना का

**अधिकार**

**आज कल बढ़ती जनसंख्या में गाड़ियों का परिचालन भी बहुत बड़े पैमाने पर फैला है**

कारण बन जाता है! सरकार और स्थानीय प्रशासन को चाहिए कि जिस क्षेत्र में खतरनाक इलाके हों उस क्षेत्र को और उस बिंदु को चिह्नित करके गति अवरोधक की व्यवस्था की जाए! एक कारण यही है कि अवैध भार लाद कर और टोल टैक्स बचाने की गरज से दूसरे रास्ते से गाड़ी का परिचालन होता है ऐसा नहीं होना चाहिए !हमारा सुरक्षित यातायात केवल कहने और सुनने से सुगम एवं मंगलमय नहीं होगा।

## न्यूज फ्लैश

### ड्रोन तकनीक से कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन हो रहे हैं: नवीन जिन्दल

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
कुरुक्षेत्र : सांसद नवीन जिन्दल ने कृषि विभाग के अधिकारियों और ड्रोन ऑपरेटर्स के साथ बैठक कर ड्रोन तकनीक पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने ड्रोन के उपयोग से



कृषि क्षेत्र में हो रहे लाभों पर भी चर्चा की और किसानों के लिए इसे और अधिक सुलभ बनाने के उपायों पर जोर दिया। ड्रोन तकनीक का उपयोग विशेष रूप से फसलों में कीटनाशकों और उर्वरकों के छिड़काव, निगरानी और खेती की दक्षता बढ़ाने के लिए किया जा रहा है। सांसद ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे किसानों को ड्रोन तकनीक के द्वारा नैनो युरिया के छिड़काव के बारे में जागरूक करें और उन्हें इसके फायदों से अवगत कराएं ।सांसद जिन्दल ने यह भी कहा कि नई तकनीकों का इस्तेमाल ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कृषि क्षेत्र में तकनीकी नवाचारों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया ।इस अवसर पर ड्रोन पायलट ने लाइव प्रदर्शन करते हुए दिखाया कि किस प्रकार यह तकनीक कम समय में अधिक प्रभावी परिणाम प्रदान करती है। सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि ड्रोन तकनीक से कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन हो रहे हैं। ड्रोन तकनीक और नैनो यूरिया का उपयोग कृषि क्षेत्र को एक नई दिशा देगा। इससे किसानों का समय और श्रम बचेगा और उत्पादन क्षमता में भी बढ़ोतरी होगी ।इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. कर्मचंद उपनिदेशक कृषि, राजेश कुमार वर्मा सहायक कृषि अभियंता, प्रवीण कुमार, इफको एरिया मैनेजर और ड्रोन पायलट उपस्थित थे।

### प्राकृतिक खेती हेतु किसानों को गोबर-गोमूत्र उपलब्ध कराएंगी गोशालाएं

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
कुरुक्षेत्र: हरियाणा गो सेवा आयोग और उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग दोनों साथ मिलकर गुजरात के राज्यपालश्री आचार्य देवव्रत जी के प्राकृतिक कृषि मिशन को नई गति



प्रदान करने के लिए किसानों को देशी गाय का गोबर, गोमूत्र उपलब्ध कराएंगे। इतना ही नहीं गोशालाओं में जीवामृत और घनजीवामृत का निर्माण भी किया जाएगा ताकि जो किसान प्राकृतिक खेती करना चाहता है मगर जीवामृत या अन्य घटक बनाने में असमर्थ है, वह भी आसानी से प्राकृतिक खेती से जुड़ सकें। यह फैसला आज गुरुकुल कुरुक्षेत्र में हुई हरियाणा व उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्षों ने एक सांझा बैठक में लिया। बैठक में हरियाणा गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्रवण कुमार गर्ग, उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्त, गुरुकुल के व्यस्थापक रामनिवास आर्य सहित दोनों प्रदेशों के गो सेवा आयोग के अन्य अधिकारी और सदस्यगण मौजूद रहे। बैठक में दोनों राज्यों में सड़कों पर बेसहारा घूम रहे गोवंश हेतु गोशालाओं में उचित रख-रखाव के साथ, गोशालाओं में पहले से मौजूद गोवंश के गोबर-गोमूत्र का उपयोग प्राकृतिक खेती हेतु जीवामृत और घनजीवामृत बनाने पर बल दिया गया ताकि हरियाणा व उत्तर प्रदेश में प्राकृतिक कृषि मिशन को मजबूती से आगे बढ़ाया जा सके। हरियाणा गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्रवण गर्ग ने कहा कि भावी पीढ़ी को यदि साफ-स्वच्छ वातावरण और रोगमुक्त जीवन देना है तो हम सभी को देशी गाय पर आधारित प्राकृतिक खेती की ओर लौटना होगा, इसमें गोशालाओं की भूमिका अहम हो सकती है क्योंकि गोशालाओं से किसान देशी गाय तो ले ही सकता है इसके अलावा जो किसान गाय नहीं रख सकता उसे गोबर-गोमूत्र उपलब्ध होगा। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्त ने कहा कि देश में गोवंश की स्थिति में सुधार लाना है तो गोवंश के दूध, घी, गोबर और गोमूत्र की उपयोगिता को बढ़ाना होगा।

# भड़ाना ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन )
हरियाणा के पानीपत जिले के हलका समालखा विधायक मनमोहन भड़ाना ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने देश के जवानों के साथ-साथ समस्त राष्ट्र को नव वर्ष 2025 के शुभ आगमन पर हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेवा के जवान देश की सुरक्षा में जो योगदान दे रहे हैं, वह प्रेरणादायक है और इसके लिए पूरा राष्ट्र उनका आभारी है।



**आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहलुओं पर चर्चा :** विधायक भड़ाना ने भेंट के दौरान देश को पुनः विश्व गुरु के रूप में स्थापित करने की दिशा में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने वेदों और उपनिषदों पर शोध को बढ़ावा देने के लिए हलके में विशेष संस्थानों की स्थापना का सुझाव दिया।

**नई योजनाओं का रखा प्रस्ताव**
उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और परम्पराओं का संरक्षण केवल राष्ट्र के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के लिए कल्याणकारी होगा। विधायक ने रक्षा मंत्री को नव वर्ष के अवसर पर हरियाणा राज्य के हलका समालखा में नई योजनाओं के प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए समर्पित सहयोग का आश्वासन दिया और जवानों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अगर पानीपत में कोई एयरपोर्ट बनाने की भी सरकार की तरफ से प्रक्रिया क्योंकि जब पानीपत में एयरपोर्ट बन जाएगा तो विदेश से यहां बायर आएंगे जिससे जिले में कारोबार में बढ़ोतरी मिलेगी।
उन्होंने राजनाथ सिंह से यह भी कहा कि काफी टाइम पहले समालखा शहर का क्षेत्र टोके के क्षेत्र में पूरे भारत में जाना जाता था लेकिन आधुनिकता के चलते और कच्चा माल यानी रॉ-निटीरियल की कमी होने के चलते अब लोगों का यह व्यापार काफी कम हो गया है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार की तरफ से यहां टोका व्यापारियों को भी कुछ सबसिडी या अन्य राहत दी जाए तो यहां टोका व्यापार पहले से ज्यादा बढ़ सकता है।

# विदेश में दोस्त को मुसीबत में बता ठगे छह लाख

टीम एक्शन इंडिया
**जींद।** विदेश में रह रहा दोस्त बता मुसीबत में फंसा होने का बात बोल एक व्यक्ति को पांच लाख 95 हजार रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव छात्तर निवासी कृष्ण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 31 दिसंबर को फोन पर मैसज आया। जिसकी डीपी पर विदेश में रह रहे दोस्त मोनू का फोटो लगा हुआ था। जिसने हालचाल पूछने के बाद खुद का मुसीबत में बताया। उसने कहा कि वह उसके खाते में दस लाख रुपये भेज रहा है। उसमे दो लाख 45 हजार रुपये एजेंट को देने के लिए कहा। जिस पर उसने दस लाख रुपये जमा कराने की स्लिप भी भेजी। जिसके साथ एजेंट का नंबर भी भेजा। दोस्त को मुसीबत में फंसा देख कर वह परेशान हो गया। जिसके बाद एजेंट का फोन आया और दो लाख 45 हजार रुपये खाते में डलवाने के लिए कहा। जिस पर उसने दिए गए खाते में राशि को भेज दिया। जिसके बाद उस एजेंट ने दोस्त को मुसीबत निकलवाने के लिए अपने दोस्तों तथा जानकारों के खाते से 99 हजार, पचास हजार और एक लाख रुपये डलवा दिए।

# बीसवांमील में एटीएम की उखाड़ी छत, राशि लूटने का प्रयास

टीम एक्शन इंडिया
**सोनीपतः राई** थाना क्षेत्र के बीसवां मील चौक पर स्थित एटीएम की छत उखाड़कर मशीन को गैस कटर से काटकर नकदी चोरी करने के प्रयास व सीसीटीवी चोरी करने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर पुलिस से शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। राम कॉलोनी बढ़ मलिक राई निवासी सत्यनारायण ने बताया कि उसने गांव जठेड़ी रोड पर दुकान किराए पर लेकर उसमें ऑनलाइन काम करने के लिए दुकान खोल रखी है। जिसमें कंपनी के साथ एटीएम का एग्रीमेंट करके मशीन लगा रखी है। गत दो व तीन जनवरी की रात को एटीएम के कमरे की छत तोड़कर मशीन को गैस कटर से काटकर रुपये चोरी करने का प्रयास किया गया। उसने जाकर देखा तो एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरे गायब मिले। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।
पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई अमरदीप सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे है।

# मशीन में फंसकर कटा श्रमिक, जिंदल रीसाइक्लिंग फैक्टरी में हुआ हादसा

टीम एक्शन इंडिया
**सोनीपतः मोहाना** थाना क्षेत्र स्थित फैक्ट्री में बिना सुरक्षा उपकरणों के श्रमिकों से कार्य करवाने का मामला सामने आया है। मशीन के अंदर श्रमिक फंस गया। जिसके बाद परिजनों ने कोई शिकायत पुलिस को नहीं दी। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो लापरवाही पाई गई। इस संबंध में पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जम्मू कश्मीर के जिला कठुआ के गांव फरोलू की रहने वाली सुषमा ने मोहाना थाना पुलिस को बताया कि उनका भाई कठुआ के गांव जगना निवासी मुकेश (22) व उनके बहनोई सुरेश करीब 12 दिन पहले गढ़ी हकीकत स्थित जिंदल रीसाइक्लिंग फैक्टरी में काम करने आए थे। 1 जनवरी को काम करते समय मशीन में रुकावट आने के चलते मुकेश मशीन के ऊपर चढ़ गए। वह मैनहोल चेक करने लगे तो अचानक मशीन में फंस गए। जिससे वह फंसकर कट गए। वह अपने परिजनों संग फैक्टरी में पहुंची। जहां बहनोई से बात करने के बाद उन्हें पता लगा कि अचानक हादसा हुआ है। सुषमा ने मामले में कार्रवाई करने से मना कर दिया। पुलिस ने शव के अवशेष पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिए। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की तो सामने आया कि मुकेश को काम करने के लिए कोई सुरक्षा उपकरण नहीं दिए गए थे। ऐसे में लापरवाही के चलते मुकेश की जान गई है। पुलिस ने मामले में फैक्टरी मालिक व सुपरवाइजर के खिलाफ लापरवाही का मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# किसान के खेत से बिजली की मोटर चोरी

**सोनीपतः सदर** थाना क्षेत्र के गांव ककरोई में किसान के खेत से बिजली की मोटर के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव ककरोई निवासी दलेल सिंह ने बताया कि वह खेती बाड़ी का काम करता है। खेत की सिंचाई के लिए उसने बिजली की मोटर लगा रखी है। गत 30 दिसंबर को वह खेत में पहुंचा। उसकी मोटर गायब मिली। अपने स्तर पर मोटर की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

# रमेश ने बेटी का नोटों की माला पहनकर स्वागत किया

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन )
सोनीपत जिले के गांव रुखी की रहने वाली सानिया पांचाल ने बेटियों के हौसले को बढ़ाने के लिए कश्मीर से कन्या कुमारी तक मैराथन के तहत 1 बजे उप मंडल इसराना स्थित विश्वकर्मा मंदिर में विश्वकर्मा सुधार समिति द्वारा भव्य स्वागत किया। विश्वकर्मा सुधार समिति प्रधान रमेश जांगड़ा ने बेटी का नोटों की माला पहनकर स्वागत किया।
11 वर्ष की उम्र से कुछ करने का था शौक लाल चौक श्रीनगर से चली मैराथन में भाग ले रहे सानिया पांचाल के पिता रमेश पांचाल ने प्रेसवार्ता में बताया कि सानिया को 11 वर्ष की उम्र में ही कुछ करने



का शौक था। इसलिए हमने सानिया की रुचि को देखते हुए राजस्थान के रॉयल सैनिक स्कूल परबतसर जिला कोटा में दाखिला करवा दिया। अब सानिया पांचाल नौवीं कक्षा में पढ़ती है। सानिया पांचाल के हौसले को देखते हुए सैनिक स्कूल कमेटी ने फैसला किया कि कुछ अलग ही किया जाए, ताकि देश में बेटियों के लिए अलग संदेश जाए। इसलिए मैराथन का फैसला किया गया।

**बेटियां किसी से कम नहीं : सानिया**

**अभिनंदन**

**बेटियां किसी से कम नहीं है। आप भी किसी न किसी कार्य में उतरे और अपना नाम रोशन करें।**

इस अवसर पर सानिया पांचाल ने कहा कि देश में मेडल बहुत आते हैं। मैंने सोचा कि कुछ अलग ही किया जाए, ताकि बेटियां मुश्किल समय में अपनी रक्षा में कर सकें। इसके लिए मैं देश की सभी बेटियों को संदेश देना चाहती हूं कि बेटियां किसी से कम नहीं है। आप भी किसी न किसी कार्य में उतरे और अपना नाम रोशन करें।

# धनपत सिंह सांगी स्मृति अवार्ड के लिए 6 जनवरी तक करें आवेदन

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत , ( कमाल हुसैन )
हरियाणा की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित और प्रोत्साहित करने के लिए धनपत सिंह सांगी स्मृति पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार हरियाणा की लोक कला और संस्कृति को संरक्षित व प्रोत्साहित साथ-साथ नए आयाम प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आवेदन 6 जनवरी 2025 तक सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग को ई-मेल या डाक के माध्यम से भेजे जा सकते हैं।
डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि इस पुरस्कार के तहत एक लाख रुपये की राशि, प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि केवल हरियाणा के स्थाई निवासी ही इस पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते हैं। यह पुरस्कार उन सांगी कलाकारों को दिया जाएगा, जिन्होंने हरियाणा की संस्कृति के अनुरूप सांगों का निर्देशन किया हो। आवेदन 6 जनवरी 2025 तक सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग को ई-मेल या डाक के माध्यम से भेजे जा सकते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले या अधूरे आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन छंटनी के बाद चयनित सांगी कलाकारों को अपने पूर्ण दल के साथ सांग महोत्सव में प्रस्तुति देनी होगी।

# लेवल सड़क सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन )
एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में पुलिस महानिरीक्षक करनाल रेंज के सौजन्य और कॉलेज एनएसएस यूनिट्स की देख-रेख में रेंज लेवल सड़क सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका उदघाटन एवं पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक पानीपत लोकेन्द्र सिंह आईपीएस ने किया। प्रतियोगिता में डीएसपी ट्रैफिक सुरेश कुमार, एसएचओ ट्रैफिक बाबरपुर राकेश कुमार, एएसआई करमवीर समन्वयक ट्रैफिक और ईएसआई राजेश कुमार सिटी ट्रैफिक इंचार्ज (पूर्वी जोन) का भी भरपूर सहयोग रहा । मेहमानों का



स्वागत प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने पौधा रोपित गमलें भेंट करके किया । क्विज प्रतियोगिता में पानीपत, करनाल और कैथल की ब्लाक लेवल 1 से लेवल 4 की विजेता बनी टीमों ने हिस्सा लिया जिसका आयोजन भी हाल ही में हुआ था । लेवल-1 कक्षा 3 से 5, लेवल-2 कक्षा 6 से 8, लेवल-3 कक्षा 9 से 12 और लेवल-4 में कॉलेज के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया । एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ राकेश गर्ग, डॉ संतोष कुमारी और प्रो अन्नू आहूजा ने इस सफल आयोजन में सक्रीय हिस्सा लिया । मंच

**उद्घाटन**

**उदघाटन एवं पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक पानीपत लोकेन्द्र सिंह आईपीएस ने किया**

संचालन डॉ संतोष कुमारी और क्विज मास्टर की भूमिका प्रो अन्नू आहूजा ने निभाई । प्रतियोगिता में ट्रैफिक नियमों और सड़क सुरक्षा पर आधारित प्रश्न पीपीटी के माध्यम से पूछे गये और जिन टीमों ने सबसे अधिक सही जवाब दिए उन्हें विजेता घोषित किया गया । बहुविकल्पीय प्रश्न-उत्तर, सही-गलत, खाली स्थान भरो इत्यादि माध्यम से सवालों को पूछा गया । विजेताओं को पुरस्कारों और प्रशस्ती पत्र से नवाजा गया । जिला स्तरीय प्रतियोगिता में लेवल-1 (कक्षा 3 से 5) में पानीपत के अवनी, मयंकराज गौड़ और आदित्य की टीम ने पहला, करनाल के परमवीर, अनुज और प्रगन की टीम ने दूसरा और कैथल की रोशनी, आरती और देबो की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। लेवल-2 (कक्षा 6 से 8) में पानीपत की शिवम, आर्यन कुमार दास और मनप्रीत की टीम ने प्रथम, कैथल के प्रभजोत, वंशिका और गीतांश कुमार की टीम ने द्वितीय और करनाल के समर, अरमान और मंदीप की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# आरोपियों की गिरफ्तारी और कोर्ट में पेश न करने तक शव का पोस्टमॉर्टम न कराने पर अड़े

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन)
हरियाणा के पानीपत में 8 मरला पुलिस चौकी के सामने युवक के सुसाइड केस में नया मोड़ आ गया है। परिवार के लोग आरोपियों की गिरफ्तारी और कोर्ट में पेश न करने तक शव का पोस्टमॉर्टम न कराने पर अड़े हुए हैं।
शुक्रवार को मॉडल टाउन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार और 8 मरला चौकी इंचार्ज अरकबिजेंद्र कुमार मृतक गुरमीत के घर पहुंचे। यहां उन्होंने गुरमीत के परिवार को एक नोटिस थमाया।
जिसमें परिवार को अल्टीमेटम दिया कि या तो परिवार वाले शनिवार को करनाल स्थित कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज पहुंच कर शव का पोस्टमॉर्टम करवा लें, नहीं तो प्रशासन अपने तौर पर नियमानुसार कार्रवाई करेगा। पुलिस प्रशासन के इस नोटिस के बाद परिजन शव का पोस्टमॉर्टम करवाने के लिए अस्पताल पहुंच गए। जहां आगामी प्रक्रिया जारी है। हरियाणा के पानीपत में 8 मरला पुलिस चौकी के सामने युवक के सुसाइड केस में नया मोड़ आ गया है। परिवार के लोग आरोपियों की गिरफ्तारी और कोर्ट में पेश न करने तक शव का पोस्टमॉर्टम न कराने पर अड़े हुए हैं। शुक्रवार को मॉडल टाउन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार और 8 मरला चौकी इंचार्ज अरकबिजेंद्र कुमार मृतक गुरमीत के घर पहुंचे। यहां उन्होंने गुरमीत के परिवार को एक नोटिस थमाया।
जिसमें परिवार को अल्टीमेटम दिया कि या तो परिवार वाले शनिवार को करनाल स्थित कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज पहुंच कर शव का पोस्टमॉर्टम करवा लें, नहीं तो प्रशासन अपने तौर पर नियमानुसार कार्रवाई करेगा। पुलिस प्रशासन के इस नोटिस के बाद परिजन शव का पोस्टमॉर्टम करवाने के लिए अस्पताल पहुंच गए।

# आदर्श नगरः संजय पाराशर, पंडित बनवारी लाल और दीनदयाल आम आदमी पार्टी में हुए शामिल







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः आदर्श नगर विधानसभा** क्षेत्र के आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुकेश गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को जहांगीरपुरी के ए ब्लॉक में आम आदमी पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर संजय पाराशर, पंडित बनवारी लाल और पंडित दीनदयाल आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। इस मौके पर आप प्रत्याशी मुकेश गोयल ने बताया कि आम आदमी पार्टी की नीतियों से जनता काफी ज्यादा प्रभावित है, हम जहां पर जनसंपर्क के लिए जा रहे है, जनता मुझे जीत का आशीर्वाद दे रही है। इस मौके पर संजय पाराशर ने कहा कि मैं आम आदमी पार्टी की नीतियों व मुकेश गोयल की कार्य करने की शैली से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहा हूं। तो वहीं पंडित बनवारी लाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी वादे की पक्की है, जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे, वह पूरे करके दिखाये है। जिससे जनता खुश है। पंडित दीनदयाल ने बताया कि आज में आप के कार्यों व नीतियों से प्रभावित होकर आप में शामिल हुआ हूं। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए लगाया गया टीकाकरण शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। सर्वाइकल** कैंसर जागरूकता माह के अवसर पर सफदरजंग अस्पताल के बाल चिकित्सा ओपीडी में एचपीवी वैक्सीनेशन कैंप आयोजित किया गया। शनिवार को आयोजित इस कैंप में 9-20 वर्ष की लड़कियों को एचपीवी वैक्सीन दी गई। इस पहल को आरसीओजी नॉर्थ जोन इंडिया ने सहयोग प्रदान किया। 28 बच्चों ने कैंप में पंजीकरण कराया, जिनमें से 25 को वैक्सीन दी गई। कैंप का उद्घाटन मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. कपिल सूरी और वीएमएमसी व एसजेएच की प्रिंसिपल डॉ. गीता खन्ना ने किया। इस मौके पर एडिशनल एमएस डॉ. आरपी अरोड़ा, बाल रोग विभाग के एचओडी डॉ. कृष्ण



कुमार और गायनी विभाग के एचओडी डॉ. रत्तन गुप्ता भी मौजूद रहे। डॉ. सरिता शमसुंदर (हेड, गाइन ऑन्कोलॉजी यूनिट), डॉ. अनीता कुमार, डॉ. अर्चना मिश्रा, डॉ. शीबा मारवाह और डॉ. सुमित मेंदीरत्ता इस आयोजन के प्रमुख आयोजक रहे। कैंप में बच्चों और अभिभावकों को एचपीवी वैक्सीन के महत्व और सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई।

## राजधानी दिल्ली में महिलाएं अरविन्द केजरीवाल के झांसे में न आएः देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली की माता बहनों को केजरीवाल की झूठी बयानबाजी और घोषणाओं से आगाह करने आए पंजाब के कांग्रेस नेताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि पंजाब में 3 साल पहले अरविन्द केजरीवाल ने महिलाओं को 1000 रुपये देने का जो वादा किया था। उनके वादों और घोषणाओं पर निश्चित ही बहुत बड़ा प्रश्न है कि 3 साल में किसी एक महिला को एक पैसे तक नहीं दिया है, जबकि पंजाब



का हवाला देकर दिल्ली में में महिलाओं को 2100 रुपये देने की घोषणा करके दिल्ली की महिलाओं से फर्जी फार्म भरवाकर वोट हासिल करने का षडयंत्र रच रहे है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली की महिलाओं के लिए अब तक कुछ क्यों नहीं सोचा जबकि अरविन्द केजरीवाल पिछले 11 वर्षों से दिल्ली की सत्ता में है। भ्रष्टाचार, कुशासन और जनता की पूर्ण निष्क्रियता के चलते जब केजरीवाल को आम आदमी पार्टी का जहाज डूबता दिखाई दे रहा है तो दिल्ली की जनता को लुभावनी महिला सम्मान योजना, संजीवनी योजना, फरिश्ते योजना, पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना आदि की घोषणा करके सिर्फ वोट की राजनीति करने पर ध्यान केन्द्रित करके सत्ता हथियाने के लिए हर संभव हथकंडे अपना रहे है। अरविन्द केजरीवाल का यह बयान कि दिल्ली की जनता कांग्रेस पार्टी को संवेनशीलता से नहीं ले रही है।

## निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन सभी को करना चाहिएः आदेश भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः बुराड़ी के** समाज सेवी आदेश भारद्वाज ने अपने पौत्र मास्टर आदिश के जन्मदिन के अवसर पर निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन करवाया। जिसके तहत न सिर्फ आंखों की जांच बल्कि जरूरतमन्दों को दवाइयां और चश्मे भी वितरित किए गए।
इस जांच शिविर में लगभग डेढ़ सौ से भी ज्यादा मरीजों ने सुविधा का लाभ उठाया।
जांच शिविर में सहयोगकर्ता अरिहंत आई सेंटर की संचालक और वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ सपना जैन ने बताया कि शिविर में उम्र के साथ आई



आंखों की कमजोरी के अलावा जांच में दृश्य तीक्ष्णता, आंखों के दबाव और ग्लूकोमा, मोतियाबिंद और रेटिना संबंधी समस्याओं जैसी सामान्य आंखों की स्थितियों की जांच शामिल थी और वैसे भी आजकल आंखों के स्वास्थ्य के मामले में "डिजिटल आई स्ट्रेन" या "कंप्यूटर विजन सिंड्रोम" के रूप में जानी जाने वाली घटना तेजी से आम हो रही है। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मुकुंदपुर में कांग्रेसियों ने भरी हुंकार, सम्मेलन में गर्म जोश में दिखे कार्यकर्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली** विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के शीर्ष नेता व कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ चुनावी दंगल में उतर कर प्रचार-प्रसार में लगे हुए है। तो वहीं कांग्रेसी प्रत्याशी भी लोगों के घरों में दस्तक देकर अपनी-अपनी पार्टी के कार्यों को गिनवाकर वोट मांग रहे है।
इसी कड़ी में बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र स्थित मुकुंदपुर के महाराणा प्रताप चौक इंदर फार्म हाउस में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र से विधायक प्रत्याशी मंगेश त्यागी द्वारा किया गया। इस दौरान मुख्य वक्ता व अतिथि के रूप में दिल्ली







प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने शिरकत की, उनके साथ जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज, मुकुंदपुर वार्ड से पूर्व प्रत्याशी श्याम सिंह के अलावा कांग्रेस के सभी ब्लॉक अध्यक्षों सहित कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्र के हजारों लोग मौजूद रहे। इस दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में काफी जोश उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को सशक्त और विस्तारित करने पर ज्यादा जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने पार्टी की नीतियों को साझा करते हुए कार्यकर्ताओं को संगठित होकर कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मंगेश त्यागी ने कहा कि क्षेत्र का प्रत्येक कांग्रेसी कार्यकर्ता बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का परचम लहराने के लिए प्रतिबद्ध है। हम सभी के सामूहिक प्रयासों से बुराड़ी के लोगों के अधिकारों और हितों की लड़ाई को मजबूत करेंगे और लोगों के हितों के लिए हमेशा प्रयासरत रहेंगे। तो वहीं श्याम सिंह ने कहा कि क्षेत्रीय आप विधायक संजीव झा ने बुराड़ी क्षेत्र की जनता को बेवकूफ बनाने का काम किया है, पूरे दस सालों से बुराड़ी के लोग विकास की बांट जौं रहे है जो कि अभी तक नहीं हुआ है, लेकिन अब वक्त आ गया है कि बुराड़ी के लोग विधायक संजीव झा को बूरी तरह से हराकर उनको घर बैठाने वाले है। आइए, एकजुट होकर सुशासन और सच्चे विकास के लिए लड़ें एवं बुराड़ी में बदलाव लाएं।

## समावेशी स्वास्थ्य का रोड मैप तैयार करने के लिए मंत्रालय ने किया मंथन शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। समावेशी** स्वास्थ्य के लक्ष्यों की पूर्ति के लिए रोड मैप तैयार करने के मकसद से शनिवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंथन शिविर का आयोजन किया। इस बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने की। इस बैठक का उद्देश्य नागरिकों को सस्ती, आसानी से सुलभ, गुणवत्तापूर्ण, समावेशी और व्यापक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लक्ष्यों के लिए एक समग्र, अभिनव और प्रगतिशील रोड मैप तैयार करना है। जेपी नड्डा ने बैठक के बाद एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री के विकसितभारत 2047




का विजन न केवल हम सभी को मार्गदर्शन दे रहा है, बल्कि हमें ऐसे देश की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित भी कर रहा है, जहां नागरिकों को सस्ती, आसानी से सुलभ, गुणवत्तापूर्ण, समावेशी और व्यापक स्वास्थ्य सेवा मिले। इन लक्ष्यों के लिए एक समग्र, अभिनव और प्रगतिशील रोडमैप तैयार करने के उद्देश्य से, स्वास्थ्य मंत्रालय ने आज एक मंथन शिविर का आयोजन किया। उन्होंने जानकारी दी कि इस बैठक में वरिष्ठ नीति निमार्ताओं और कार्यान्वयन एजेंसियों ने इस मंथन में भाग लिया और देश के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में बदलाव, सुधार और ऊर्जा लाने वाले विभिन्न विषयों पर उत्साहपूर्वक बहस और चर्चा की।

## सांसद योगेन्द्र चंदोलिया ने दिल्ली सरकार के 10 सालों की कारगुजारियों और भ्रष्टाचार को किया उजागर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः उत्तर पश्चिमी** दिल्ली से भाजपा सांसद एवं प्रदेश महामंत्री योगेन्द्र चंदोलिया ने एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार ने पिछले 10 सालों में सिर्फ दिल्ली को बर्बाद करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की मासूम जनता के साथ आज भी केजरीवाल सिर्फ छलावा कर रहे हैं ताकि दिल्ली में कैसे भी करके विधानसभा चुनाव जीत सकें।
प्रेसवार्ता में जिला अध्यक्ष रामसिया शरण, प्रदेश प्रवक्ता शुभेन्दू शेखर




अवस्थी, सांसद प्रतिनिधि सुधीर धनखड़ उपस्थित थे। योगेन्द्र चंदोलिया ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के नेतृत्व में दिल्ली सरकार के खिलाफ जो मुहिम छेड़ी है आज उसका परिणाम है कि दिल्ली की सरकार हताश और अपनी हार को पहले से ही महूसस कर रही है। उत्तर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा में 10 विधानसभा हैं और उन सभी विधानसभाओं में अलग-अलग समस्या है, लेकिन आज कई बिंदु हैं जिसको लेकर दिल्ली की जनता पूरी तरह से परेशान है। योगेन्द्र चंदोलिया ने कहा कि देश के 33 राज्य जिस आयुष्मान योजना को लागू करते हैं, उस योजना को दिल्ली में लागू सिर्फ राजनीतिक द्वेष के साथ नहीं किया गया। केजरीवाल के मोहल्ला क्लीनिक में जानवरों का बसेरा है और फर्जी टेस्ट कराकर सिर्फ आंकड़े दिखाने का खेल सरकार कर रही है। स्वास्थ्य व्यवस्था की बात करने वाले केजरीवाल के अस्पतालों में ना एमआरआई मशीन है और लोगों को कई-कई महीनों तक लंबे डेट मिलते हैं।

## जहांगीरपुरी वार्ड में कई विकास कार्यों का हुआ उद्घाटन







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली के जहांगीरपुरी वार्ड में विधायक अजेश यादव की धर्मपत्नी आशा यादव और निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा द्वारा जहांगीरपुरी के आई और जे ब्लॉक में गलियों एवं नालियो के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर जानकारी देते हुए आप नेता सुरेश शर्मा ने बताया कि जहांगीरपुरी के जे ब्लॉक मकान नंबर 751 से 770, जे ब्लॉक 901 से 950 तक, जे ब्लॉक मकान संख्या 1051 से 1100 तक, जे ब्लॉक मकान संख्या 1181 से 1215 तक, जे ब्लॉक मकान संख्या 1901 से 1950, आई ब्लॉक मकान संख्या 401 से 450, आई ब्लॉक मकान संख्या 551 से 600 और आई ब्लॉक मकान संख्या 1401 से 1450 तक विकास कार्यों का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



सांसद बांसुरी स्वराज को जन्मदिन की बधाई देते हुए वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल।

# योगी सरकार ने हर जरूरतमंद के लिए तैयार किया रैन बसेरों का मजबूत तंत्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः कड़ाके** की सर्दी में अब कोई भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर नहीं होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूरे प्रदेश में रैन बसेरों और आश्रय स्थलों की सुविधाओं को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। इन व्यवस्थाओं का उद्देश्य ठंड के प्रकोप से हर जरूरतमंद व्यक्ति को बचाना और उनके लिए सुरक्षित व गरिमामय आश्रय प्रदान करना है। मुख्यमंत्री योगी ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है कि रैन बसेरों का संचालन पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया है कि कोई भी व्यक्ति खुले आसमान, डिवाइडर, सड़क की पटरी या पार्कों में सोने को मजबूर न हो।

प्रदेश में अब तक 1240 रैन बसेरों और आश्रय स्थलों को विकसित किया गया है, जहां ठंड से बचने के लिए सभी आवश्यक संसाधन मौजूद हैं। इसके साथ ही, तीन लाख से अधिक कंबल वितरित किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी ने यह भी निर्देश दिया है कि जरूरतमंदों तक कम्बल पहुंचाने में कोई कोताही न बरती जाए। **रैन बसेरों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजामः** रैन बसेरों में



महिलाओं की सुरक्षा और उनकी जरूरतों का विशेष ध्यान रखा गया है। आश्रय स्थलों में पर्याप्त रोशनी, स्वच्छता और अलाव की व्यवस्था की गई है। यह सुनिश्चित किया गया है कि महिलाएं रैन बसेरों में सुरक्षित महसूस करें और उनकी सभी आवश्यकताओं का ख्याल रखा जाए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि रैन बसेरों की स्थिति और अलाव की व्यवस्था की तकनीकी मॉनिटरिंग की जाए। राहत आयुक्त कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से रैन बसेरों, अलाव और कंबल वितरण की स्थिति पर सीधे संवाद किया जा रहा है। फीडबैक के आधार पर कमियों को तुरंत दूर करने का आदेश दिया गया है।

**रैन बसेरों की जानकारी सार्वजनिक करने का निर्देशः** योगी सरकार ने रैन बसेरों की जानकारी आम जन तक पहुंचाने के लिए नगर निगम को विशेष निर्देश दिए हैं। प्रत्येक जोन में रैन बसेरों की विस्तृत सूची प्रदर्शित की जा रही है। इसके अलावा, बस अड्डों और प्रमुख स्थलों पर लगे डिजिटल स्क्रीन पर भी रैन बसेरों की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।

इससे लोगों को आसानी से निकटतम रैन बसेरों की जानकारी मिल सकेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिलों को ठंड से निपटने के लिए पर्याप्त बजट का आवंटन किया गया है।

जिलाधिकारियों और नगर आयुक्तों को रैन बसेरों और अलाव की व्यवस्था का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# कोचिंग से निकल रहे छात्र को दबंगों ने बेरहमी से पीटा, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुरः रावतपुर** थाना अंतर्गत शुक्रवार की शाम कोचिंग सेंटर से निकल रहे छात्र को दबंगों ने बड़ी बेरहमी से पीटा । प्रत्यक्षदर्शियों ने जब इस घटना का विरोध करते हुए वीडियो बनाने लगे, तो दबंगों ने उनके साथ भी हाथापाई का करने का प्रयास किया। पीड़ित छात्र के पिता दबंगों के खिलाफ शिकायत लेकर थाने पहुंचे तो छात्रों के बीच हुई मारपीट का हवाला देते हुए थानेदार ने उन्हें भगा दिया। मारपीट का वीडियो वायरल होते ही एसीपी कल्याणपुर के आदेश पर दबंगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शिवनगर इलाके में रहने वाले नवल किशोर वर्मा का का बेटा दसवीं का छात्र है। रोज की तरह शुक्रवार शाम को वह मसवानपुर स्थित कोचिंग पढ़ने गया




था। कोचिंग क्लास के दौरान उसकी किसी छात्र से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। हालांकि कोचिंग क्लास खत्म होने के बाद वह जैसे ही बाहर निकला, तो उसे कुछ दबंग लड़कों ने पकड़ लिया। जब तक वह कुछ समझ पाता तब तक दबंगों ने उसे लात घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। छात्र की चीख पुकार सुनकर इलाकाई लोग बीच बचाव और घटना का वीडियो बनाने का प्रयास किया, तो दबंग लड़के उनके साथ भी भिड़ गए। पीड़ित छात्रा के पिता आरोप है कि जब वह शिकायत लेकर थाने पहुंचे तो थाना प्रभारी केके मिश्रा ने रिपोर्ट लिखने के बजाय परिजनों के साथ बदसलूकी कर उन्हें वापस भगा दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### वी ने सुपरहीरो के साथ अपने एन्युअल रीचार्ज पोर्टफोलियो को बनाया मजबूत

**गुरुग्राम।** जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने हाल ही में उद्योग जगत के पहले प्रपोजिशन सुपरहीरो का लॉन्च किया है, जो दोपहर 12 बजे से रात 12 बजे तक अनलिमिटेड डेटा का एक्सेस देता है। जिसे हाई-स्पीड डेटा की बढ़ती जरूरत को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। वे उपभोक्ता जो सालाना पैक या पैसा वसूल ऑफर्स चाहते हैं, उनके लिए वी लेकर आया है तीन सर्वश्रेष्ठ एन्युअल रीचार्ज। जो मंथली प्लान की तुलना में 25 फीसदी बचत के फायदे देते हैं, साथ ही साल भर बिना रूकावट मोबाइल डेटा और एंटरटेनमेन्ट का अनुभव भी प्रदान करते हैं। वी के एन्युअल रीचार्ज प्लान में दोपहर 12 बजे से रात 12 बजे तक अनलिमिटेड डेटा शामिल है, इसके अलावा दिन के शेष 12 घण्टे के लिए 2 जीबी डेली डेटा कोटा तो है ही। इतना ही नहीं, वी सुपरहीरो पैक वीकेंड डेटा रोलओवर के फायदे भी देता है, जिसके तहत यूजर सप्ताह के दिनां में बचे हुए डेटा को कैरी फॉरवर्ड कर सप्ताहान्त के दौरान इसे इस्तेमाल कर सकता है। इसके अलावा ये प्लान डेटा डिलाइट फीचर के साथ एमरजेन्सी डेटा टॉप-अप के फायदे भी देते हैं, जो महीने में दो बार बिना किसी शर्त के 1 जीबी अतिरिक्त डेटा देता है। कुल मिलाकर इन ढेरों फायदों वाला वी का एन्युअल सुपर हीरो पैक बेजोड़ फायदे लेकर आया है। इन सभी फायदों के अलावा, यूजर साल भर के लिए ओटीटी सब्सक्रिप्शन जैसे डिजनी प्लस हॉटस्टार और एमजान प्राइम लाईट का लाभ भी उठा सकते हैं। मात्र रु 10 प्रति दिन की कीमत पर उपलब्ध वी के एन्युअल सुपरहीरो पैक 25 फीसदी बचत के फायदे देते हैं, अगर मंथली रीचार्ज से तुलना करें तो यह तकरीबन रु 1100 है। ऐसे में यह उन सभी उपभोक्ताओं के लिए पैसा वसूल ऑफर है, जो एकमात्र रीचार्ज के साथ बचत और सुविधा दोनों के फायदे चाहते हैं।

### होंडा मोटरसाइकिल ने 2024 में 58,01,498 बाइक और स्कूटर की बिक्री की

**करनाल।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने आज दिसंबर 2024 में मोटरसाइकिल और स्कूटरों की बिक्री के आंकड़ों की घोषणा की।

दिसंबर 2024 में कंपनी ने भारत और दूसरे देशों में कुल मिलाकर 3,08,083 बाइक और स्कूटरों की बिक्री की। घरेलू बाजार में कंपनी ने 2,70,919 गाड़ियों की बिक्री की, जबकि 37,164 गाड़ियों का निर्यात किया गया।

गौरतलब है कि एचएमएसआई ने कैलेंडर वर्ष 2024 में जनवरी से लेकर दिसंबर तक 58,01,498 गाड़ियों की बिक्री की। पिछले वर्ष 2023 के मुकाबले इस साल बिक्री में 32 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। 2024 के पूरे वर्ष में घरेलू बाजार में 52,92,976 यूनिट्स की बिक्री हुई, जबकि 5,08,522 गाड़ियों का निर्यात किया गया।

**साल 2024 में एचएमएसआई की मुख्य विशेषताएं**

**रेड विंग बिजनेस में नए उत्पाद**

**इलेक्ट्रिक वाहन :** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र में एक्टिवा ीः और दउ1 के लॉन्च के साथ मोबिलिटी के नए युग की शुरूआत की। इन इलेक्ट्रिक स्कूटर्स की बुकिंग 1 जनवरी 2025 से शुरू हो चुकी है, और इनकी डिलीवरी फरवरी 2025 से शुरू होगी। इन सभी नए इलेक्ट्रिक स्कूटर्स की कीमत का खुलासा इस महीने के अंत में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में किया जाएगा।

OBD2B मानक वाले उत्पादः अपने उपभोक्ताओं को और अधिक खुशियां देने के लिए एचएमएसआई ने आधुनिक खूबियों के साथ एक्टिवा 125, रढ125, रढ160 और यूनिकॉर्न के कॉम्प्लाएंट मॉडलों को लॉन्च किया।

**होंडा की प्रीमियम मोटरसाइकिल बिजनेस बिगविंग**

**नए उत्पाद : एचएमएसआई** ने ऑल-न्यू ठ500' एडवेंचर टूरर को लॉन्च किया। ठ500 का मतलब है 'न्यू एक्स-ओवर', जिसे तरह-तरह के रास्तों पर राइडर्स को शानदार अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह बाइक हर तरह की सड़कों, घुमावदार सड़कों से लेकर ऊबड़-खाबड़ पथरीले रास्तों और लंबी दूरी के सफर में बेहतरीन प्रदर्शन करती है।

### मैं सोनेलाल पटेल की बेटी हूं, आशीष पटेल का डटकर मुकाबला करूंगीः पल्लवी

**लखनऊः अपना** दल कमेरावादी की नेता एवं विधायक पल्लवी पटेल ने शनिवार को पत्रकारों से कहा कि आशीष पटेल की आज भी कोई राजनीतिक पहचान है तो उनके पिता स्वर्गीय सोनेलाल पटेल के नाम से है। मैं सोनेलाल की बेटी हूं, भ्रष्टाचार के मामले में मंत्री आशीष पटेल का डटकर मुकाबला करूंगी। पल्लवी पटेल ने कहा कि वह एक बार फिर से दोहरा रही है।

## लेखपाल संघ ने तहसील में प्रदर्शन किया

**कौशांबीः मंझनपुर** तहसील में लेखपाल संघ ने धरना देकर शनिवार को प्रदर्शन किया। लेखपालों के प्रदर्शन ने संपूर्ण समाधान दिवस पूरी तरह से प्रभावित रहा। लेखपाल संघ ने एक दिवसीय प्रदर्शन कर एंटी करप्शन टीम के उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाई। इसके अलावा लेखपाल हत्याकांड के जांच सीबीआई से कराए जाने की मांग की है। मंझनपुर तहसील परिसर में लेखपाल संघ ने नारेबाजी कर एंटी करप्शन व सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया है। लेखपाल संघ की मांग है कि प्रदेश में लेखपाल साथियों को एंटी करप्शन टीम झूठे व षड्यंत्र रचकर बेवजह परेशान कर रही है।

# यूपी में हॉस्पिटैलिटी और इससे जुड़े सेक्टर्स में बढ़े रोजगार के अवसर

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः उत्तर** प्रदेश में पर्यटन के साथ हॉस्पिटैलिटी सेक्टर भी बूम पर है। हॉस्पिटैलिटी और इससे जुड़े सेक्टर्स में लगातार रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। पर्यटकों की बढ़ती संख्या के नाते स्वाभाविक रूप से उत्तर प्रदेश सर्वाधिक लाभान्वित राज्य है। ग्लोबल हायरिंग इनडीड की एक रिपोर्ट के अनुसार 2023 में टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर की रिक्तियों में 50 फीसद की वृद्धि देखी गई। अगले कुछ वर्षों तक इसमें 24 फीसद तक की और वृद्धि संभव है। इसका स्वाभाविक लाभ अयोध्या, वाराणसी, ब्रज और जेवर आदि और इनके आसपास के शहरों को मिलेगा। मसलन, राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होने



के बाद से ही अयोध्या हॉस्पिटैलिटी सेक्टर का पसंदीदा स्थल बन कर उभरा है। कई नामचीन ब्रांड वहां होटल बनाने को लालायित हैं। ताज सहित दो दर्जन से अधिक होटलों के निर्माण को मंजूरी मिल चुकी है। स्थानीय होटल भी अपनी क्षमता के अनुसार अपनी प्रॉपर्टी के विस्तार और बेहतरी में लगे हैं। अयोध्या तो इसका उदाहरण मात्र है। पर्यटकों की पसंद की अन्य जगहों पर भी कमोबेश यही स्थित है। एशिया का सबसे बड़ा जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी तेजी से हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के पसंदीदा स्थल के रूप में उभरा है।

**सीएम योगी की मंशा पर्यटन को जन उद्योग बनाने कीः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा तो पर्यटन को स्थानीय लोगों से जोड़कर इसे जन उद्योग बनाने की है। इसीलिए वह प्रयागराज के महाकुंभ और मकर संक्रांति से लेकर करीब महीने भर तक गोरखनाथ मंदिर परिसर में चलने वाले खिचड़ी मेले तथा ऐसे ही अन्य अवसरों के लिए कह चुके हैं कि स्थानीय लोग पर्यटकों, श्रद्धालुओं की सेवा सत्कार से इसे ब्रांड बनाएं। सरकार अपनी ओर से इस बाबत जो संभव है, वह कर रही है। प्रदेश में हॉस्पिटैलिटी और टूरिज्म के सेक्टर में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए योगी सरकार अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी सहित प्रदेश के अन्य बड़े शहरों में होटल्स के निर्माण में कुछ और छूट देने की भी सोच रही है। जगह के मानकों को लेकर कुछ छूट दी भी गई है। होम स्टे को भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

**क्या कहते हैं इंडस्ट्री के लोगः** आईटीसी मौर्या नई दिल्ली में वैंक्वेट मैनेजर रहे भव्य मल्होत्रा के मुताबिक प्रति कमरा, तीन सर्विस प्रोवाइडर किसी अच्छे होटल के लिए आदर्श स्थिति होती है। इसमें फ्रंट ऑफिस, हाउस कीपिंग, फूड एंड बेवरेज, लाउंड्री, फाइनेंस, एचआर, हॉर्टिकल्चर, सेल्स आदि विभाग होते हैं।

# पहली बार देख रहा हूं, जब मंत्री को एसटीएफ से खतरा होः अजय राय

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः प्रदेश** सरकार के मंत्री पर लगातार भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं। मंत्री मंच से कहते हैं कि एसटीएफ पैर में नहीं सीने में गोली मारे। एसटीएफ के चीफ मुख्यमंत्री के बहुत खास हैं। अभी तक एनकाउंटर के नाम पर गुंडों को धमकाया जाता था लेकिन ऐसा पहली बार हो रहा है कि प्रदेश सरकार के मंत्री को धमकाया जा रहा है। ये बातें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कही। उन्होंने प्राविधिकी शिक्षा मंत्री के बयान पर प्रदेश सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वह अपने राजनीतिक करियर में ऐसा पहली बार देख रहे हैं, जब सरकार के मंत्री को ही एसटीएफ से खतरा हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश में फर्जी एनकाउंटर हो रहे हैं, घोटाले हो रहे हैं। मैं मंत्री आशीष पटेल से निवेदन करता हूं कि वह तत्काल मंत्री पद से इस्तीफा दें। हम सभी उनका स्वागत करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अभी तक तो फर्जी एनकाउंटर किए जाते थे। अब सरकार अपने मंत्रियों की भी आवाज एसटीएफ के बलबूते दबा रही है। अगर सपा विधायक पल्लवी पटेल के आरोप सही हैं तो सरकार आशीष पटेल को बर्खास्त करे। दो अधिकारी मीडिया के काम में हस्तक्षेप कर रहे हैं। यह दोनों अधिकारी बाबू साहब हैं और सीएम के खास हैं।

अजय राय ने यह भी आरोप लगाया कि जल जीवन मिशन में 31,303 करोड़ रुपए का घोटाला किया गया है। आगे महाकुंभ का घोटाला भी सबके सामने आएगा। सारा कार्य गुजराती कंपनियों को दिया जा रहा है। यहां के लोगों को काम सब ठेकेदार के तौर पर दिया गया है। केवल छोटे-छोटे काम पेटी कॉन्टैक्टर के तौर पर कर रहे हैं।

## जीएमआर एमएमयू वैन को जिलाधिकारी ने सफेद झण्डी दिखाकर किया रवाना

**वाराणसीः जिलाधिकारी** एस. राजलिंगम ने शनिवार को जीएमआर एमएमयू वैन को सफेद झंडी दिखाकर रवाना किया। जीएमआर वरलक्ष्मी फाउंडेशन की ओर से संचालित एमएमयू (मोबाईल मेडिकल यूनिट प्रोग्राम) मोबाइल वैन वृद्ध और स्वास्थ्य सुविधा पहुंच के बाहर वाले समुदाय के लोगों को लक्षित करती है। उन्हें उनके दरवाजे तक मुफ्त ओपीडी सुविधा, मेडिकल कंसल्टेशन, गुणवत्तायुक्त दवाएं, बीपी और ब्लड शुगर टेस्ट, रेफरल सर्विस, स्वास्थ्य जागरूकता मुहैया कराती है। प्रत्येक एक सप्ताह में 10 कैम्प भी लगाए जाते हैं।

# प्रेम विवाह के तीन माह बाद पति-पत्नी ने कर ली आत्महत्या



**बलियाः रेवती थाना** क्षेत्र में एक महिला और उसके पति ने शादी के महज तीन माह बाद ही मौत को गले लगा लिया है। इस आत्महत्या को लेकर इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। रेवती थाना क्षेत्रांर्गत कुंआ पीपर क्रासिंग के पास रेलवे ट्रैक पर दो दिसम्बर को एक शव मिला था। स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच कर स्थानीय लोगों के साथ पहचान किया तो पता चला कि उसका नाम रितेश यादव है, जो रेवती का ही रहने वाला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। उधर, उसी दिन कस्बे के रहने वाले एक मकान मालिक ने सूचना दी कि उनके यहां रहने वाली नितू सिंह नाम की महिला ने दुपट्टे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली है। उसके शव को भी पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

दो अलग-अलग स्थानों पर दो युवा प्रेमियों की मौत पहले तो पुलिस के लिए पहेली बन गई। हालांकि, पुलिस को यह पता

**पोस्टमार्टम**

**⏩ रेवती थाना क्षेत्रांर्गत कुंआ पीपर क्रासिंग के पास रेलवे ट्रैक पर दो दिसम्बर को एक शव मिला था।**

चलते देर नहीं लगी कि रितेश व नीतू की यह मौत सामान्य नहीं है। अपर पुलिस अधीक्षक कृपाशंकर ने शनिवार सुबह बताया कि रितेश व नितू दोनों ने प्रेम विवाह किया था। परिजनों द्वारा स्वीकार नहीं किए जाने के कारण दोनों रेवती के कस्बे में किराए के मकान में रहते थे। शादी के महज तीन महीने में ही दोनों में अनबन होने लगी, जिसकी परिणति दोनों की मौत के रूप में सामने आई। इस संबंध में परिजनों की ओर से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। दोनों ने अलग-अलग स्थानों पर आत्महत्या कर लिया, जिसकी जांच की जा रही है।

# महाकुंभः विकल्प के तौर पर तैयार हो रहा है 426 मीटर लंबा स्टील

## तय सीमा में तैयार नहीं हो सका फाफामऊ-प्रयागराज छह लेन पुल

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुंभनगरः फाफामऊ** और प्रयागराज के बीच गंगा नदी पर छह लेन का पुल बनाया जाएगा। यह संगन नगरी के साथ-साथ अन्य जिलों के लोगों के लिए भी राहत भरी खबर है। 26 नवंबर 2020 से गंगा नदी पर 9.9 किलोमीटर लंबे देश के दूसरे सबसे बड़े छह लेन ब्रिज को बनाने का काम शुरू हुआ। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसका शिलान्यास किया था। शिलान्यास के समय इसकी कुल लागत 980.77 करोड़ रुपये तय

**संगन नगरी**

**⏩ सिक्स लेन पुल इस पुल को केबल और बॉक्स के जरिए, जर्मन टेक्नोलॉजी से बनाया जा रहा है**

की गई थी। पुल की कुल लंबाई 9.9 किलोमीटर है। जर्मन तकनीक केबल और बॉक्सेस से बनने वाले देश के आधुनिकतम पुलों में से एक इस पुल के निर्माण के लिए 3 साल का लक्ष्य तय किया गया था लेकिन ये तय समय में पूरा नही हो पाया। विकल्प के तौर पर महाकुंभ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए स्टील के पुल का निर्माण अंतिम चरण में है। 426 मीटर लंबा और 16 मीटर चौड़ा ये स्टील ब्रिज गंगा नदी पर बन रहे 6 लेन ब्रिज के समानांतर बन रहा है। इस स्टील ब्रिज को कुंभ मेले के खत्म होते ही समाप्त कर दिया जाएगा।

**जर्मन टेक्नोलॉजी से बन रहा पुलः** फाफामऊ और प्रयागराज के बीच गंगा नदी पर छह लेन का पुल मलाका से शहर के त्रिपाठी चौराहे तक बनाया जा रहा है। इसमें करीब 4 किमी का पुल गंगा नदी पर बनना था। ये पुल एन-19 भदरी गांव (मलाका) से शुरू होकर गंगा नदी पार कर शहर के त्रिपाठी चौराहा तक बन रहा है। गंगा पर बनने वाला 9.9 किलोमीटर लंबा यह इकलौता पुल होगा, जिसे अत्याधुनिक तकनीकी से बनाया जा रहा है। मलाक हरहर से निकलकर यह पुल स्टेनली रोड पर जाकर समाप्त होगा। जर्मन टेक्नोलॉजी से बन रहा सिक्स लेन पुल इस पुल को केबल और बॉक्स के जरिए, जर्मन टेक्नोलॉजी से बनाया जा रहा है।

# ट्रैफिक पुलिस के दरोगा को तेज रफ्तार कार ने कुचला, मौके पर मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबादः दिल्ली से** सटे गाजियाबाद के टेल्को पॉइंट के पास एक तेज रफ्तार कार ने ट्रैफिक पुलिस के दरोगा को टक्कर मार दी। जिससे दरोगा की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दरोगा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दुखद घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस के मुताबिक दरोगा का नाम प्रदीप कुमार (47) पुत्र राम लखन था। वह दिल्ली स्थित

**रफ्तार**

**⏩ पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है । अभी तक कार का सुराग नहीं लग सका है**

त्रिलोकपुरी में अपने परिवार के साथ रहते थे। उनकी ड्यूटी गाजियाबाद में थी। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक प्रदीप कुमार 1998 में सिपाही के रूप में उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती हुए थे । उसके बाद प्रमोशन पाकर दरोगा बन गए थे । उनकी ड्यूटी हापुड़ चुंगी पर थी लेकिन शुक्रवार को उनकी ड्यूटी मुरादनगर में लगाई गई थी। वह मुरादनगर से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही दिल्ली की सीमा से पहले टेल्को पॉइंट के पास पहुंचे तभी पीछे से उन्हें तेज रफ्तार कार टक्कर ने मार दी। पुलिस का कहना है कि इस कार पर पीले रंग की नंबर प्लेट लगी हुई थी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है । अभी तक कार का सुराग नहीं लग सका है।

# विद्यालय के सेफ्टी टैंक के गड्ढे में गिरी मासूम बच्ची की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसीः बड़ागांव** थाना क्षेत्र के सातों महुआ स्थित एक विद्यालय (आश्रम) के सेफ्टी टैंक के लिए खोदे गए गड्ढे में शनिवार को दो वर्षीय बच्ची गिर गई। जब तक बच्ची को गड्ढे से निकाला जाता उसकी मौत हो गई। हादसे की जानकारी पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सातो महुआ में पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय चलता हैं । विद्यालय में जनपद चंदौली के पाण्डेयपुर पचोखर निवासी संतोष पांडेय काम करते है। संतोष अपने परिवार के साथ विद्यालय परिसर में ही रहते हैं। संतोष की बेटी निधि अभी ठीक से चल भी नही पाती थी। बच्ची खेलते-खेलते किसी तरह खुले सेफ्टी टैंक के पास पहुंच गई। बालसुलभ चंचलता में बच्ची अचानक फिसल कर गड्ढे में गिर गई। वहां मौजूद बच्चों ने देखा तो शोर मचाया।

शोर सुनकर विद्यालय का एक कर्मचारी वहां पहुंचा और किसी तरह बच्ची को गड्ढे से बाहर निकाला। तब तक बच्ची के परिजन भी वहां पहुंच गए। परिजन बच्ची को लेकर आनन-फानन में निकट स्थित अस्पताल पहुंचे।

# सरकारी अस्पतालों में खुले रैन बसेरों ने लोगों को दिया बड़ी राहत

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः लखनऊ** में सरकारी अस्पतालों के मरीजों के परिजनों को रात गुजारने के लिए रैन बसेरों का सहारा मिल गया है। सरकारी अस्पतालों में खुले रैन बसेरो ने ठंडक में लोगों को बड़ी राहत दे दिया है। सरकारी अस्पतालों में रैन बसेरों का ज्यादा कर संचालन प्राइवेट सामाजिक संस्थाएं कर रही हैं। बलरामपुर अस्पताल में जिंदल परिवार के सहयोग से रैन बसेरा का संचालन हो रहा है। रैन बसेरा के भीतर कार्यरत खुर्शीद ने बताया कि जिंदल परिवार

**सहारा**

**⏩ मेडिकल यूनिवर्सिटी में प्रति दिन हजारों की संख्या में मरीजों को दिखाने के लिए लोगों का पहुंचना होता है**

सामाजिक कार्यो को कराने के लिए प्रत्येक वर्ष रैन बसेरो का संचालन कराता है। सरकारी अस्पतालों में जिंदल परिवार के रैन बसेरों का संचालन लोगों को दिन रात रूकने की व्यवस्था देते हैं। उन्होंने बताया कि **टीम एक्शन इंडिया**रैन बसेरों में गद्दे रजाई एवं गरम पानी की व्यवस्थाओं को दिया जाता है। रैन बसेरे को ठंड एवं वर्षा से बचाने जैसा निर्मित कराया जाता है। जिससे किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने पाये। बलरामपुर अस्पताल में बने रैन बसेरे में प्रत्येक दिन तीस से चालिस संख्या में जरूरतमंद लोग रूकते हैं। जिनसे कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। मरीजों के रात में रूकने की कठनाईयों को देखते हुए प्राइवेट संस्थाओं ने रैन बसेरो का संचालन आरम्भ किया है।





फास्ट न्यूज

## पंचायत से संसद 2.0 का आयोजन करेगा राष्ट्रीय महिला आयोग

**नई दिल्ली।** अनुसूचित जनजातियों से निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों को संसद में लाने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग पंचायत से संसद 2.0 की शुरूआत करने जा रहा है। लोकसभा सचिवालय और जनजातीय मामलों के मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किए जाने वाले विशेष कार्यक्रम पंचायत से संसद 2.0 में देश भर से 500 निर्वाचित महिला प्रतिनिधि भाग लेंगी। यह कार्यक्रम 6 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। शनिवार को राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने अपने आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि संसद के सेंट्रल हॉल में आयोजित होने वाले इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में देश के 22 राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाली अनुसूचित जनजातियों की 500 निर्वाचित महिला प्रतिनिधि भाग लेंगी। यह कार्यक्रम एक ऐतिहासिक होगा। यह सम्मानित आदिवासी नेता और स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के मौके पर भी आयोजित हो रहा है। उनकी स्थायी विरासत का सम्मान करते हुए, यह कार्यक्रम आदिवासी महिला नेताओं की नेतृत्व क्षमताओं को मजबूत करने और उन्हें अपने समुदायों में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सशक्त बनाने का प्रयास है।

## व्यापारियों को गुमराह कर रही है दिल्ली सरकार: विजेंद्र गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी पर दिल्ली के व्यापारियों को झूठ बोलकर उन्हें गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि आतिशी दिल्ली के जिन बाजारों के कायाकल्प का वादा कारोबारियों से कर रहीं हैं, वो कभी पूरा होने वाला नहीं है, क्योंकि आआपा झूठे वादे करने वाली सरकार है। इस सरकार ने 2022 के बजट में दिल्ली के पांच बाजारों का कायाकल्प करने का वादा किया था जिसे तीन साल बाद भी सरकार ने पूरा नहीं किया।

# अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को न हो असुविधा: सीएम

### मुख्यमंत्री ने प्रयागराज महाकुम्भ-2025 के दौरान अयोध्या में की गई तैयारियों की भी समीक्षा की

समीक्षा की

▸▸ सीएम योगी ने क्लाउड मैनेजमेंट, आश्रय स्थल, सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में ली जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्या:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को भाजपा कार्यकताओं से बैठक के उपरांत प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज के सभागार में जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ-2025 के दौरान अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, क्लाइड मैनेजमेंट, आश्रय स्थल आदि को लेकर जानकारी हासिल की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ-2025 में 40-45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसमें से अधिकांश श्रद्धालु अयोध्या भी आएंगे। यहां श्रद्धालु रामलला, हनुमानगढ़ी, सूर्यकुंड समेत अनेक मंदिरों व स्थलों पर दर्शन करेंगे। स्थानीय प्रशासन दर्शनार्थियों की सुरक्षा, क्लाउड मैनेजमेंट, दर्शन-पूजन, आश्रय स्थल आदि को लेकर सारी तैयारी पूर्ण कर ले। ठंड के मौसम में किसी भी श्रद्धालु को यहां परेशानी नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता पर जोर दिया। साथ ही कहा कि यहां अलाव आदि की भी समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। मंडलायुक्त गौरव दयाल ने महाकुम्भ-2025 के संबंध में अयोध्या में होने वाली तैयारियों को लेकर प्रस्तुतिकरण भी दिया गया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए।



### इमरजेंसी प्लान भी तैयार

**जल** पुलिस के जवान 2 किमी. लंबी रिवर लाइन से भी लैस हैं, जो यमुना में ट्रैफिक कंट्रोल में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसके अलावा उन्हें 100 डाइविंग किट, 440 लाइफबॉय, 3 हजार से ज्यादा लाइफ जैकेट, 415 रेस्क्यू ट्यूब, 200 थ्रो बैग विद रोप, 29 टॉवर लाइट सिस्टम, एक अंडर वाटर ड्रोन और एक सोनाल सिस्टम से लैस किया गया है। ये सभी अत्याधुनिक उपकरण जल पुलिस के जवानों को तटों की सुरक्षा के साथ-साथ जल में होने वाली हर तरह की गतिविधि की निगरानी और सुरक्षा में सक्षम बनाता है। महाकुम्भ उत्तर प्रदेश जल पुलिस, पीएसी एवं एसडीआरएफ के लिए बहुत बड़ा अवसर है। इस दौरान संगम व अन्य क्षेत्रों की सुरक्षा और निगरानी हम सबकी जिम्मेदारी है।

## अत्याधुनिक उपकरणों से हो रही 'संगम' की सुरक्षा और निगरानी

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भ नगर:** महाकुम्भ में आस्था की डुबकी लगाने आ रहे करोड़ों श्रद्धालुओं की सुरक्षा योगी सरकार की प्राथमिकता में है। इसी क्रम में गंगा और यमुना नदियों की सुरक्षा और निगरानी के लिए बड़ी संख्या में जल पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। इन जवानों को अत्याधुनिक उपकरणों से भी लैस किया गया है। अंडर वाटर ड्रोन और सोनार सिस्टम जैसे इक्विपमेंट्स के माध्यम से जल पुलिस संगम के चप्पे चप्पे पर निगरानी कर रही है। लाइफबॉय और एफआरपी स्पीड मोटर बोट जैसे इक्विपमेंट्स आपातकालीन परिस्थितियों में सहायक होंगे। किसी भी तरह की आपदा से निपटने के लिए वेल ट्रेन्ड जल पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं।

**पर्याप्त मात्रा में जल पुलिस के जवान तैनात :** जल पुलिस योजना के तहत अब तक करीब 2500 जवान तटों की सुरक्षा के लिए तैनात कर दिए गए हैं। तीन जल पुलिस स्टेशन बनाए गए हैं जो श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 24 घंटे तत्परता से कार्यरत हैं। तटों पर सुरक्षा की मॉनीटरिंग जल पुलिस के कंट्रोल रूम से की जा रही है, जबकि पूरे मेला क्षेत्र में 17 जल पुलिस सब कंट्रोल रूम भी स्थापित किए गए हैं। इस मैनपावर में मेले की शुरूआत से पहले और इजाफा किया जाएगा और इसमें करीब 1300 जल पुलिस के जवान और जुड़ जाएंगे। इस तरह मेले के दौरान कुल मिलाकर 3800 जल पुलिस के जवान तटों की सुरक्षा में मुस्तैद रहेंगे।

**अत्याधुनिक उपकरणों से किया गया लैस :** तटों की सुरक्षा के लिए योगी सरकार ने जल पुलिस के जवानों को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस किया है। 8 किमी. क्षेत्र में डीप वॉटर बैरीकेडिंग की गई है। 2 फ्लोटिंग रेस्क्यू स्टेशन बनाए गए हैं, जहां किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए जवानों की तैनाती की गई है। इसके अलावा संगम क्षेत्र की सुरक्षा के लिए 11 एफआरपी स्पीड मोटर बोट तैनात की गई हैं। 6 सीटर इस बोट में जवान हर समय संगम क्षेत्र की निगरानी करते नजर आ रहे हैं।

## गोलीकांड के बाद सीएम से मिले लखीमपुर खीरी के छह विधायक



शिष्टाचार भेंट

▸▸ भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि यह मुख्यमंत्री के साथ शिष्टाचार भेंट थी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखीमपुर खीरी:** कस्ता से भाजपा विधायक सौरभ सिंह सोनू पर जानलेवा हमले के बाद लखीमपुर खीरी जिले के छह विधायकों ने शनिवार को सुबह लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि यह मुख्यमंत्री के साथ शिष्टाचार भेंट थी। जिले के विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री के साथ चर्चा हुई है। इसमें मुख्य रूप से गोला गोकर्णनाथ में निर्माण कराए जा रहे छोटी काशी शिव मंदिर कॉरिडोर को लेकर बात हुई। जल्द ही मुख्यमंत्री का लखीमपुर में दौरा भी लगेगा। उन्होंने बताया कि कस्ता विधायक के साथ हुई घटना को लेकर मुख्यमंत्री से कोई भी बात नहीं हुई है। क्योंकि इस विषय पर एक दिन पहले ही गृह सचिव से वार्ता हो चुकी है। उन्होंने कार्रवाई का आश्वासन दिया था। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह के साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात करने सदर विधायक योगेश वर्मा, धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी, श्रीनगर विधायक मंजू त्यागी, निघासन विधायक शशांक वर्मा, गोला गोकर्णनाथ के विधायक अमन गिरि और कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू पहुंचे थे।

## बीड सरपंच हत्याकांड की जांच जारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**बीड:** महाराष्ट्र की बीड जिले में सरंपच संतोष देशमुख के हत्या के मामले में नांदेड़ जिले से पकड़ा गया एक 'डॉक्टर' पुलिस के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित हुआ, जिसने पुलिस को बीड के सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड में वांछित दो आरोपियों तक पहुंचाया।

**संतोष देशमुख की हत्या के चार हफ्ते बाद गिरफ्तारी**

बीड पुलिस की एक टीम ने सुदर्शन चंद्रभान घुले और सुधीर सांगले को पुणे से गिरफ्तार किया, यह घटना मासाजोग के सरपंच संतोष देशमुख के अपहरण और हत्या के चार हफ्ते बाद हुई।




फिलहाल इस अपराध के पीछे का सटीक मकसद पता लगाया जा रहा है। मामले में बीड पुलिस के सूत्रों ने बताया, 'जांच के दौरान सुदर्शन घुले के साथ उनके कथित संबंधों के सामने आने के बाद पुलिस ने डॉ. संभाजी वैभासे की गतिविधियों पर नजर रखी।' नाम न बताने की शर्त पर एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि डॉ. संभाजी वैभासे को पूछताछ के लिए नांदेड़ से लाया गया, जिससे पुलिस आरोपी सुदर्शन घुले और सुधीर सांगले तक पहुंच गई। फिलहाल, पूछताछ के बाद पुलिस ने डॉ. संभाजी वैभासे को हत्या के मामले की जांच कर रही सीआईडी को सौंप दिया।






## पराली के बदले गोवंश खाद दे रही योगी सरकार

अनूठी पहल

▸▸ पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए योगी सरकार ने उठाया कदम

**टीम एक्शन इंडिया**

लखनऊः योगी सरकार पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। यही वजह है कि पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश में पराली जलाने की घटनाओं में बेतहाशा कमी आयी है। योगी सरकार ने किसानों के हित में अनूठी पहल शुरू की है, जिसमें पराली जलाने की घटनाओं को रोकने और किसानों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से 'पराली के बदले गोवंश खाद' योजना चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह अभिनव अभियान प्रदेश में किसानों की आय बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में किया जा रहा खाद का उपयोग**

प्रदेश में हर वर्ष फसलों की कटाई के बाद पराली जलाने की समस्या बढ़ जाती थी, जिससे वायु प्रदूषण गंभीर रूप से प्रभावित होता है। इसे रोकने के लिए योगी सरकार ने 28 अक्टूबर से 'पराली के बदले गोवंश खाद' अभियान का संचालन किया। अभियान के दौरान प्रदेश में 2,90,208.16 कुंतल पराली एकत्रित की गई और किसानों को इसके बदले 1,55,380.25 कुंतल गोवंश खाद वितरित की गई। इस खाद का उपयोग जैविक खेती और मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में किया जा रहा है।

## अभियुक्त को गिरफ्तार करने गई पुलिस पर जानलेवा हमला

**टीम एक्शन इंडिया**

**दरभंगा: बिहार में** दरभंगा जिले के लहेरियासराय थाने की पुलिस पर स्थानीय लोगों द्वारा जानलेवा हमला किया गया। इसमें दो दारोगा सहित एक सिपाही गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। हमले के दौरान सब इंस्पेक्टर आरके दूबे और अमित कुमार से सरकारी पिस्टल भी छीनने का प्रयास किया गया। हमले में घायल सिपाही नीतीश कुमार की हालत गंभीर बताई जा रही है।

विकास पर बल — सीएम ने गोपालगंज में गांवों का भ्रमण कर विकास योजनाओं की भी समीक्षा किया

## सीएम नीतीश कुमार ने गोपालगंज वासियों को दिया नए तोहफा

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना:** नये साल के चौथे दिन यानी शनिवार को सीएम नीतीश कुमार ने गोपालगंजवासियों को बड़ी सौगात दी है। सीएम ने गोपालगंज में गांवों का भ्रमण कर विकास योजनाओं की भी समीक्षा किया। उन्होंने गोपालगंज को 138 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात की है। उन्होंने 61 योजनाओं का उद्घाटन भी किया। मुख्य रूप से सिधवलिया में 21 करोड़ 60 लाख की लागत से बने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का उद्घाटन किया है। इसके बाद सीएम नीतीश कुमार की ओर से कहा गया कि बिहार सरकार ने गोपालगंज जिले में विकास का काफी काम कराया है फिर भी जो कुछ छूट गया है या कमी रह गयी है उसे पूरा किया जायेगा। सीएम नीतीश कुमार ने बताया कि गन्ना किसानों की मांग है कि उन्हें गन्ने के अच्छे दाम दिये जाये। हमने निर्णय लिया हैं कि गन्ने के दाम में 20 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोत्तरी की जायेगी। इसमें से 10 रुपये प्रति क्विंटल की बढोत्तरी की जा चुकी है। शेष 10 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोत्तरी और की जायेगी जिसका खर्च राज्य सरकार वहन करेगी।



**10 लाख लोगों को जिला मुख्यालय आने-जाने में काफी सुविधा होगी**

इधर, भ्रमण के दौरान उचकागांव प्रखंड के सलेमपट्टी गांव में लोगों ने आवागमन की समस्या के बारे में बत्ताया। इसके निराकरण के लिए मीरगंज बाजार के बाईपास का निर्माण कराया जायेगा। इससे जिले के विजयीपुर, भोरे, कटेया, फुलवरिया एवं पंचदेवरी प्रखंडों के लगभग 10 लाख लोगों को जिला मुख्यालय आने-जाने में काफी सुविधा होगी। साथ ही मीरगंज बाजार में जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी। भ्रमण के दौरान तुरकाहा गांव में लोगों ने निराकरण के लिए एन.एच-27 से, ग्राम जाम की गंभीर समस्या बताया गया।